डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

ज्येष्ठ कृष्ण पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), शनिवार, 25 मई 2024, वर्ष-30, अंक-216, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com









**सेंसेक्स**
75,410.39 ▲ -7.65

**डॉलर**
83.083 ▲ -0.206

**पलामू सर्राफा**
10 ग्राम 71,850
01 किलो 91,120

# रांची, गिरिडीह, जमशेदपुर और धनबाद में वोटिंग आज

- 93 उम्मीदवारों के भाग्य का फैसला करेंगे 82 लाख मतदाता
- 8963 बूथ बनाए गए हैं, इनमें 3351 शहरी और 5612 बूथ ग्रामीण इलाके में
- 186 बूथों पर महिलाएं और 22 बूथ युवा संभालेंगे, वहीं 15 यूनिक बूथ हैं
- 290 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं चारों लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य की चार लोकसभा सीटों गिरिडीह, धनबाद, रांची और जमशेदपुर के लिए शनिवार को मतदान होगा। इसे लेकर पोलिंग पार्टी और सुरक्षा बलों ईवीएम, वीवीपैट के साथ मतदान केंद्र पर रवाना कर दिया गया है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि ने बताया कि बूथों पर मतदानकर्मी पहुंच गये हैं। सभी बूथ पर पारा मिलिट्री फोर्स की तैनाती की गयी है। कई बूथें के लिए पोलिंग पार्टी व सुरक्षा बलों को हेलीड्राप किया गया। सभी सीटों पर मतदान शनिवार सुबह सात बजे से शाम पांच बजे तक वोट डाले जाएंगे। उपरोक्त चारों सीटों पर कुल 93 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। चुनाव आयोग ने मतदान की तैयारियां पूरी कर ली है। उन्होंने बताया कि राज्य के चौथे चरण में सभी चरणों से अधिक 82,16,506 मतदाता हैं। इनमें 42,06,926 पुरुष और 40,09,290 महिला मतदाता हैं। इनमें 02 लाख 44 हजार फर्स्ट टाइम वोटर हैं। इसमें सर्वाधिक 22,85,237 मतदाता धनबाद संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में हैं। जबकि, सबसे कम 18,64,660 मतदाता गिरिडीह संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में हैं। उन्होंने बताया कि कुल 8963 बूथ बनाए गए हैं। इनमें 3351 बूथ शहरी क्षेत्र में और 5612 बूथ ग्रामीण इलाके में हैं। कुल 186 बूथों पर महिलाएं और 22 पर युवा व्यवस्था संभालेंगे। वहीं 15 यूनिक बूथ हैं, जिसे विशेष तरह से विकसित किया गया है। इस चरण के चुनाव में कुल 290 थर्ड जेंडर के मतदाता हैं।




## सभी बूथों पर वेब कास्टिंग से रखी जाएगी नजर

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा है कि चार संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों के सभी 8963 बूथों पर कंट्रोल रूम से वेब कास्टिंग से नजर रखी जाएगी। यही जिम्मेदारी जिला निर्वाचन पदाधिकारी अपने कंट्रोल रूम से निभाएंगे। हर बूथ के भीतर और बाहर 4-डी कैमरे लगे हैं। सभी बूथों पर प्राथमिक सुविधाएं बहाल की गयी हैं। निर्वाचन आयोग वेब कास्टिंग की मदद से वोटिंग स्पीड की भी मॉनिटरिंग करेगा और जरूरत के अनुसार मतदानकर्मियों को निर्देशित किया जाएगा।

## स्पीडी वोटिंग के लिए दिया गया है ट्रेनिंग

स्पीडी वोटिंग के लिए मतदानकर्मियों को ट्रेनिंग भी दी जा चुकी है, ताकि मतदाता को मतदान के लिए कतार में ज्यादा इंतजार नहीं करना पड़े। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि सभी लोग परिवार संग चुनाव पर्व में उत्साह से हिस्सा लेते हुए मतदान जरूर करें और पड़ोसियों, परिचितों को भी इसके लिए प्रेरित करें। वह शुक्रवार को निर्वाचन सदन, धुर्वा में प्रेस वार्ता कर रहे थे।

### रांची में 21.97 लाख मतदाता, 2377 बूथ

- 21,97, 331 मतदाता हैं रांची संसदीय क्षेत्र में
- 11,12,524 पुरुष व 10,84,738 महिला मतदाता हैं
- 2377 बूथ हैं, 949 शहरी और 1428 ग्रामीण क्षेत्र में
- 27 उम्मीदवारों के किस्मत का होगा फैसला
- 8 थर्ड जेंडर के मतदाता है रांची लोकसभा में
- भाजपा से मौजूदा सांसद संजय सेठ और इंडी गठबंधन से कांग्रेस की यशस्विनी सहाय

### जमशेदपुर में 18.69 लाख मतदाता, 1887 बूथ

- 18,69,278 मतदाता हैं जमशेदपुर संसदीय क्षेत्र में
- 9,37,412 पुरुष और 9,31,733 महिला मतदाता हैं
- 1887 बूथ हैं, जिनमें 688 और 1199 ग्रामीण क्षेत्र में
- 25 उम्मीदवार इस सीट से चुनाव मैदान में हैं
- 133 थर्ड जेंडर वोटर हैं जमशेदपुर लोकसभा में
- भाजपा के मौजूदा सांसद विद्युत वरण महतो और इंडी एलायंस से झामुमो के समीर मोहंती

### धनबाद में 22.85 लाख मतदाता, 2539 बूथ

- 22,85,237 मतदाता हैं धनबाद संसदीय क्षेत्र में
- 11,96,501 पुरुष और 10,88,656 महिला मतदाता हैं
- 2539 बूथ हैं, 1316 शहरी और 1223 ग्रामीण इलाके में
- 25 प्रत्याशी हैं इस सीट से चुनाव मैदान में
- 80 तृतीय लिंगी मतदाता है धनबाद लोकसभा में

### भाजपा के ढुलू महतो और इंडी गठबंधन की कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह

- गिरिडीह में 18.64 मतदाता, 2160 बूथ
- 18,64,660 मतदाता हैं गिरिडीह संसदीय क्षेत्र में
- 9,60,489 पुरुष और 9,04,163 महिला मतदाता
- 2160 बूथ हैं, इनमें 408 शहरी 1762 ग्रामीण बूथ
- 16 प्रत्याशियों की किस्मत का होगा फैसला
- 69 तृतीय लिंगी मतदाता है गिरिडीह लोस में
- एनडीए गठबंधन के आजसू के चंद्रप्रकाश
- चौधरी और इंडी से झामुमो के मथुरा महतो

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

## एक नजर

### आईएएस मनीष रंजन नहीं पहुंचे ईडी कार्यालय, पत्र भेजकर मांगी दूसरी तारीख

**रांची।** ईडी के समन के बावजूद शुक्रवार को आईएएस मनीष रंजन एयरपोर्ट रोड स्थित ईडी के क्षेत्रीय कार्यालय नहीं पहुंचे। उन्होंने ईडी कार्यालय को पत्र भेजकर अगली तारीख देने की बात कही है। मनीष रंजन के पत्र को लेकर पहुंचे राजस्व विभाग के कर्मचारी अनिल कुमार ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि पत्र में क्या है, उसे नहीं मालूम। उसे पत्र लेकर ईडी ऑफिस जाने को कहा गया है। उल्लेखनीय है कि टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने 22 को समन कर 24 मई को पूछताछ के लिए ईडी कार्यालय बुलाया था। ईडी ने आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उसके नौकर जहांगीर ने पूछताछ में कई जानकारियां दी है।

## आज | कल




# देश में समान नागरिक संहिता लागू करना मेरा संकल्प : नरेन्द्र मोदी

**पीएम मोदी ने कंगना के समर्थन में मंडी में की जनसभा, बोले- कंगना देश की बेटियों के लिए प्रेरणा**



**मंडी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हिमाचल प्रदेश के मंडी में शुक्रवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि देश लगातार तीसरी बार कांग्रेस को रिजेक्ट करने जा रहा है। पांच चरणों के चुनाव में भाजपा-नीत एनडीए बहुमत से ज्यादा सीटें जीत चुका है। अब हिमाचल की चारों सीटें जीत कर सोने पे सुहागा हो जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश में चार शून्य की हैट्रिक लगने वाली है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण पांच सौ साल के संघर्षों के बाद हुआ है। इस बीच कई पीढ़ियां संघर्ष करते हुए खप गईं। उन्होंने कहा कि हिमाचल प्रदेश राम मंदिर निर्माण की संकल्प भूमि है। क्योंकि वर्ष 1989 में पालमपुर में भाजपा के राष्ट्रीय अधिवेशन में जो निर्णय हुआ था, उसने इतिहास रचा है। पालमपुर में ही अयोध्या में भव्य राममंदिर बनाए जाने का संकल्प लिया गया था। जो अब बन कर तैयार हो गया है। उन्होंने कहा कि आपके वोट की ताकत से ही अयोध्या में रामलला भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं। इससे जहां सारा देश खुश है वहीं पर कांग्रेस खुश नहीं है। उन्होंने कहा कि आपके वोट की ताकत से ही अयोध्या में राममंदिर बना है, जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 की दीवार को गिरा दिया, पूर्व सैनिकों को वन रैंक वन पेंशन देने के साथ ही भारत आज दुनिया की पांचवीं आर्थिक ताकत बना है। महिलाओं के लिए विधानसभा और लोकसभा में आरक्षण दिया गया है। मोदी ने कहा कि कांग्रेस को एक ऐसा भारत चाहिए जिसमें गरीबी हो, संकट हो और समस्याएं हों। कांग्रेस विकास का रिवर्स गियर लाना चाहती है। कांग्रेस चुनावों में कह रही है कि सत्ता में आने पर अनुच्छेद 370 को वापस लाएंगे, परमाणु हथियार खत्म कर देंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि समान नागरिक संहिता लागू करना मेरा संकल्प है। देश में सभी नागरिकों के लिए समान कानून होना चाहिए। कांग्रेस मुस्लिम पर्सन लॉ के बहाने शरिया कानून लाना चाहती है। कांग्रेस घोर सांप्रदायिक, घोर जातिवादी और घोर परिवारवादी पार्टी है। बाप-दादा की विरासत पर जीतने वाले देश का भला नहीं कर पाते। जबकि मिट्टी से उठने वाले पहाड़ जैसी ऊंचाइयां छूते हैं। भारत का भविष्य स्टार्टअप करने वाले युवाओं से है, सेना में जाने वाली और जहाज उड़ाने वाली बेटियों से है। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने मंडी लोकसभा क्षेत्र से पार्टी की उम्मीदवार कंगना रनौत को जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि कंगना देश की बेटियों के लिए प्रेरणा हैं कि कैसे अपने दम पर संघर्ष करके अपनी पहचान बनाई जा सकती है। जबकि कांग्रेस की दकियानूसी सोच है। कांग्रेस ने मंडी का नाम लेकर कंगना पर भद्दी टिपणी की थी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस शाही परिवार हितैषी और महिला विरोधी है। आने वाले पांच साल बेटियों के लिए बुलंद हैं, ये मोदी की गारंटी है। प्रदेश की सुक्खू सरकार पर हमला बोलते हुए मोदी ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने हिमाचल में सर्विस कमीशन पर ताला लगा दिया। यह ताला युवाओं के भविष्य पर लगाया। मंडी हवाई अड्डे और सैंकड़ों संस्थानों पर ताला लगाया। पंद्रह सौ के नाम पर भी महिलाओं से धोखा किया, देश धोखेबाजों को कभी माफ नहीं करेगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारी हिमाचल प्रदेश की जिंदगी है मगर राज्य सरकार ने कर्मचारियों को महंगाई भत्ता और अन्य देय भत्ते नहीं दिए।

## कांग्रेस के लिए भ्रष्टाचार का एटीएम बन गया है झारखंड : अमित शाह



**जामताड़ा।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दुमका लोकसभा सीट के अंतर्गत जामताड़ा में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए राज्य की झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की सरकार पर करारा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के लिए झारखंड भ्रष्टाचार का एटीएम बन गया है। कांग्रेस सांसद के घर से 350 करोड़ और उसके मंत्री आलमगीर आलम के यहां से 35 करोड़ रुपए मिले। इस तरह लूट मचाने वालों के लिए जेल एकमात्र सही जगह है। अमित शाह ने दुमका की भाजपा प्रत्याशी सीता सोरेन को विजयी बनाने की अपील करते हुए कहा कि वह झारखंड आंदोलन के सेनानी दुर्गा सोरेन की विरासत लेकर चल रही हैं, लेकिन हेमंत सोरेन ने उनके साथ न्याय नहीं किया। भारतीय जनता पार्टी ने सीता सोरेन को न्याय और सम्मान दिलाने के लिए इस सीट पर प्रत्याशी बनाया है। उन्होंने कहा कि खुद को झारखंड का हितैषी बताने वाला झारखंड मुक्ति मोर्चा उसी कांग्रेस पार्टी की गोद में जाकर बैठ गया है, जिसने अलग झारखंड के मुद्दे को वर्षों तक लटकाए रखा। यह अटल बिहारी वाजपेयी थे, जिन्होंने अलग झारखंड राज्य के स्वप्न को साकार किया। भारतीय जनता पार्टी बिरसा मुंडा के सपनों का भारत बनाने में जुटी है। 2025 को बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के वर्ष को पीएम मोदी ने 'जनजातीय गौरव दिवस' के रूप में मनाने की घोषणा की है।

# आठ राज्यों की 58 सीटें पर 889 प्रत्याशियों के भाग्य का फैसला आज

**- 11.13 करोड़ मतदाता, 1.14 लाख से अधिक मतदान केंद्र बनाए गए**

**- ओडिशा में 42 विधानसभा क्षेत्रों के लिए भी साथ-साथ होगा मतदान**

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के छठे चरण में दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, ओडिशा और जम्मू-कश्मीर समेत आठ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश की 58 संसदीय सीटों पर शनिवार को मतदान होगा। चुनाव आयोग मतदान के लिए पूरी तरह से तैयार है। इस चरण में कुल 889 उम्मीदवार मैदान में हैं। ओडिशा विधानसभा की 42 सीटों पर भी साथ-साथ मतदान होगा। चुनाव आयोग के अनुसार, 58 संसदीय सीटों में 49 सामान्य, 2 एसटी और 7 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। राज्यवार उम्मीदवारों की बात करें तो इस चरण में बिहार की 8 सीटों के लिए 86, हरियाणा की 10 के लिए 223, जम्मू-कश्मीर की एक के लिए 20, झारखंड की चार सीटों के लिए 93, दिल्ली की 7 सीटों के लिए 162, ओडिशा की 6 सीटों के लिए 64, उत्तर प्रदेश की 14 सीटों के लिए 162 और पश्चिम बंगाल की 8 सीटों के लिए 69 उम्मीदवार चुनाव मैदान में हैं। उधर, ओडिशा विधानसभा की 42 विधानसभा सीटों में 31 सामान्य, 5 एसटी और 6 एससी वर्ग के लिए आरक्षित हैं। आयोग के अनुसार इस चरण में लगभग 11.4 लाख मतदान अधिकारी 1.14 लाख मतदान केंद्रों पर 11.13 करोड़ से अधिक मतदाताओं का स्वागत करेंगे। कुल 11.13 करोड़ से अधिक मतदाताओं में 5.84 करोड़ पुरुष, 5.29 करोड़ महिलाएं और 5120 थर्ड जेंडर मतदाता हैं।

**85 वर्ष से अधिक के 8.93 लाख वोटर :** छठे चरण के लिए 8.93 लाख से अधिक पंजीकृत 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाता, 100 वर्ष से अधिक आयु के 23,659 मतदाता और 9.58 लाख दिव्यांग मतदाता हैं, जिन्हें अपने घर से ही मतदान करने का विकल्प दिया गया है। वैकल्पिक होम वोटिंग सुविधा को पहले से ही जबरदस्त प्रशंसा और प्रतिक्रिया मिल रही है। इससे अधिक उम्र के वोटरों को काफी राहत मिली है।

**20 विशेष रेलगाड़ियां तैनात की गई :** सुरक्षाकर्मियों को आने-जाने के लिए 20 विशेष रेलगाड़ियां तैनात की गई हैं। 184 पर्यवेक्षक (66 सामान्य पर्यवेक्षक, 35 पुलिस पर्यवेक्षक, 83 व्यय पर्यवेक्षक) मतदान से कुछ दिन पहले ही अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्रों में पहुंच चुके हैं। वे आयोग की आंख और कान के रूप में कार्य कर रहे हैं ताकि अधिक से अधिक सतर्कता बरती जा सके। इसके अतिरिक्त, कुछ राज्यों में विशेष पर्यवेक्षकों को भी तैनात किया गया है।

**2222 उड़न दस्ते की है व्यवस्था :** मतदाताओं को दिए जाने वाले किसी भी प्रकार के प्रलोभन से सख्ती और तेजी से निपटने के लिए कुल 2222 उड़न दस्ते, 2295 स्थैतिक निगरानी दल, 819 वीडियो निगरानी दल और 569 वीडियो अवलोकन दल चौबीसों घंटे निगरानी कर रहे हैं। कुल 257 अंतरराष्ट्रीय सीमा चौकियां और 927 अंतर-राज्यीय सीमा चौकियां शराब, ड्रग्स, नकद राशि और मुफ्त उपहारों के किसी भी अवैध प्रवाह पर कड़ी निगरानी रख रही हैं।

## इंडिया



सुनील बादल

अमेरिका हो या ब्रिटेन या फिर दूसरे पश्चिमी देश, मध्यकाल से ही उनकी सोच साम्राज्यवादी रही है, अब स्थितियां बदल रही हैं।

# अमेरिका में सारे जहां से अच्छा हिंदोस्तां हमारा।

एक समय था जब पश्चिमी देश भारत को भिखारियों और सपेरों का देश कहकर हंसी उड़ाते थे। कमोबेश आज भी पश्चिमी देशों का रुख कुछ वैसा ही था। इसे बिडंबना ही कहेंगे कि जिस अंग्रेजी हुकूमत ने हिंदी को खड़ी बोली के रूप में स्थापित किया, उसी के एक अधिकारी मैकाले की शिक्षा नीति के चलते भारतीय भाषाएं अपनी ही धरती पर दोयम दर्जे की बनकर रह गईं। ऐसे में भारतीय भाषाओं को वैश्विक स्तर पर उचित मान मिलना मुश्किल था। अमेरिका हो या ब्रिटेन या फिर दूसरे पश्चिमी देश, मध्यकाल से ही उनकी सोच साम्राज्यवादी रही है, अब स्थितियां बदल रही हैं। अब अमेरिकी सरकार अपने राष्ट्रपति के भाषणों का हिंदी में अनुवाद कराती है और भारतीयों की भावनाओं की कद्र करने लगी है। इस बदलाव की वजह बना है 21वीं सदी में उभरता भारत, जो दुनिया की चौथी बड़ी सैन्य ताकत बन चुका है और अन्न उत्पादन के पैमाने पर भी दुनिया में चौथे पायदान पर खड़ा है। भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था? है। विकसित देशों की तरह अंतरिक्ष तकनीक में भारत की भी साख स्थापित हो चुकी है। भारत के सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की धूम पूरी दुनिया में है। देश की आर्थिक, सैन्य या ज्ञान की क्षमता बढ़ती है, तो दुनिया उसका मान करने लगती है। यही वजह है कि अब अमेरिका के व्हाइट? हाउस में कभी सारे जहां से अच्छा... पूरे तरन्नुम में सुनाया जाता है, तो कभी दीपावली मनाई जाती है। आठ महीने के भीतर यह दूसरा मौका है, जब व्हाइट हाउस की दीवारें सारे जहां से अच्छा तरन्नुम की गवाह बनी हैं। इस बार यह गीत अमेरिकी भारतीयों के सम्मान में बजाया गया।



अमेरिकी उद्योग, ज्ञान व अर्थव्यवस्था में भारतीयों की उपस्थिति से सकारात्मक बदलाव आए हैं। वहां की स्वास्थ्य सेवा हो या फिर सॉफ्टवेयर उद्योग की भारतीयों के बिना? कल्पना बेमानी है। अमेरिकी सैन्य सेवा में भी भारतीय हैं। भारतीयों की बढ़ती हैसियत के चलते ही अंकल सैम के देश में भी भारतीय भाषाओं का मान बढ़ा है।

अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक, अमेरिका की आबादी का करीब 1.35 फीसदी भारतीय हैं, जिनकी संख्या तकरीबन पचास लाख है। तैंतीस करोड़ की आबादी वाले देश में यह संख्या बहुत ज्यादा भले न हो, लेकिन आर्थिक, तकनीकी व दूसरी सेवाओं में अपनी उल्लेखनीय उपस्थिति के चलते भारतीयों की यह संख्या सबका ध्यान खींचती है। अमेरिका में भारत के विभिन्न प्रांतों के लोग रह रहे हैं, जिनकी अपनी-अपनी बोली? है। लेकिन ज्यादातर की आपसी संपर्क भाषा हिंदी ही है। करीब पांच लाख पाकिस्तानी, करीब सवा दो-दो लाख नेपाली व बांग्लादेशी नागरिकों को जोड़ दें, तो इस बड़ी जनसंख्या के आपसी संवाद का माध्यम हिंदी है। यही वजह है कि अमेरिका में हिंदी के प्रति नया नजरिया विकसित हो रहा है।अल्लामा इकबाल का लिखा यह तराना न सिर्फ भारतीयता, बल्कि अपनी संस्कृति और सभ्यता का भी गान है। शायद ही कोई भारतीय होगा, जिसके कानों में जब कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी/सदियों रहा है दुश्मन, दौर-ए-जमां हमारा गूंजती है, तो रोमांच न होता हो। जिस आजादी के आंदोलन के दौर में यह गीत लिखा गया था। भारत ने दौर-ए जमां की दुश्मनी से हुए नुकसान को पीछे छोड़ते हुए लंबी यात्रा तय कर ली है। इस यात्रा के साक्षी और भागीदार पश्चिमी दुनिया में अपने हुनर और प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। पश्चिमी दुनिया में वे भारतीय क्षमता के प्रतीक और राजदूत हैं। उन्हीं के जरिये भारत के सम्मान और ताकत को पश्चिम न सिर्फ महसूस करता है, बल्कि देखता भी है। यही वह कारण है कि दुनिया के सबसे शक्तिशाली व्यक्ति के निवास में सारे जहां से अच्छा की धुन अब सम्मानपूर्वक बजती है और भारतीयता को नई पहचान देती है।यह उस भारत का प्रतीक है जिसने विश्व में अपने प्रतिभावान इंजीनियर, डॉक्टर, प्रबंधक के साथ कुशल अकुशल मजदूरों तक की मेहनत और ईमानदारी से भारतीयता को एक अलग पहचान दी है जो हमारे पड़ोसी देशों को नहीं मिली है चीन तक को नहीं। भारत एक ब्रांड है विश्वस्तरीय प्रोफेशनल समुदाय का।

# हेमंत सोरेन को जेल भेजने का बदला वोट से लेगा झारखंड : खरगे

**देवघर।** झारखंड की गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के पक्ष में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी ने अंग्रेजी हुकूमत की तरह जल, जंगल, जमीन के अधिकारों पर प्रहार किया है। यूपीए सरकार ने वनों की सुरक्षा के लिए जो वन अधिकार कानून बनाया था, उसे इन्होंने बदल डाला। उन्होंने हेमंत सोरेन को जेल भेजे जाने के लिए पीएम मोदी को जिम्मेदार ठहराते हुए कहा कि इन्हें लगा कि आदिवासी सीएम को अंदर कर झारखंड में चुनाव जीत लेंगे, लेकिन यहां की जनता उन्हें वोट से करारा जवाब देगी। वह आदिवासी नेता के अपमान का बदला लेगी। आप कितनों को जेल में डालेंगे, हम डरने वाले नहीं हैं। हम लड़ने वाले लोग हैं। खड़गे ने



कहा कि इन्होंने राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा और संसद के उद्घाटन से राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और रामनाथ कोविंद को दूर रखा, क्योंकि ये लोग आदिवासी और दलित समुदाय से आते हैं। गठबंधन की सरकार बनते ही जातीय जनगणना कराई जाएगी और हर समाज के लोगों को उनका हक दिया जाएगा। पीएम से पूछा कि स्विट्जरलैंड के बैंकों से काला धन लाकर लोगों को 15-15 लाख रुपए देने, हर साल दो करोड़ नौकरियां देने के आपके वादे का क्या हुआ?

## पांकी के मुक्ता गांव में जलमीनार निर्माण का विरोध, ग्रामीणों ने कहा-

# पहले बने तीन जलमीनार अधूरे हैं, सिर्फ शोपीस नहीं चलेगा

### भीषण गर्मी में पेयजल को लेकर मचा हाहाकार

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** प्रखंड के ताल पंचायत अंतर्गत मुक्ता गांव के सैकड़ों आदिवासी एवं आदिम जनजाति के लोगों ने एकजुट होकर जल जीवन मिशन के तहत लगाए जा रहे सोलर आधारित जलमीनार के कार्य का पुरजोर विरोध किया है। ग्रामीणों ने कार्य में लापरवाही बरतने एवं ग्रामीणों की मांग को अनसुनी करने का भी आरोप लगाया है। इस संबंध में ग्रामीणों ने लिखित आवेदन तैयार कर पंचायत के मुखिया अनीता लोहरा को शिकायत पत्र भी सौंपा है। मौके पर विरोध प्रदर्शन कर रहे ग्रामीणों ने बताया कि पांकी प्रखंड के मुक्ता गांव में जल जीवन मिशन के तहत तीन जलमीनार कुछ महीने पूर्व आधे-अधूरे लगाए गए हैं, जो सिर्फ शो पीस बने हुए हैं। मुक्ता के तीन मुहान पर लगाए गए जलमीनार में 190 फीट ही बोरिंग की गई है जो पर्याप्त पानी नहीं दे रहा है। वहीं कुछ देर मोटर चलने के बाद सूख जा रहा है। जिस कारण यह योजना फेल हो गया है। लाभान्वित क्षेत्र के लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



### अंतू परहिया के घर के पास लगा जलमीनार अधूरा

आदिम जनजाति के अंतू परहिया के घर के पास लगा जलमीनार अधूरा है। जहां बोरिंग सिर्फ 105 फीट ही किया गया है। उक्त स्थल पर जलमीनार लगाने का ग्रामीणों ने विरोध भी किया था। उचें स्थान पर जलमीनार लगाने की मांग की थी। क्योंकि यहां पहाड़ी क्षेत्र होने के कारण कुछ घर ऊंचे स्थान पर है। जहां उक्त जलमीनार से पानी नहीं पहुंचाया जा सकता है। ग्रामीणों के द्वारा विरोध करने के बाद महीनों से जलमीनार का कार्य अधूरा है।

### जल स्त्रोत के सूख जाने से ग्रामीणों में पानी को लेकर हाहाकार

तीसरे स्थान पर लगाए गए जलमीनार महंग तुरी के घर के पास स्थित है। जहां पुराने चापाकल के बोरिंग में मोटर लगा दिया गया है। ग्रामीणों के द्वारा विरोध करने एवं नए बोरिंग कराने की मांग के बाद संवेदक के द्वारा कार्य को यथावत छोड़ दिया गया है। आपको बता दें की पांकी प्रखंड क्षेत्र के पहाड़ी इलाकों में बढ़ते गर्मी के कारण घटते जलस्तर से लोगों को पेयजल को लेकर विकट समस्या उत्पन्न हो गई है। सभी जल स्त्रोत के सूख जाने से ग्रामीणों में पानी को लेकर हाहाकार मचा है। मौके पर मुक्ता गांव के उपेंद्र परहीया, रवि राम, वीरेंद्र सिंह, इंद्रदेव परहिया, राजदेव तुरी, संजय परहिया, सत्येंद्र सिंह, राजेंद्र सिंह, पिंटू सिंह, सुदामा सिंह, अरुण सिंह सहित अन्य ग्रामीणों ने आवेदन के माध्यम से पंचायत के प्रतिनिधियों समेत प्रशासन से अविलंब पानी मुहैया कराने की मांग की है। इस संबंध में पंचायत के मुखिया अनीता लोहरा ने बताया कि ग्रामीणों से शिकायत उन्हें मिली है। ग्रामीणों की मांग बिल्कुल जायज है। फिलहाल कार्य प्रगति पर है संवेदक के द्वारा कार्य अभी पूरा नहीं करवाया गया है। कार्य मापदंड के अनुसार हो जिसे लेकर वे सदैव तत्पर रहते हैं। इस संबंध में पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जेई श्रीकांत प्रजापति ने बताया कि मामले की जानकारी उन्हें मिली है। शीघ्र ही वे स्थल निरीक्षण कर ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### सफल छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**हरिहरगंज।** सीबीएसई बोर्ड की दसवीं तथा जैक के दसवीं व बारहवीं की परीक्षा में सफलता का परचम लहराने वाले छात्र-छात्राओं को शहर के केनरा बैंक के पीछे, देवी मंदिर के पास स्थित कर्ण फिजिक्स रिसर्च सेंटर के सभागार में कार्यक्रम आयोजित कर डायरेक्टर करण गुप्ता ने सम्मानित करते हुए उज्जवल भविष्य की कामना किया। वहीं रिजल्ट से उत्साहित छात्र-छात्राओं ने इसका श्रेय कोचिंग सेंटर के शिक्षकों को दिया है। सीबीएसई की दसवीं परीक्षा में सत्यम कुमार पिता टिंकू गुप्ता ने 95.2, पीयूष कुमार 80, जैक बोर्ड में रोहित 86, सागर 84, अभिषेक 83 जबकि जैक 12वीं में आशुतोष 92.2 प्रतिशत अंक लाकर पलामू में चौथा स्थान प्राप्त किया। वहीं सनी 87.2 प्रतिशत अंक लाकर पलामू में 16वां स्थान प्राप्त कर क्षेत्र का नाम रौशन किया। इस मौके पर शिक्षक रंजीत गुप्ता, सनी गुप्ता सहित कई शिक्षक व छात्र-छात्राएं मौजूद थें।

### आईएससी के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को किया गया सम्मानित



**छतरपुर।** नगर पंचायत जपला रोड स्थित एम एकेडमी के आईएससी के उत्तीर्ण छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय समिति सदस्य सह छतरपुर बीस सूत्री उपाध्यक्ष चंदन प्रकाश सिन्हा मौजूद रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चंदन सिन्हा ने कहा कि यह संस्थान छतरपुर के छात्र-छात्राओं को बेहतर शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध करा रही है। यहां से शिक्षा प्राप्त कर छतरपुर के बच्चे देश के विभिन्न हिस्सों में अपना परचम लहरा रहे हैं। छतरपुर जैसे शहर में ऐसी शिक्षा व्यवस्था देना तारीफ है। चंदन सिन्हा ने बच्चों को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। संस्थान के संचालक मुबारक हुसैन ने कहा कि संस्थान की यह उपलब्धि यहां शिक्षक एवं बच्चों के बीच आपसी समन्वय बनाकर शिक्षा व्यवस्था का परिणाम है। निदेशक लव कुमार ने कहा कि यह संस्थान हमेशा बच्चों को उनके लक्ष्य के प्रति उत्तरदायित्व को निभाते हुए शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनता है। ताकि बच्चे अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। कार्यक्रम में 83.4 अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय में प्रथम स्थान प्राप्त करने के लिए अजय विश्वकर्मा की पूत्री पुष्पा कुमारी सहित उपेंद्र कुमार, जितेंद्र यादव, गोलू कुमार, खुशी लाल यादव, सुनील कुमार, पूजा पटेल, खुशी कुमारी, प्रियंका कुमारी, अंजलि कुमारी, नेहा कुमारी, सोनी कुमारी, प्रियंका कच्छप, प्रगति कुमारी, अंजली कुमारी, अर्चना कुमारी, चंद्रकला कुमारी, प्रीति कुमारी, पिंकी रिशु, रुपाली, नेहा, सोनी, चंदा, विश्वजीत, शिवम, अंशु, विक्की, गोलू, सुनील, जितेंद्र सहित सभी छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया।

### पिपरा प्रमुख पर लगाया मारपीट व धमकी देने का आरोप



**हरिहरगंज।** पिपरा थाना क्षेत्र के अंधारीबाग गांव निवासी रंजीत कुमार गुप्ता ने पिपरा प्रखंड प्रमुख विक्रांत सिंह यादव उर्फ गुड्डू यादव पर गाली-गलौज व मारपीट करते हुए पैसा छिनने व जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाया है। इस बाबत रंजीत कुमार गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक और थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। आवेदन में लिखा गया है कि मैं और मेरे परिवार के लोग घर के बाहर बैठे थे। तभी प्रमुख अपने सहयोगियों के साथ बाइक से आए और पिस्टल लहराते हुए मारपीट किया तथा 4570 छीन लिया। वहीं दूसरी ओर प्रमुख की पत्नी दुर्गावती देवी ने थाना में आवेदन देकर रंजीत कुमार गुप्ता व उसके परिवार के द्वारा अपने पति विक्रांत सिंह यादव के साथ मारपीट करने का आरोप लगाया है। इस संबंध में पूछे जाने पर थाना प्रभारी बिमल कुमार ने बताया कि दोनों पक्षों द्वारा थाना में आवेदन दिया गया है। आवेदन के आलोक में प्राथमिकी दर्ज की गयी है।

## एक नजर

### जमीनी विवाद में मारपीट, महिला घायल



**विश्रामपुर।** थाना क्षेत्र के गुरी भंडार गांव में शुक्रवार को जमीन विवाद में दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमे एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गईं। मिली जानकारी के अनुसार छन्नू विश्वकर्मा के घर निर्माण का कार्य चल रहा था। इसी बीच उसके चाचा लालमुनि विश्वकर्मा अपने बेटों और कुछ सहयोगियों के साथ लाठी डंडा लेकर कार्यस्थल पर पहुंचे। जमीन को विवादित बताते हुए निर्माण कार्य बंद करने को कहा। साथ ही कार्य बंद नहीं कराने पर लालमुनि विश्वकर्मा अपने बेटों के साथ मिलकर छन्नू विश्वकर्मा और उसकी पत्नी सुशीला देवी पर जानलेवा हमला कर दिया। जिसमे शुशीला देवी (25) का शर फट गया और वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। घायल सुशीला का इलाज मेदिनीनगर एमएमसीएच में चल रहा है। वहीं मामले की जानकारी विश्रामपुर पुलिस को दे दी गई है।

### सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल

**छतरपुर।** छतरपुर से हरिहरगंज जाने वाली फोरलेन सड़क एनएच 98 पर कउवल गांव के समीप अज्ञात बोलेरो ने बाइक को धक्का मार दी। जिससे उस पर सवार पिपरा थाना क्षेत्र के मधुबाना निवासी किशुनदेव रायकवार का बेटा रामशक्ति रायकवार और रामनाथ रायकवार का बेटा प्रकाश रायकवार गंभीर रूप से घायल हो गया। स्थानीय लोगों ने दोनों घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार करने के बाद बेहतर इलाज के लिए घायल दोनों युवकों को एमएमसीएच मेदनीनगर रेफर कर दिया गया। घायल रामशक्ति ने बताया की वह अपने एक परिजन को छतरपुर छोड़ वापस घर लौट रहा था। तभी कउवल के समीप पीछे से आ रही बोलेरो ने धक्का मारते हुए भाग गया।

### शराब के नशे में धूत बाइक सवार खाई में गिरा, गंभीर



**नौडीहा बाजार।** प्रखण्ड अंतर्गत पंचायत खैरादोहर ग्राम शिल्दा खूर्द निवासी बब्लू विश्वकर्मा ने नौडीहा बाजार से शराब भट्ठी से शराब पीकर बेहोसी हालत में अपने घर आ रहा था। तत्पश्चात एक शिवपुर गांव स्थित सड़क के किनारे से गुजर रहा बब्लू विश्वकर्मा व्यक्ति नशे के हालात में एक खाई गिर जाता है। खाई में गिरने से गंभीर रूप से घायल हो जाता है। तभी शिवपुर ग्राम स्थानीय ग्रामीणों ने उसे बेहोशी की हालत में देख निजी क्लीनिक में इलाज करवाया।

## पांच वर्ष से बंद है मरीजों की आपातकालीन सेवा




### रोज 3 बजे के बाद बंद हो जाती है ओपीडी सेवा व आपात सेवा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर प्रखंड मुख्यालय स्थित अतिरिक्त स्वास्थ्य उपकेन्द्र सह हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में विगत पांच वर्ष से आपातकालीन सेवा बंद पड़ी है। सुबह आठ बजे प्रतिदिन ओपीडी खुलने के बाद अपराह्न तीन बजे इस सेवा को भी बंद कर दिया जाता है। इससे क्षेत्र में कहीं भी घटना व दुर्घटना के बाद पीड़ित लोगों को इस स्थिति में तत्काल स्वास्थ्य सेवा उपलब्ध कराने के लिये सीधे हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल ले जाने की परंपरा बन गई है। वहीं स्थानीय सरकारी अस्पताल हैदरनगर पश्चिमी पंचायत के भाई बिगहा के क्षेत्र में आता है। किन्तु सर्वाधिक विषम परिस्थिति के बीच मार्ग में रेल फाटक है। इसके प्रायः बंद रहने से समय पर अस्पताल रोगी को पहुंचाना भी मुश्किल हो जाता है। शाम तीन बजे के बाद ओपीडी सेवा बंद होने के बाद मरीजों को अन्यत्र भटकना विवशता बन गई है। इस अस्पताल में दो चिकित्सक के अलावे दर्जनों स्वास्थ्यकर्मी की उपस्थिति में भी यहां 24 घंटा स्वास्थ्य सेवा के बदहाली बनी है। हालांकि क्षेत्र के कई प्रबुद्ध लोगों ने जिला परिषद सदस्य संगीता देवी, मुखिया संतोष कुमार सिंह, शहनाज प्रवीण व जितेन्द्र सिंह, समाजसेवी डॉ. अजय जयसवाल, पवन कुमार इस समस्या को लेकर लगातार क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि तक रखने का काम भी किया। किन्तु अब तक इसे गंभीरता से नहीं लिये जाने से रोगी पर उनके परिजनों की नींद उड़ी रहती है।

## हुसौनाबाद में गर्मी से बढ़ा डायरिया का प्रकोप, आठ मरीज अस्पताल में भर्ती



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** इस बार बरसात और उमस के पहले प्रचंड गर्मी और हीट वेव के चलते हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र में डायरिया का प्रकोप काफी बढ़ चुका है। जिसके चलते हुसैनाबाद अनुमंडलीय अस्पताल और निजी अस्पतालों में भी डायरिया से ग्रसित मरीजों की संख्या देखने को मिल रही है। डायरिया को लेकर कई गांव में लोगों के बीच डर बना हुआ है। गुरूवार की रात अनुमंडलीय अस्पताल में रामाबांधी झरगड़ा आदि गांवों के सात आठ की संख्या में डायरिया के मरीज पहुंचे थे। जिनका इलाज के बाद उनकी स्थिति में सुधार हुआ है। जो अभी भी इलाजरत है। अनुमंडलीय अस्पताल के चिकित्सा डॉ. विनेश राम का कहना है कि इस गर्मी में डायरिया से ग्रसित मरीज ज्यादा आ रहें है। जिससे थोड़ी लापरवाही लोगों के स्वास्थ्य पर भारी पड़ सकता है। ऐसे में जरूरत है सावधान रहने की। अन्यथा आप उल्टी, दस्त, बुखार, पेट में दर्द व डायरिया जैसी गंभीर बीमारी की चपेट में आ सकते हैं। बासी खाना और दूषित पानी से सभी आयु वर्ग के लोग बीमार पड़ सकते है। डॉक्टर विनेश राम ने कहा कि तेज धूप और लू से बचने की जरुरत है घर से निकले तो सर पर तौलिया रखें। सुबह 10 से शाम चार बजे तक धूप से बचने की जरुरत है। जरूरी काम हो तो साथ में पानी का बोतल यह ओआरएस घोल जरूर रखें। उन्होंने कहा कि किसी तरह की समस्या हो तो तत्काल सरकारी अस्पताल में पहुंचे, डायरिया से निपटने के लिए विभाग की टीम पूरी तरह से अलर्ट है।

## हुसैनाबाद में कई सरकारी भवन पड़े हैं बेकार व जर्जर, देखने वाला भी कोई नहीं



**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद अनुमंडल परिसर के समीप सिंचाई विभाग, नगर विकास विभाग व भवन निर्माण विभाग के द्वारा कई बड़े भवनों का निर्माण कार्य किया गया हैं। किन्तु इसकी उचित देखरेख के अभाव में सभी भवन की स्थिति काफी जर्जर हो गयीं हैं। वहीं सरकार को करोड़ों खर्च के बाद भी इसका उपयोग नहीं किया जा रहा है। सभी भवनों के बनें दस से पन्द्रह साल पुरानी है। इस पर बाहरी लोगों का कब्जा है। परंतु इसे देखने वाला कोई नहीं है। इसी भवन में एक नाबालिग बच्ची के साथ चार दिनों तक गैंगरेप हुआ था। इसके बाद भी प्रशासन ने इसे गंभीरता से नहीं लिया गया। यहां पलामू प्रमंडल के अलावा बिहार के लोगों का कब्जा है। वहीं हुसैनाबाद अधिसूचित क्षेत्र समिति के बाद वर्ष 2008 में नगर पंचायत बना था, और चुनाव के बाद उषा देवी पहली अध्यक्ष बनी थीं। तब से लेकर आजतक नगर पंचायत की सूरत तो नहीं बदली, लेकिन कार्यालय जरूर बदलते गये। आज विवाह मंडप में कार्यालय चल रहा है। पहला कार्यालय बालिका प्लस टू विद्यालय के बगल में था, इसके बाद दूसरा टाउन हॉल के सामने अनुमंडल परिसर में, तीसरा पानी टंकी के समीप सामुदायिक भवन में और चौथा कार्यालय वर्तमान में हैदरनगर रोड में स्थित विवाह मंडप भवन में चल रहा है।

### बिजली विभाग जपला का कार्यालय रविवार को भी खुला रहेगा

**मोहम्मदगंज।** वरीय अधिकारियों के निर्देश पर बिजली विभाग जपला का कार्यालय 26 मई दिन रविवार को छुट्टी के दिन भी खुला रहेगा। कनीय विद्युत अभियंता प्रदीप कुमार सिंह ने बताया की उपभोक्ताओं के सुविधा का ख्याल रखते हुए कार्यालय सामान्य दिनों के भांति खुला रहेगा। जिसमे उपभोक्ता अपना बिजली बिल जमा कर सकते हैं। सिंह ने आगे बताया कि जिन उपभोक्ता का विद्युत कनेक्शन काट दिया गया। वैसे उपभोक्ता अपने बकाया राशि जमा कर व आरसीडीसी रसीद कटा विद्युत कनेक्शन चालू कर सकते हैं। आगे कहा की 26 मई दिन रविवार को हैदरनगर तिवारी कॉम्प्लेक्स व 28 मई दिन मंगलवार को मोहम्मदगंज में राजस्व संग्रह के लिए कैंप लगाया जाएगा।

## विश्रामपुर सीएचसी में जल्द शुरू होगा सभी तरह का ऑपरेशन : डॉ. राजेश



**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में शनिवार को आयुष्मान भारत कार्यक्रम के तहत सभी सफाई कर्मियों को एक सादे समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता चिकित्सा प्रभारी डॉ. राजेंद्र कुमार व संचालन मिथिलेश दुबे ने किया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि पलामू सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार सिंह ने सफाईकर्मियों को सम्मानित और पुरष्कृत किया। सिविल सर्जन डॉ. अनिल कुमार ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफाई की अहम भूमिका होती है। हम उन्हें सफाई कर्मी नहीं कहते हुए उन्हें सफाई मित्र कहकर बुलाना चाहिए। उन्हें सम्मान की नजर से देखा जाना चाहिए। क्योंकि सभी क्षेत्र में शुरूवात और अंतिम कार्य के बाद सफाईकर्मी की ही भूमिका अहम होती है। उन्होंने कहा कि जल्द ही विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सभी तरह का ऑपरेशन शुरू कर दिया जायेगा। इसके लिए सारी सुविधा इस सीएचसी को उपलब्ध करा दी जायेगी। इस दौरान उन्होंने विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना के तहत होने वाले सभी स्वास्थ्य कार्यों की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान सभी कार्य संतोषजनक पाया गया। उन्होंने बेहतर कार्य करने और क्षेत्र के सभी लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने वाले प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेंद्र कुमार की प्रशंसा की। मौके पर चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. मनोज थामस, डॉ. धीरज कुमार, आलोक कुमार सिंह, अतुल कुमार, कृष्ण कुमार, बीपीएम पंकज पाण्डेय, संतोष कुमार, बीडीएम रवि कुमार, अनिल पांडेय सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

## आस्था

### पांच दिवसीय वैदिक गौ महायज्ञ शुरू

## यज्ञ समाज को जोड़ने का काम करता है : संजय चंद्रवंशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**पांकी।** पांकी प्रखंड के ताल पंचायत के ग्राम सोरठ गांव में शुक्रवार को पांच दिवसीय वैदिक गौ महायज्ञ शुरू किया गया है। महायज्ञ जल, जंगल, जमीन, गांव और गाय को बचाने हेतु गौशाला का निर्माण कराने के उद्देश्य से महायज्ञ का आयोजन किया गया है। महायज्ञ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पांकी विधायक कुशवाहा डॉ. शशी भूषण मेहता के अनुपस्थिति में उनके निजी सचिव बच्चन ठाकुर, युवा समाजसेवी संजय चंद्रवंशी, विधायक प्रतिनिधि सुरेंदर सिंह ने कलश यात्रा में शामिल होकर, कलश यात्रा का शुरूआत किया।



मौके पर संबोधित करते हुए युवा समाजसेवी संजय चंद्रवंशी ने कहा कि यज्ञ से विश्व बंधुत्व की भावना जागृत होती है। यज्ञ समाज को जोड़ने का काम करता है। जीवन के संपूर्ण संस्कार ही यज्ञ है। महायज्ञ कार्यक्रम 24 मई को कलश यात्रा के साथ शुरू किया गया, साथ ही 25 मई से 28 मई तक प्रातः काल में पंच महाभूत पूजन 28 मई को हवन पूर्णाहुति विशाल भंडारा एवं संतों की विदाई दी जाएगी। कलश यात्रा में शामिल ताल मुखिया अनीता लोहरा, रंजय ठाकुर, अवधेश महतो, हरिद्वार महतो, बृजनंदन राम, राजीव रंजन सिंह सहित काफी संख्या में भक्तगन शामिल थे।

## गार्डवाल बनाने में अनियमितता का आरोप, ग्रामीणों ने काम को बंद करवाया

**नवीन मेल संवाददाता**

**सतबरवा।** प्रखंड के सेरंगदाग गांव में गार्डवाल बनाने में अनियमितता का आरोप लगा कर ग्रामीणों ने काम को बंद करवा दिया। सेरंगदाग से बनजारी तक सड़क निर्माण हो रहा है। जिसमें कई जगहों पर गार्डवाल बनाना है।



सतबरवा प्रखंड के सेरंगदाग में सेरंगदाग से बंजारी तक सड़क निर्माण का कार्य प्रगति पर है। इसी सड़क के किनारे कई जगहों पर गार्डवाल बनाया जा रहा है। जिसमें काफी अनियमितता बरती जा रही है। वहीं प्राक्कलन के अनुसार संवेदक के द्वारा काम नहीं कराया जा रहा है। सेरंगदाग गांव निवासी कमेश यादव ने बताया कि सेरंगदाग में गार्डवाल बनाने में भारी अनियमितता बरती जा रही है। गार्डवाल निर्माण के लिए एक फीट जमीन की खुदाई कर मात्र चार इंच ढलाई की जा रही है, जिसमें आठ एक का सीमेंट के मशाला से ढलाई किया जा रहा है। साथ ही रोड पर बाहर से मिट्टी ला कर नहीं भरा जा रहा है। धर्मेंद्र सिंह ने कहा कि प्राक्कलन के अनुसार संवेदक के द्वारा कार्य नहीं कराया जा रहा है।

इस विषय पर जेई संजय कुमार ने बताया कि ऐसा तो कोई मामला नहीं है, मैं स्थल पर गया था, फिर मैं कल जाउंगा, देखता हूं क्या मामला है।

# रोटरी स्कूल की बस में शॉर्ट सर्किट से लगी आग

## स्कूल के पड़ोसियों ने दिखाई सक्रियता बाद में फायर ब्रिगेड पहुंची

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रोटरी स्कूल के कैंपस में खड़ी एक बस में शुक्रवार शाम अचानक आग लग गई। जानकारी के अनुसार शॉर्ट सर्किट से आग लगी। हालांकि आग लगते ही उठ रहे धुएं को देखकर पड़ोसी सक्रिय हुए और पानी डालकर आग को बढ़ने नहीं दिया। बाद में फायर ब्रिगेड की टीम ने पूरी तरह से आग पर काबू पाया। इस दौरान स्कूल परिसर में भीड़ लगी रही और सड़क किनारे अफरा-तफरी की स्थिति बनी रही। बताया जाता है कि रोटरी स्कूल के कैंपस में एक साथ कई छोटी बड़ी बसें और गाड़ियां लगी हुई थी। करीब 4.30 अचानक स्कूल के आसपास रह रहे लोगों ने धुआं उठते देखा। आसपास नजर दौड़ाई तो रोटरी स्कूल के कैंपस में एक बस से धुआं निकलते देखा। सक्रियता दिखाते हुए पानी डालना शुरू किया। आसपास के घरों के अलावा स्कूल के नल से पानी डालकर आग बुझाई गई। हालांकि आग पूरी तरह से बुझ नहीं पाई थी। नीचे के हिस्से में पानी डाले जाने का असर नहीं हो रहा था, लेकिन लगातार पानी डाले जाने से आग बढ़ नहीं पा रही थीं। सूचना के करीब 45 मिनट बाद फायर ब्रिगेड के कर्मी मौके पर पहुंचे और आग पर पूरी तरह से काबू पाया। घटना के वक्त कैंपस में आठ बड़ी बसें एवं एक टाटा मैजिक लगी हुई थी। जिस बस में आग लगी, उसके अगल-बगल एक-एक बसें लगी हुई थी, जबकि पीछे में टाटा मैजिक लगी हुई थी। टाटा मैजिक के पीछे तीन बसें थीं। अगर आग विकराल रूप धारण करती तो कैंपस में खड़ी सभी बसें जल जाती और स्कूल में भी आग फैल सकती थी। बता दें कि गर्मी की छुट्टी हो जाने के कारण रोटरी स्कूल में कई दिनों से बसें कैंपस में लगी हुई थी।

### पड़ोसियों की मदद से अन्य बसों में नहीं लगी आग: अनुग्रह शर्मा



रोटरी स्कूल के चेयरमैन अनुग्रह शर्मा ने बताया कि 7 साल से संबंधित जगह पर स्कूल बसें लग रही हैं। कभी कोई घटना नहीं हुई। अचानक एक स्कूल बस में आग लगी, लेकिन पड़ोसियों की मदद से अन्य बसों में आग फैल नहीं पाई। स्कूल को भी कोई नुकसान नहीं हो पाया। उन्होंने पड़ोसियों की सक्रियता पर आभार जताया है। उन्होंने बताया कि गर्मी की वजह से बैटरी में शॉर्ट सर्किट हुई होगी। इस वजह से आग लगी। आग से बस का अगला हिस्सा जलकर क्षतिग्रस्त हुआ है।

## एक नजर

### फांसी लगाकर की आत्महत्या



**पाटन।** नावा जयपुर थाना अंतर्गत सुदूरवर्ती क्षेत्र के बूढ़ी गांव के हरेंद्र सिंह उम्र 41 वर्ष पिता सुंदर सिंह ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। मौके पर सूचना मिलते ही घटनास्थल पर पहुंची नावा जयपुर पुलिस। थाना प्रभारी कमल किशोर पाण्डेय ने बताया की परिजन द्वारा किसी पर कोई शक,या कोई आरोप नहीं लगाया है। फिर भी पुलिस जांच कर रही है। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

### राजहारा शिव मंदिर मे अखंड-कीर्तन का समापन

**पाटन।** प्रखंड के राजहरा पंचायत में बुद्ध पूर्णिमा के शुभ अवसर पर राजहारा के शिव मंदिर मे अखंड सह कीर्तन का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं द्वारा जय सियाराम जय जय सियाराम का उच्चारण कर 24 घंटे का अखंड का समापन शुक्रवार को किया गया। इस अखंड कार्यक्रम की अध्यक्षता बसंत दुबे के देख रेख में संपन्न हुई।

## पलामू टाइगर रिजर्व में मोर दिखा, पर्यटकों में खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय पक्षी मोर की एक अच्छी खासी संख्या बेतला नेशनल पार्क में है। बेतला नेशनल पार्क में फिलवक्त मोर **पर्यटकों को** दिख जाता है।ें पलामू टाइगर रिजर्व के स्थापना काल से मोर इस क्षेत्र में देखे जाते रहे हैं। मोर की गणना नहीं होती है। जानकारी के अनुसार पलामू टाइगर रिजर्व में अभी तक ऐसी कोई घटना नहीं हुई है, जब किसी मोर का शिकार किया गया हो। लेकिन मोरनी के अंडे चुरा लिए जाते हैं। मोरनी के अंडे या तो बिक्री कर दिए जाते हैं या फिर मुर्गी के अंडे के साथ रखकर दिया जाता है। पलामू टाइगर रिजर्व के कर्मियों ने लोगों से आग्रह किया है कि वह ऐसा करने से बचे।



## अवैध कोयला लदे ट्रक ने चेकनाका तोड़ कर भागने का किया प्रयास

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** कल तड़के 3:30 बजे कोयला से लदी एक ट्रक कुंदरी चेकनाका को तोड़ कर भागने की कोशिश की। यह ट्रक 16 चक्के का था। इस कुंदरी चेक नाका पर तैनात वन कर्मियों ने पहले रोका उसके बाद इसके ड्राइवर ने तेजी से रुकी हुई ट्रक को जिस पर कोयला अवैध लदा हुआ था लेकर भागने के चक्कर में कुंदरी के चेक नाका को तोड़ दिया। लेकिन वह अपने इस प्रयास में सफल नहीं हो पाया। वन कर्मियों ने बहुत मुश्किल से अवैध कोयले के लदे इस ट्रक को आखिरकार पकड़ ही लिया। लेकिन इसी आपाधापी में ट्रक ड्राइवर भागने में सफल हो गया। यह जानकारी कुंदरी रेंज के प्रभारी रेंज अधिकारी उमेश कुमार दुबे ने दी है। उन्होंने बताया और उसे पर लदे अवैध कोयले को जब्त कर लिया गया है। इस साल की यह पहली घटना बताई जा रही है। क्योंकि चेकनाका दो दिन से कारगर हुआ है और कोयला के तस्करों ने यह हरकत की है। कुंदरी चेकनाका पर सुरक्षा व्यवस्था कोऔर बढ़ा दिया गया है।



## न्यूज बॉक्स

### मारपीट में संलिप्त एक आरोपी गिरफ्तार, जेल

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावाबाजार।** थाना क्षेत्र के सोहदाग खुर्द गांव निवासी 23 वर्षीय बाबूलाल सिंह को नावाबाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। आरोपी बाबूलाल सिंह के ऊपर गुरुवार को थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। नावाबाजार पुलिस ने गिरफ्तार कर उसे न्यायिक हिरासत में भेजा। जानकारी के अनुसार चार दिन पूर्व पारिवारिक विवाद में पारा शिक्षक भिषम नारायण सिंह के ऊपर जानलेवा हमला किया था। जिसमें शिक्षक गंभीर रूप से घायल हो गए थे। जिसका इलाज मेदनीनगर स्थित एक निजी अस्पताल में चल रहा है। पारा शिक्षक विषम नारायण सिंह के द्वारा जानलेवा हमले को लेकर नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसे गंभीरता से लेते हुए नावाबाजार थाना प्रभारी चिंटू कुमार के द्वारा गुप्त सूचना के आलोक में उसे गिरफ्तार किया गया।



### नीलाम्बर- पीताम्बर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक को सौंपा ज्ञापन



**मेदिनीनगर।** अखिल झारखण्ड छात्र संघ (आजसू ) के एक प्रतिनिधिमंडल ने आज नीलाम्बर- पीताम्बर विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक एम के दीपक से मुलाकात कर परीक्षा विभाग से सम्बंधित कई विषयों पर चर्चा करते हुए एक ज्ञापन भी सौंपा । ज्ञापन में मांग किया गया कि कई महीनो से लंबित सभी परीक्षा परिणाम जल्द से जल्द प्रकाशित करें विश्वविद्यालय ताकि शैक्षणिक सत्र नियमित किया जा सके। कई मुद्दों पर चर्चा करते हुए परीक्षा नियंत्रक का ध्यान महाविद्यालयों द्वारा इंटरनल और प्रैक्टिकल पर आकर्षित कराते हुए प्रतिनिधिमंडल ने बताया कि महिला महाविद्यालय के अलावा किसी भी महाविद्यालय में ईवीएस पेपर का प्रैक्टिकल परीक्षा नहीं लिया गया है। आने वाले समय में इसके वजह से छात्र- छात्राओं के परीक्षा परिणाम में गड़बड़ होगा तब इसका जिम्मेवार कौन होगा। परीक्षा नियंत्रक ने तत्काल महाविद्यालयों के प्राचार्यो से इस सम्बद्ध में जानकारी प्राप्त की तथा जल्द से जल्द प्रैक्टिकल और इंटरनल परीक्षा लेकर परीक्षा विभाग को भेजने का निर्देश दिया। ताकि जल्द से जल्द लंबित परीक्षा परिणाम प्रकाशित किया जाये। जेनेरिक पेपर की परीक्षा पर भी परीक्षा नियंत्रक ने सकारात्मक जवाब देते हुए जल्द परीक्षा तिथि की घोषणा करने की बात कही। मौके पर छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि महाविद्यालय के प्राचार्यो को विषयों से सम्बंधित जानकारी ना होना दुर्भाग्यपूर्ण है। छात्रों के परीक्षा परिणाम में गड़बड़ी होने का कारण महाविद्यालय भी होता है, जो सही समय पर इंटरनल प्रैक्टिकल का नंबर नहीं भेजता है। छात्र नेता हिमांशु रंजन ने कहा कि जल्द से जल्द यूजी सत्र 2021-24 सेमेस्टर 4, यूजी सेमेस्टर 2 सत्र 2022-26, पीजी सत्र 2022-24 का परीक्षा परिणाम प्रकाशित किया जाए । मौके पर सौरव, आयुष, नयन, अंकित आदि छात्र उपस्थित थे।

### पानी के नाम पर बेमतलब चिंता जता रही हैं पूर्व मेयरः रूचिर तिवारी

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह राष्ट्रीय परिषद सदस्य रूचिर कुमार तिवारी राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह, अखिल भारतीय नौजवान संघ के जिला अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी उपाध्यक्ष आलोक कुमार तिवारी ने पूर्व मेयर अरुण शंकर के कार्य शैली पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि हम टैंकर से पानी दे रहे हैं जबकि नगर निगम के द्वारा नगर वासियों को टैंकर से पानी का सप्लाई किया जा रहा है। पूर्व मेयर ने अपने कार्यकाल में लोगों को पीने का पानी की व्यवस्था भी नहीं कर पाई बल्कि फेज -2 के निर्माण कार्य में भी अवरोध डालते रहें और आज पानी के नाम पर चिंता जता रही हैं जबकि इन्हीं के बगल में पानी का जल स्रोत नवा टोली खास महल तालाब का अतिक्रमण भी कर बैठे हैं एवं मेयर के कार्यकाल में ही मेदिनीनगर नगर निगम के साथ छोटे-बड़े तालाबों का अतिक्रमण हो गया। जिसका संरक्षण पूर्व मेयर ने दिया था।

## जलमीनार पर एकाधिकार जमाने के चक्कर में पानी टंकी में किया छेद

### पानी के लिए तरस रहे हैं स्थानीय ग्रामीण

**नवीन मेल संवाददाता**

**नौडीहा बाजार।** प्रखण्ड अंतर्गत लक्ष्मीपुर पंचायत के नवाडीह टोला बस्ती में जलमीनार में एकाधिकार के चक्कर में अक्षय भुइया पिता योगी भुइया ने सबल रॉड से पानी टंकी में छेद कर दिया। स्थानीय ग्रामीणों ने कहा कि योगी भुइयां के घर के बगल में सरकारी जलमीनार लगा हुआ है। जिससे हम लोग स्थानीय ग्रामीण प्रतिदिन पानी इस्तेमाल करते थे। जिसको लेकर प्रतिदिन योगी भुईयां लोगों से विवाद करते रहता था। उसका कहना था यह की मेरे नाम से और मेरे जमीन पर जलमीनार है। किसी को पानी नहीं लेने देंगे। जब विवाद बड़ा हुआ तो उसके बेटे जलमिनार पर चढ़ कर टंकी में छेद कर दिया। जिससे पानी टंकी में पानी रहेगा ही नहीं तो कैसे इस्तमाल करेंगे। वहीं पानी टंकी में छेद होने के कारण पानी जमा नहीं रह पा रहा है। लोग पानी का इस्तेमाल नहीं कर पा रहे हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि नावाडीह बस्ती में मात्र एक ही जलमिनर था। जिससे की पूरे बस्ती के लोग पानी पिया करते थे। अब टैंक फूट जाने की वजह से काफी परेशानियां हो रही है। आस-पास के सभी चापाकल का लेयर नीचे चल जाने के कारना चपाकल से पानी-पीने के लिए भी बहुत कठिनाई उठानी पड़ रही है। स्थानीय लोग प्रशासन से कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। साथ ही पानी का स्थाई व्यवस्था की मांग की है।

नावाडीह बस्ती में मात्र एक ही जलमिनर था। जिससे की पूरे बस्ती के लोग पानी पिया करते थे। अब टैंक फूट जाने की वजह से काफी परेशानियां हो रही है : स्थानीय ग्रामीण



## वन विभाग की टीम ने ऑटो पर लदे अवैध कीमती लकड़ी को किया जब्त



**नवीन मेल संवाददाता**

**कुंदरी।** वन क्षेत्र पदाधिकारी उमेश कुमार दुबे के नेतृत्व में वन विभाग की टीम ने गुरुवार की सुबह लगभग 4 बजे अवैध कीमती लकड़ी लदे एक तीन पहिया ऑटो को पांकी थाना क्षेत्र के ताल घाटी से पीछा करते हुए मंझौली में धर दबोचा। हालांकि इस दौरान ऑटो चालक ऑटो छोड़कर फरार हो गया। इसके बाद वन विभाग की टीम ने निजी चालक की मदद से ऑटो एवं ऑटो पर लदे कीमती चिरान लकड़ी को अभीरक्षा हेतु कुंदरी ले गई। वन विभाग की टीम ने जांच में पाया कि इस अपराध में परसावां गांव निवासी शमीम अंसारी पिता कबीर अंसारी का नाम शामिल है। जो तस्करी हेतू लकड़ी ले जा रहा था। जिसपर वन अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। कुंदरी वन क्षेत्र के पदाधिकारी ने बताया कि वनों के बचाव को लेकर इस तरह के अभियान लगातार चलाए जा रहे है, आगे भी जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि अपराधियों को बक्सा नहीं जाएगा। वन विभाग की टीम में प्रभारी वनपाल राम श्रेष्ठ कुमार ओम प्रकाश सिंह शुभम सिंह सुहाना सौरभ एवं अरुण दास शामिल थे।

## लिलिपुट समर कैंप में बच्चों को बताए गए ट्रैफिक नियम



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नावाटोली स्थित लिलिपुट प्ले स्कूल के समर कैम्प में आज दिन शुक्रवार को बच्चों के बीच एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों को यातायात संबंधी नियमों की जानकारी दी गई । स्कूल की शिक्षिकाओं ने ट्रैफिक सिग्नल एवं रूल्स बोर्ड के माध्यम से बच्चों को बताया कि हमें किस तरह से उनका पालन करना है । कार्य्रकम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डालटनगंज के ट्रैफिक प्रभारी शमैल अहमद आए । सबसे पहले उनका स्वागत स्कूल की प्राचार्या रेणु गोयल एवं निदेशक राजीव गोयल ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर किया । उन्होंने बच्चों को यह संदेश दिया कि हमेशा हैलमेट पहनकर गाड़ी चलानी चाहिए और गाड़ी का इंश्योरेंस एवं ड्राइविंग लाईसेंस हमेशा साथ रखना चाहिए क्योंकि हर मोड़ पर यमराज हमारे लिए ताक लगाए बैठे हैं , ट्रैफिक नियमों का पालन कर ही उनसे बचा जा सकता है । उन्होंने बताया कैसे हमें ग्रीन लाइट को देखकर गाड़ी आगे बढ़ानी है और लाल लाइट को देखकर रुक जाना है । पैदल चलने के लिए हमेशा जेब्रा क्रॉसिंग का ही इस्तेमाल करना है । अगर हम इन नियमों को तोडेंगे को हमें चालान के रूप में पैसे भरने पड़ते हैं। शिक्षिकाओ एवं ड्राईवर ने एक्ट के माध्यम से बच्चों को ट्रैफिक नियम की जानकारी दी । इस कार्यक्रम का संचालन रश्मि हिम्मतरामका ने किया एवं ट्रैफिक पुलिस की भूमिका में मन्नत सिंह बग्गा नजर आए । फलक, नंदिनी, आयुशी, करनाली, प्रिया, तृप्ति , सपना, खुशी, रानी, आँचल, अरीबा, ईशु, ज्ञानवी इन सभी ने कार्यक्रम में अहम भूमिका निभाई।

### पॉलिथिन के उपयोग पर रोक जरूरी

**मेदिनीनगर।** प्रशासनिक प्रयास के बावजूद पॉलिथिन का उपयोग कम नहीं हो रहा है। क्रेता-विक्रेता अभी इसका उपयोग धड्ल्ले से कर रहें है। देखा जाय तो कुछ दिन तक कड़ाई के बाद इसकी बिक्री शुरू हो जाती है।

## फर्जी चरित्र प्रमाण पत्र बनाने के मामले में पुलिस को मिले अहम सुराग

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर ।** पलामू जिला में दो वर्ष पूर्व एसपी के फर्जी हस्ताक्षर कर चरित्र प्रमाण पत्र बनाने के मामले में पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पुलिस मजदूरों के दूसरे प्रदेश में जाने के दौरान चरित्र सत्यापन प्रमाण पत्र की आवश्यकता होती है। ऐसे में वे किसी न किसी माध्यम से चरित्र प्रमाण पत्र बनवाते हैं। पुलिस जांच में खुलासा हुआ है कि तत्कालीन एसपी के फर्जी हस्ताक्षर से चरित्र प्रणाम पत्र भी जारी किया गया था। सूत्रों के अनुसार चरित्र प्रणाम पत्र बनाने के गोरखधंधे में एक गिरोह सक्रिय है, जो प्रवासी मजदूरों को निशाना बना रहा है। सूत्रों के अनुसार जुलाई 2023 को पलामू एसपी कार्यालय के गोपनीय शाखा में आर्म्स डिप्टी चीफ ऑफिसर फोर प्रोजेक्ट डायरेक्टर, शिप बिल्डिंग सेंटर, गोस्थाज गेट नेवल बेस विशाखापट्टनम के लेफ्टिनेंट अभिषेक का एक पत्र आया था। इस पत्र में चरित्र प्रमाण पत्र का सत्यापन के साथ-साथ आधार कार्ड भी लगा हुआ था। सभी चरित्र प्रमाण पत्र पलामू एसपी के कार्यालय से जारी किए गए थे। पलामू पुलिस ने जब पत्रांक को मिलना शुरू किया तो 12 व्यक्तियों का चरित्र प्रमाण पत्र फर्जी पाया गया। सभी के चत्रित प्रणाम पत्र पर तत्कालीन एसपी का फर्जी हस्ताक्षर था। पुलिस सूत्रों के अनुसार एसपी के फर्जी हस्ताक्षर का मामला सामने आने के बाद 12 आरोपियों के खिलाफ मेदिनीनगर टाउन थाना में एफआईआर दर्ज करायी गई थी। इसके बाद पलामू पुलिस आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास कर रही है। सूत्रों का माने तो प्रवासी मजदूरों का फर्जी चरित्र प्रमाण पत्र बनाने और पुलिस वेरिफिकेशन करवाने में एक गिरोह शामिल है। पुलिस के अनुसंधान में कई तथ्य निकलकर सामने आये हैं। पुलिस को गिरोह से जुड़ी कई जानकारी मिली हैं। पुलिस फिलहाल गिरोह से जुड़ी हुई सारी जानकारी और नाम पता का सत्यापन कर रही है।

### अनुसंधान किया जा रहा है : एसपी

इस संबंध में पलामू एसपी रीष्मा रमेशन ने कहा कि यह दो साल पुराना मामला है। 2023 में शहर थाना केस दर्ज किया गया था। पुलिस पूरे मामले में कार्रवाई कर रही है। इस संबंध में शहर थाना प्रभारी देवव्रत पोद्दार ने बताया कि मामला पुराना है। अभी अनुसंधान कर्ता पुलिस अधिकारी उपलब्ध नहीं है। इसलिए विशेष जानकारी नहीं है। लेकिन मामले में अनुसंधान जारी है।

## प्रतियोगिता

### हजारीबाग में होगा दो दिवसीय तीरंदाजी प्रतियोगिता

# तीरंदाजी प्रतियोगिता में भाग लेंगे संत मरियम स्कूल के छात्र

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** अंतर जिला तीरंदाजी प्रतियोगिता में संत मरियम स्कूल के छात्र भाग लेंगे। जानकारी के अनुसार हजारीबाग तीरंदाजी संघ के द्वारा दो दिवसीय तीरंदाजी सेमिनार का आयोजन 25 मई से 26 मई तक हजारीबाग खेल स्टेडियम में किया गया है। जिसमें पलामू से 15 खिलाड़ियों का चयन पलामू तीरंदाजी संघ के द्वारा जिला स्तरीय प्रतिस्पर्धा आयोजित कर के किया गया। जिसमे संत मरियम स्कूल के अंकित शर्मा, विशाल कुमार, रोहित कुमार, प्रीतम राज , सूरज चौधरी, अंश राज , सौरव कुमार अभिषेक कुमार सिंह, हिमाशु कुमार यादव, अभय सिंह का चयन किया गया। यह सभी खिलाड़ियों संत मरियम स्कूल शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन के साथ भाग लेने गए हैं। मौके पर सुमित बर्मन ने बताया कि आगामी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सके। इस वजह से हजारीबाग तीरंदाजी संघ के द्वारा अंतर जिला स्तरीय तीरंदाजी सेमिनार का आयोजन किया गया है।

प्रतियोगिता की तैयारी करते छात्र



आगामी राज्य स्तरीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर सके। इस वजह से हजारीबाग तीरंदाजी संघ के द्वारा अंतर जिला स्तरीय तीरंदाजी सेमिनार का आयोजन किया गया है : शारीरिक शिक्षक सुमित बर्मन

## जूनियर राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता में पलामू के रिशु सिंह ने जीता कांस्य पदक

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नामकुम ग्रीन वॉल स्टेडियम में 20वीं जूनियर राज्य स्तरीय वुशु प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें पलामू जिला से 13 खिलाड़ियों ने भाग लिया। इसमें नवावडीह कला, बिश्रामपुर प्रखंड के निवासी रामनाथ सिंह का पुत्र रिशु सिंह ने कांस्य पदक जीता। जीत के पश्चात पलामू वुशु संघ के अध्यक्ष रमेश प्रसाद ने रिशु को बधाई दी । मौके पर वुशु संघ सचिव सुमित बर्मन ने कहा की रिशु पहली बार राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गया था और पहली बार में ही उसने शानदार जीत हासिल किया। रिशु बिश्रामपुर के परफेक्ट स्पोर्ट्स एकेडमी में वुशु खेल का तैयारी करता है। जिसका निर्देशक डॉक्टर आजू सिद्दीकी है। सभी खिलाड़ी पलामू से 21 मई को टीम मैनेजर विकाश कुमार के साथ गए हैं।



## एक नजर

### अवैध बिजली चोरी के विरुद्ध नौ लोग पर प्राथमिकी दर्ज

**धुरकी।** धुरकी विद्युत विभाग के द्वारा गुरुवार को अवैध बिजली चोरी कर जलाने वाले के विरुद्ध विद्युत विभाग के कनिए अभियंता अमल राय के नेतृत्व में संघन छापामारी अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान शारदा गांव एवं सोनडिहा गांव से 9 लोगों के विरुद्ध टोका लगाकर अवैध बिजली चोरी करते हुए पकड़ा गया। जिनके विरुद्ध में धुरकी थाने में कनिए अभियंता ने लिखित आवेदन देकर नाम दर्ज लोगों पर कार्रवाई की है। कनिए अभियंता ने बताया कि थाना क्षेत्र के अंतर्गत जो भी लोग अवैध बिजली चोरी करते पकड़े जायेंगे उनके विरुद्ध नियम संगत कार्रवाई होगी। इस दौरान इस छापामारी अभियान में दैनिक भोगी बिजली कर्मी सद्दाम हुसैन, बदरुद्दीन अंसारी, अवधेश कुमार शामिल थे।

### कीटनाशक खाकर व्यक्ति ने किया आत्महत्या का प्रयास

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के करके गांव निवासी वीरेंद्र प्रजापति का पुत्र दुर्गेश प्रजापति कीटनाशक खाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि आपसी घरेलू किसी बात को लेकर उसकी पत्नी से नोक झोक हुई थी इसी बात से आक्रोशित होकर दुर्गेश प्रजापति ने कीटनाशक खा लिया। घटना के जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे आनंन -फानन में गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया। जहां चिकिस्को के अनुसार उसकी स्थिति खतरे से बाहर बताया गया है।

### मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक घायल

**गढ़वा।** गढ़वा थाना क्षेत्र के गरनाहा गांव निवासी स्वर्गीय देवाराम का पुत्र प्रसाद राम मोटरसाइकिल दुर्घटना में घायल हो गया। उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि गुरुवार को बाजार करने के लिए गढ़वा आया हुआ था। वापस लौट के दौरान गरनाहा गांव में सड़क का निर्माण हो रहा है। इसके कारण सड़क पर गिट्टी पसरा हुआ था इसी कर्म में उसकी मोटरसाइकिल गिट्टी पर पड़ने के कारण अनियंत्रित होकर गांव में पलट गई। घटना की जानकारी मिलने के बाद परिजनों ने उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया।

### पेड़ से गिरकर एक घायल

**मेराल।** मेराल थाना क्षेत्र के अरंगी गांव में आम तोड़ने के दौरान एक व्यक्ति आम के पेड़ से नीचे गिरकर घायल हो गया। इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि घर के पास आम का पेड़ था उसी पर चढ़कर रितेश कुमार आम तोड़ रहा था इसी कारण में पेड़ से नीचे गिर गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद उसे गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### करंट लगने से एक व्यक्ति झुलसा

**गढ़वा।** जरही गांव में बिजली के करंट लगने से एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया घायल व्यक्ति गोपाल यादव का पुत्र अजीत कुमार यादव बताया गया है उसे इलाज के लिए गढ़वा सदर अस्पताल में भर्ती किया गया है घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि अजीत कुमार यादव टैंकर में पानी भर रहा था इसी दौरान उसके ऊपर से बिजली का तार गया हुआ था टैंकर मे पानी भरने के क्रम मे बिजीली के तार उसके कान में टच हो गया इससे करंट लगने से वह बुरी तरह घायल हो गया।

# शहर के कूड़ा से दानरो नदी पर खतरा, प्रशासन मौन




**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

शहर के बीच से गुजरी दानरो नदी का अस्तित्व खतरे में आ गया है. नगर परिषद, गढ़वा की ओर से लगातार दानरो नदी में शहर का कचरा डालने की वजह से इसका पाट लगातार कम हो रहा है।

**नगर परिषद की ओर से अब तक हजारों ट्रैक्टर कचरा नदी में डाला जा चुका है।**

नगर परिषद की ओर से अब तक हजारों ट्रैक्टर कचरा नदी में डाला जा चुका है। इस डाले गये कचरे से नगर परिषद नदी की गहराई को भरकर उसे समतल कर रही है। नदी में एक तरफ से नगर परिषद कचरा डाल कर उसे समतल कर रही है, तो दूसरी तरफ उस पर गुमटी, झोपड़ी आदि लगाकर लोगों द्वारा अतिक्रमण भी किया जा रहा है। हाल के दिनों में अचानक यहां दर्जनों झोपड़ी व गुमटी लग गयी है। कभी स्वच्छ पानी जिसका उपयोग नहाने के साथ-साथ पीने के लिये भी इस्तेमाल में लाया जाता था। उस पूरी नदी में अब नालियों का बदबूदार पानी, नगर परिषद द्वारा फेंके गये प्लास्टिक आदि के कचरे बिखरे पड़े हुए हैं।

गढ़वा नगर पंचायत के गठन के बाद नदी के किनारे बने तटबंध से सटाकर श्मशान घाट के सामने कचरा डाला जा रहा था। लगातार कचरा डालने के बाद वहां का गड्ढा पूरी तरह से भर चुका है। इसलिए अब नगर परिषद तटबंध की दूसरी ओर सीधे नदी में (सरस्वतिया व दानरो नदी संगम पर) कचरा डाल रही है। इससे पुरानी बाजार से लेकर सरस्वतिया व दानरो नदी के संगम तट तक की काफी जमीन समतल हो गयी है। वही समाहरणालय और जेल से सटे हुए सरस्वती नदी में नगर परिषद के कचरा को फेका जा रहा है। नगर परिषद के अलावे अब लोग भी यहां मकान निर्माण के मलवे, घरों के कचरे, मरे जानवरों के शव आदि फेंक रहे हैं। इससे नदी तो प्रदूषित हो रही है, दूसरी ओर महामारी और संक्रामक रोग फैलने का खतरा भी शहर पर मंडरा रहा है। बरसात में जब दानरो नदी में पानी आता है, तब पानी के साथ नदी का कचरा भी बहता है और इसके संपर्क में आनेवाली दूसरी कोयल व सोन जैसी नदियां भी इस गंदगी की चपेट में आ जाती है।

शहर के दानरो और सरस्वती नदी का बहुत जल्द दिन बदलने वाला है दोनों ही नदी का डीपीआर बनाकर तैयार है आचार संहिता के बाद उसे दिशा में कार्य शुरू होगा।

### सरस्वती नदी पहले ही खो चुका है अस्तित्व

**मालूम हो कि कचरा फेंके जाने और अतिक्रमण की वजह से गढ़वा शहर की दूसरी नदी सरस्वतिया पहले ही नाले में बदल चुकी है। इस नदी की वर्तमान हालत यह हो गयी है कि गंदगी व बदबू की वजह से इसके पास से भी कोई गुजरना नहीं चाहता। कई स्थानों पर दानरो नदी की हालत भी कमोवेश यही हो गयी है।**

### कानून विशेषज्ञों द्वारा नगर परिषद कानून का करे उल्लंघन, तो सजा कौन करेगा तय

**नगर पालिका अधिनियम 1956 के भाग 11 के अध्याय 38 की कई धाराओं में शहर में गंदगी और अव्यवस्था को लेकर जुमार्ना करने के अधिकार दिये गये हैं, लेकिन बड़ा सवाल यह है कि जब नगर परिषद खुद ही इन सभी कानूनों का उल्लंघन करे, तो उसके लिए सजा कौन तय करेगा। भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 268 पब्लिक न्यूसेंस को लेकर भी प्रावधान रखे गये हैं। इसमें धुआं फैलाने और ध्वनि प्रदूषण करने पर छह माह, धारा 270 में संक्रामक रोग फैलाने जैसा काम पर दो साल की सजा का प्रावधान है। धारा 277 के तहत जलस्त्रोत या जलाशय में कचरा डालने, उसे गंदा करने पर तीन महीने की सजा या 500 रुपये जुमार्ने का प्रावधान है। धारा 278 में वायुमंडल अस्वास्थ्यकर करने पर 500 रुपये जुमार्ना का प्रावधान है।**

### बाईपास एन.एच.-75 सड़क निर्माण से ग्रामीणों का पुराना रास्ता का होगा सामाधन

**रमना।** -एन.एच. -75 रमना में एम.जी.एम कम्पनी द्वारा बन रहे बाई पास सड़क से रमना पंचायत के मूर्ति टोला दो भागो में बट जा रहा है, जिससे इस टोला के ही नही अन्य पंचायतो के ग्रामीणो को थाना, प्रखंड और बाजार आने जाने में लम्बी दुरी तय करना पड़ेगा, जिससे पैदल आने-जाने वालो जरूरतमंद ग्रामीणों को काफी कथिनाई होगी, क्योंकि बाईपास एन.एच.-75 निर्माण होने से पुराना गली की सड़क बंद हो जा रही है,जिससे इस टोला के साथ ही साथ अगल बगल के पंचायत के ग्राम वासी भी प्रभावित हो रहे है, जिसमें दक्षिण दिशा के ग्रामीणों को थाना और रेलवे स्टेशन जाने में लम्बी दुरी तय करना पड़ेगा और उत्तर दिशा के ग्रामीणों को प्रखंड मुख्यालय और मुख्य बाजार आने में लम्बी दुरी तय करना पड़ेगा। इस समस्या को लेकर मूर्ति टोला के ग्रामीणों के द्वारा सड़क निर्माण करा रही कम्पनी और राष्ट्रीय राज्य मार्ग निदेशक को लिखित आवेदन दिये थे लेकिन कोई भी कारगर पहल नही होने के बाद ग्रामीणों नें उक्त समस्या को जिलाध्यक्षा शांति देवी को उक्त स्थल पर बुलाकर आने-जाने में होने वाली परेशानी को बताया, और सड़क निर्माण कार्य को रोक दिया।

### करोड़ो रु. खर्च कर ग्रामीणों को नहीं मिल रहा पानी



**भवनाथपुर।** ग्रामीण क्षेत्रो के घरो में शुद्ध पेयजल हेतु पीएचडी के तहत लगाये जाने वाली जलमीनार योजना में भारी भ्रष्टाचार का मामला उजागर हुआ है। मामला कैलान पंचायत अंतर्गत कोणमंडरा गाँव के मुरार तथा अधेलिया टोला का है। यहाँ विभाग के सरकारी दस्तावेजो में लाखो करोड़ो रुपए खर्च कर ग्रामीणों के घरो में शुद्ध पेलजल उपलब्ध कराये जाने की दावा किया जा रहा है, परंतु इसके विपरीत यहाँ के ग्रामीण पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे है। मुरार टोला में संवेदक द्वारा बिना एक भी जलमीनार लगाये ही टोले के सभी घरो में नल का कनेक्शन कर सरकारी राशि का गबन कर दिया गया है। बरती गई भ्रष्टाचार का आलम यह है, इस भीषण गर्मी में मुरार टोला के ग्रामीण पानी की बूंद बूंद के लिए तरस रहे है। उक्त टोला के ग्रामीण गीता कुमारी, लालमुनी सिंह, जयराम राम, अजय सिंह, लालती देवी, कमोदा देवी, रामकिशुन राम, बिनोद सिंह, देवंती देवी, ललिता देवी यहाँ 20 घर है, जिसमें ढ़ाई सौ आबादी निवास करते है। बताया कि बिगत डेढ़ वर्ष पूर्व सभी घरो में सिर्फ नल लगाकर छोड़ दिया गया है। जबकि पेयजलापूर्ति हेतु लगाये जाने वाली सोलर जलमीनार लगा ही नही है। इस भीषण गर्मी में ग्रामीणो को पिने के पानी के लिए दर दर भटकना पड़ रहा है, अगर किसी के घर में शादी विवाह होता है, तो उस घर के लोग भाड़े पर टैंकर से पानी मंगाकर किसी तरह कार्य करते है।

### मनरेगा के तहत संचालित आम बागवानी में बिना काम किए राशि का किया गया भुगतान

**बड़गड़।** बड़गड़ प्रखंड में संचालित मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना आम बागवानी में बिना काम किए सामग्री मद की राशि भुगतान किए जाने का मामला प्रकाश में आया है । इस संबंध में योजना के लाभुक परसवार पंचायत के गोठनी गांव निवासी रंजन कुमार सोनी ने जांच कर उचित कार्रवाई के लिए बड़गड़ प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार पासवान से लिखित शिकायत की है। इस संबंध में लाभुक रंजन कुमार सोनी ने बताया की वित्तीय वर्ष 2023 - 24 में मनरेगा के तहत बिरसा हरित ग्राम योजना आम बागवानी योजना मेरे नाम से स्वीकृत हुआ था जिसका वर्क कोड संख्या 5189 उक्त योजना पर ऑन गोइंग के पश्चात भूमि विवाद के कारण रोक लगा दी गई थी । बावजूद मनरेगा कर्मियों की मिली भगत से योजना में सामग्री मद की राशि 33819 रु सहित कुल 34329 रु का भुगतान की गई है उक्त योजना में लाभुक द्वारा पौधा लगाने के लिए गढ्ढे की खोदाई मजदूरों के माध्यम से कराया गया था। वेंडर द्वारा सामग्री के रूप में पौधे या उर्वरक उपलब्ध नहीं कराया गया था। फिर भी सामग्री मद का पैसा का भुगतान किया जाना मनरेगा कर्मियों एव पदाधिकारियों की लापरवाही को दशार्ता है।

### मातमी सन्नाटे को चीरता पलायन का शोर

# एक माह में एक दर्जन से अधिक मजदूरों की मौत

**बिट्टू सिंह। केतार**

प्रखंड स्तर पर रोजगार नहीं मिलने के कारण यहां के लोग रोजगार की तलाश में दुसरे राज्यों में पलायन करने को मजबूर हैं। वें यहां से बाहर जाकर मजदुरी करते हैं तो उनके घरों में चुल्हे जलते हैं। परिवार के परिवरिश के बोझ के तले दबे बदकिस्मत कई मजदुर ऐसे होते हैं जिनकी मौत परदेश में बिमारी से या तो काम के दौरान एक्सीडेंट से हो जाती है। हाल के ही आंकड़े पर गौर किया जाए तो केतार, भवनाथपुर, खरौंधी, धुरकी,रमुना प्रखंड के एक दर्जन से अधिक मजदूरों की मौत काम करने के दौरान प्रदेश में हो गई है। दो दिन पुर्व केतार प्रखंड के कधवन गांव के कृष्णा चौधरी की मौत गुजरात के अहमदाबाद में और मेरौनी गांव के भोला शंकर तिवारी की मौत काम के दौरान विधुत करेंट लगने बैंगलोर में हो गयी। जबकि दो दिन पुर्व ही खरौंधी प्रखंड के मझिगवां पंचायत के दो युवक ज्योतिन कुमार सिंह की मौत बैंगलोर में जबकि सरहिया गांव शम्भू पासवान गुजरात जाने के क्रम सोमवार को ट्रैन से गिरकर मौत हो गया। ज्योतिन के परिवार काफी गरीब है इस कारण वो उसका शव घर नहीं मांगा पाये जिस कारण उसका अंतिम संस्कार गांव के मजदूरों द्वारा वहीं पर कर दिया गया। ये सभी लोग अपने-अपने परिवार का भरण-पोषण करने के लिए मजदुरी करने गये थे। इधर धुरकी प्रखंड के गनियारी खुर्द गांव के सुनील भुइयां (40) की मौत उड़ीसा में बीमारी से हो गयी।वह कुछ माह पहले ही मजदुरी करने उड़ीसा गया है।

वैसे तो सरकारी स्तर पर हर पंचायत में मनरेगा से योजना संचालित किया जा रहा है। लेकिन दिहाड़ी मजदूरी की अपेक्षा मनरेगा में कम मजदूरी होने तथा भुगतान की प्रक्रिया का जटिल होने के कारण इस योजना में रूचि नहीं लेते हैं।

निबंधन नहीं कराने से सरकारी योजनाओं का नहीं मिलता है लाभ

गांव देहात में जीवन यापन करने वाले मजदूर जानकारी के आभाव में आपना निबंधन करायें बिना दुसरे राज्यों में पलायन कर जाते हैं। नतीजा होता है की सरकार द्वारा मिलने वाले सुविधाओं से इनके आश्रितों को वंचित रहना पड़ता है। उल्लेखनीय है की निबंधन कराकर बाहरी राज्यों में पलायन करने वाले मजदूरों की मृत्यु होने पर उनके आश्रितों सरकारी योजनाओं का लाभ ले सकते है। लेकिन केतार-भवनाथपुर क्षेत्र की विडंबना ऐसा है की 90 प्रतिशत मजदूर ऐसे हैं जो बिना निबंधन करायें दुसरे राज्यों में पलायन कर जाते हैं। वहीं पर काम के दौरान उनकी मौत हो जाती है पर उनके परिजनों को सरकारी सुविधाओं से वंचित रह जाना पड़ता है।

**मजदूरों का निबंधन कराने में विभाग नहीं लेता दिलचस्प**

दुसरे राज्यों में पलायन करने वाले मजदूरों को निबंधन कराने वाले मजदूरों को लेकर विभाग मौन रहती है। अगर विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार प्रसार के माध्यम से पलायन करने वाले मजदूरों को निबंधन सम्बन्धित जानकारी दी जाती तो मजदूर निबंधन कराने के पश्चात ही पलायन करते। लेकिन विभाग मजदूरों को निबंधन कराने में उदासीनता रवैया अपना रही है ।इस कारण काम के दौरान जिन मजदूरों की मौत होती है उनके स्वजन सरकारी लाभ से वंचित रह जाते हैं।

### डैम में अवैध रूप पकड़ी जा रही है मछली



**भवनाथपुर।** सेल के डैम में शुक्रवार को अवैध रूप से जाल लगाकर मछली मरवाने की सूचना पर सेल के भूसम्पदा पदाधिकारी बुलू दीगल ने भवनाथपुर थाना को सूचना देने के बाद पुलिस ने आधा दर्जन लोगों को जाल टीब्ब और एक कमांडर जीप को जप्त कर थाना लाते हुए जांच पड़ताल में जुट गई है । घटना के बारे में बताया जाता है की पलामू के बेलवा टीकर से एक दर्जन मछुवारों को टाउनशिप निवासी अवधेस माली के द्वारा डेम में ठेका मिलने के हवाला देकर मछली मारने के लिए लाया गया था । जहां गुरुवार शाम को डेम में मछुवारों को जाल लगाते कुछ स्थानीय लोगों ने देखा था । इसकी भनक देर शाम सेल के अधिकारी और सुरक्षा में लगे सी आई एस एफ के मिली थी । परंतु रात्रि में अंधेरा होने के कारण शुक्रवार की सुबह दुबारा लोगों ने देखा की मछुवारे डेम से जाल निकाल रहे थे । जिसके बाद मछली खरीदने वाले स्थानीय लोगों की भिड़ जुट गई । पुलिस को सूचना मिलते ही थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने पुलिस की भेजकर सभी मछुआरे को जाल, गाड़ी , टिब्ब के साथ थाना ले आया गया । जहां मछुवारों ने मजदूरी पर अवधेश माली के पास मछली मारने का हवाला दिया।

### एसडीओ आवेदन देकर

### एसबीआई की शाखा नगर उंटारी से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ दिलाने मांग

**श्री बंशीधर।** श्री बंशीधर नगर-बीरबल ग्राम निवासी विजय भुइया व सोनपुरा ग्राम निवासी योगेंद्र कुमार ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर भारतीय स्टेट बैंक की शाखा नगर उंटारी से प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना का लाभ दिलाने की मांग किया है अनुमंडल पदाधिकारी को दिये आवेदन में विजय भुइयां ने कहा है कि मेरी पत्नी संध्या देवी की मृत्यु विगत 7 सितम्बर 2022 को हुआ था। एसबीआई में प्रधानमंत्री जीवन ज्योति योजना के तहत उसका खाता खुला था तथा प्रीमियम चार सौ छतीस रुपये जमा था मृत्यु के बाद बैंक में आवेदन दिया था जिसका रिसीविंग भी है लेकिन बैंक द्वारा आज तक इस दिशा में कोई पहल नही किया गया वहीं योगेंद्र कुमार ने कहा है कि उनकी पत्नी सुनीता देवी की मृत्यु हो गई है प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना के तहत एसबीआई में उनकी पत्नी का खाता था मृत्यु के बाद उन्होंने विगत 11 जनवरी 2024 को बैंक में आवेदन दिया था उन्होंने कहा है कि बैंक द्वारा बार बार बुलाया जाता है,लेकिन कोई कार्रवाई नही किया जाता है।

# पलायन रोकने में मनरेगा योजना विफल, जेसीबी से कराया जा है काम



**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पलायन रोकने के लिए मनरेगा योजना के तहत रोजगार उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन बड़े बड़े दावे कर रहा है। लेकिन बिशुनपुरा प्रखंड के पतिहारी पंचायत के चितरी गांव में कथातथित बिचौलिए पंचायत प्रतिनिधि के सहयोग से मनरेगा योजना अंतर्गत बन रहे तीन कूप योजना का कार्य मजदूर के बजाय जेसीबी मशीन से कराकर जिला प्रशासन के दावे का धत्ता बता रहे है। गौरतलब है की विशुनपुरा प्रखंड के पतिहारी पंचायत अंतर्गत चितरी गांव में 2023-24 में बिनोद साह के खेत में मनरेगा योजना के तहत कूप योजना जिसका कोड संख्या 7080903115829 है वही धनंजय प्रसाद के खेत में कूप निर्माण जिसका कोड संख्या 7080903002018 है। उसी गांव के बिनोद प्रजापति के खेत में बिरसा कूप योजना जिसका कोड संख्या 7080902991106 है। विभागीय अनुसार सभी कूप योजना लगभग चार चार लाख का बताया जाता है। जानकारी के अनुसार कोड होने के बाद तीनों लाभुक अपने अपने खेत में बुधवार की देर रात मजदूर के बजाय जेसीबी से खुदाई कराया। आस पास के लोगो द्वारा बताया गया की इससे पहले मनरेगा के तहत कई योजना भी जेसीबी मशीन से कराया गया है। लोगो ने बताया की इस पंचायत में मनरेगा योजना के तहत चल रहे योजना का जांच सही तरीके से हो जाए तो शामिल कई अधिकारी व कर्मी नप जायेंगे।

### प्रत्येक दिन कर रहे हैं मजदूर पलायन

अनुमंडल के विभिन्न प्रखंडों से विभिन्न ट्रेनों के माध्यम से हजारों के तदाद में मजदूर पलायन को विवश है। पलायन कर रहे मजदूर गुजरात के जामनगर, सूरत, सहित तामिलनाडु, कर्नाटक दिल्ली राज्य जा रहे है। मजदूरों का कहना है कि मजदूरी मिल नही रहा है ऐसे में घर का खर्चा कैसे चलेगा। लोगो ने कहा की कुछ योजना चल रहा है तो ठेकेदार अधिकारियों के सहयोग से मशीनरी का प्रयोग कर काम कर रहे है। उक्त लोगो ने कहा कि काम नही मिल पा रहा है मजबूरन पेट के लिए दूसरे राज्य में काम के तालाश में निकल रहे है।

### क्या कहना है अधिकारी का

विशुनपुरा प्रखंड के प्रभारी प्रखंड बिकास पदाधिकारी सतीश भगत ने कहा कि मनरेगा योजना में जेसीबी मशीन का प्रयोग किए जाने का मामले का जानकारी नहीं है। अगर ऐसा मामला है तो जांच भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट के बाद योजना रद्द करते हुए संलिप्त सभी लोगो पर कार्रवाई की जाएगी।

## न्यूज बॉक्स

### छापेमारी कर 250 किलो जावा महुआ को किया गया नष्ट



**केतार।** अवैध महुआ शराब निर्माण व बिक्री के विरुद्ध केतार थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल के नेतृत्व में पुलिस ने केतरी गांव में छापेमारी कर 2 क्विंटल 50 किलो जावा महुआ और शराब बनाने की उपकरण को बरामद कर नष्ट कर दिया। वहीं पुलिस ने शराब भट्ठी से 15 लीटर महुआ शराब भी बरामद किया। पुलिस की आने की भनक लगते ही शराब भट्ठी संचालक और सहयोगी भागने में सफल रहे। थाना प्रभारी रौशन कुमार वर्णवाल ने बताया की शराब भट्ठी संचालक उमेश पासवान पर अवैध महुआ शराब चुलाई और बिक्री के आरोप में धारा 272/273/290 भदवी तथा 47 ए उत्पाद अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस अभियुक्त को तलाश कर रही है। उल्लेखनीय है की प्रखंड के विभिन्न गांवों में अवैध महुआ शराब निर्माण और बिक्री जोरों पर है। पुलिस की इस कार्रवाई से शराब निर्माण करने वाले लोगों में दहशत का माहौल है। इस छापेमारी दल में एसआई रौशन तिग्गा और पुलिस बल शामिल थे।

### तीन बाल मजदूरों को चेन्नई से किया गया रेस्क्यू



**गढ़वा।** प्रधान जिला जज सह डीएलएसए चेयरमैन राजेश शरण सिंह के आदेश पर त्वरित कार्रवाई करते हुए मेराल पुलिस ने चेन्नई से तीन बाल मजदूरों को रेस्क्यू कर उसके माता-पिता को सौंपा गया। जानकारी देते हुए डीएलएसए सचिव रवि चौधरी ने बताया कि उनके पीएलभी कमालुद्दीन अंसारी ने दलित आदिवासी को नाबालिक बच्चों को बाल मजदूरी करने के लिए चेन्नई भेजे जाने की शिकायत की। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के चेयरमैन राजेश शरण सिंह के आदेश पर मेराल पुलिस ने त्वरित कार्रवाई प्रारंभ की गई , जांच के क्रम में पता चला कि 16 .5 2024 को गढ़वा जिला के अलग-अलग गांव के ठेकेदारों के द्वारा दलित आदिवासी बच्चों को बालक को बहला फुसलाकर काम करने के लिए चेन्नई के तमिलनाडु में ले जाकर उन्हें बंधक बनाकर बाल मजदूरी कराया जा रहा है, इस कार्य में बाल कल्याण समिति, मेराल पुलिस के तत्परता से सभी बच्चों को रेस्क्यू किया गया जिसमें बिहार और झारखंड सहित अन्य राज्यों के बच्चों को बंधक बनाकर बाल मजदूरी कराया जा रहा था। मेराल पुलिस के दबाव से गढ़वा जिले के ठेकेदार वहां से तीनों बच्चों को वापस लाए। शुक्रवार को तीनों बच्चों को जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव रवि चौधरी के समक्ष प्रस्तुत किया गया।

### एसपी ने चतुभुर्जी मंदिर में टेका मत्था



**केतार।** केतार स्थित सुप्रसिद्ध शक्तिपीठ चतुभुर्जी मंदिर में शुक्रवार को पलामू एसपी रीष्मा रमेशन और गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय ने मां काली का दर्शन पूजन कर माथा टेका और संकल्प स्वरूप नारियल फोड़ा। उन्होंने क्षेत्र में अमन-चैन खुशहाली के लिए माता रानी से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने मंदिर परिसर की साफ-सफाई और रख रखाव की प्रशंसा की। मंदिर विकास समिति के अध्यक्ष प्रमोद कुमार, सचिव हेमंत पाठक ने दोनों एसपी का चतुभुर्जी का तस्वीर और अंग वस्त्र भेंट कर सम्मानित किया। मंदिर के पुजारी बाल मुकुंद पाठक ने दोनों जिला के एसपी को मंदिर की स्थापना और इसके इतिहास के बारे में विस्तार पुर्वक जानकारी दी। इस मौके पर मंदिर विकास समिति के लोग उपस्थित थे।

### दस फीट पूरब दिशा की तरफ रोड का निमार्ण किया जाये : प्रधानाध्यापक

**श्री बंशीधर नगर।** श्री बंशीधर नगर-उत्क्रमित मध्य विद्यालय नरखोरिया कला के प्रभारी प्रधानाध्यापक ने अनुमंडल पदाधिकारी को आवेदन देकर विद्यालय के निकट वर्तमान में बन रहे पथ पर रोक लगाते हुये 10 फीट पूरब दिशा की तरफ बनवाने की मांग किया है। आवेदन में कहा गया है कि सुरेंद्र प्रताप देव वगैरह द्वारा विद्यालय भूमि के बीच मे पथ का निर्माण कराया जा रहा है,जिसके कारण विद्यालय में चापानल लगाने,नया भवन निर्माण कराने,चारदीवारी निर्माण कराने,खेल के मैदान का उपयोग करने आदि कार्यो में परेशानी होगी.इसलिये बीच के रास्ते को 10 फीट पूरब दिशा में हटकर बनाये जाने से उक्त समस्याओं का समाधान हो जायेगा आवेदन पर हस्ताक्षर करने वालों में विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक रमेश प्रसाद,मुखिया प्रतिनिधि बीरेंद्र प्रसाद,विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष संगीता देवी,उप मुखिया प्रदीप राम,उमेश मेहता,परशुराम मेहता,अवधेश कुमार मेहता,जगदीश मेहता,संजय मेहता,जवाहर राम,शीला देवी सहित अन्य के नाम शामिल है।

### एक शिक्षक के लिए अपने विद्यार्थियों को जानना, समझना तथा विश्लेषण करना महत्वपूर्ण : मदन केशरी




**गढ़वा।** जीएन कॉन्वेंट(10+2)स्कूल में वर्तमान सत्र 2024-2025 का प्रथम इन हाउस टीचर्स ट्रेनिंग प्रोग्राम सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक मदन केशरी, सचिव सुषमा केशरी तथा उप प्राचार्य बसंत ठाकुर के द्वारा सम्मिलित रूप से दीप प्रज्वलित कर एवं ज्ञान की देवी मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर किया गया। अपने संबोधन में निदेशक ने कहा कि शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम एक ऐसा कार्यक्रम है जो शिक्षकों को तकनीकों और आधुनिक शिक्षाशास्त्र, रणनीतियों से लैस करता करता है जो उन्हें अपने छात्रों के साथ बेहतर ढंग से जुड़ने, प्रबंधन करने और सिखाने में मदद करता है जिससे यह सुनिश्चित होता है कि सभी छात्र सीख रहे हैं और लाभान्वित हो रहे हैं। शिक्षक प्रशिक्षण कार्यक्रम जब सही तरीके से और सही सामग्री के साथ संचालित किए जाते हैं, तो उनमें शिक्षकों को इस हद तक प्रशिक्षित करने की शक्ति होती है कि वे न केवल शिक्षा के क्षेत्र में बल्कि इसके बाहर भी छात्रों पर सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। केवल शिक्षक ही हैं जो छात्रों की सिखने के नुकसान से उबरने में मदद कर सकते हैं। इसलिए शिक्षकों को प्रशिक्षित करना हमारी आधुनिक शिक्षा प्रणाली के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। शिक्षकों को प्रशिक्षित करना मुख्य रूप से इस तथ्य के कारण आवश्यक है कि वर्तमान पीढ़ी के छात्र पारंपरिक शिक्षण विधियों को नहीं समझते हैं। हम आज के छात्रों को कल के लिए समझ तथा उपयोगी बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

## एक नजर

### कोयला वाहन के धक्के से गाय घायल, सड़क जाम

**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के मगध आरा ग्राम कोल माइंस के निकट बड़का डैम के पास अज्ञात कोयला वाहन के धक्के से एक गाय गंभीर रूप से घायल हो गई। जिसके विरोध में पशु मालिक एवं ग्रामीणों ने सड़क जामकर कोयला परिवहन कार्य को रोक दिया। जिससे सड़क की दोनों ओर ट्रक हाईवा वाहनों की लंबी कतारें लग गई। पशु मालिक विकास कुमार ने बतलाया कि गाय डैम से पानी पीकर वापस घर आ रही थी इसी दौरान सड़क पार करते अज्ञात हाईवा वाहन ने धक्का मार दिया। जिससे गाय गंभीर रूप से घायल हो गई, बताया गया कि गाय के पेट में बच्चा था जो पेट के अंदर ही मर गया है। गाय की भी स्थिति गंभीर है, पीड़ित ने सीसीएल से मुआवजे की मांग की। मौके पर ग्रामीणों ने सीसीएल के सुरक्षा व्यवस्था पर भी कई सवाल खड़े किए।

### गुमशुदगी : बच्चे के साथ निकली महिला एक सप्ताह बाद भी नहीं लौटी

**कुंदा(चतरा)।** एक सप्ताह पूर्व कुंदा थाना क्षेत्र के डोकवा गांव निवासी अजीत रविदास की 33 वर्षीय पत्नी कविता देवी अपने 4 वर्षीय बच्चे के साथ घर छोड़ चली गई है। उक्त जानकारी महिला के पति ने देते हुए बताया कि 17 मई को पत्नी के साथ बच्चे के पैर फ्रैक्चर को लेकर मामूली नोक झोक हो गया और बिगड़ैल पत्नी शराब के नशे में धुत होकर 18 मई के अहले सुबह घर छोड़कर भाग निकली, काफी रोकने के बाद भी नहीं रुकी। इस तरह से मैंने सोचा कि गुस्से में कहां जाएगी। अपने परिवार के घर में ही जाएगी। दूसरे दिन से पता करने लगे तो कहीं कोई आता-पता नहीं चल पा रहा है। काफी खोजबीन किया गया। घर से निकले एक सप्ताह हो गया फिर भी वह घर नहीं आई।

### लोक अदालत को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**सिमरिया (चतरा)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव तारकेश्वर दास के निर्देशन में कानूनी सहायता केंद्र सिमरिया के तत्वाधान में शुक्रवार को प्रखंड क्षेत्र में लोक अदालत को लेकर चलाया गया जागरुक्ता अभियान। विधिक कार्यकर्ता सुबोध कुमार शर्मा, उमेश प्रसाद एवं रंजन कुमार मिश्रा के द्वारा प्रखंड क्षेत्र के बेलगड्डा, आराआतु, ईचाक, गोठाय, जबडा, जिरवाखुर्द केन्दु, कशारी, लोहसिंघना आदि गांव में अभियान चलाकर ग्रामीणों को अगामी 8 जून को लगने वाले लोक अदालत की जानकारी देने के साथ एक्सीडेंटल क्लेम में लोगों को न्यायालय द्वारा जारी नोटिस भी दिया गया। इसके अलावे ग्रामीणों को नालसा हेल्पलाइन नंबर 15100 की जानकारी देने के साथ सरकार द्वारा संचालित अन्य लाभकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई।

### बायोमेट्रिक सत्यापन के बाद ही मिलेगा गैस सब्सिडी का पैसा

**महुआडांड़।** जितना जल्द हो सके जितने भी गैस कनेक्शन धारी हैं सभी लोग बायोमेट्रिक सत्यापन कर ले नहीं तो गैस सब्सिडी नहीं मिल पाएगा। इसकी जानकारी देते हुए महुआडांड़ स्थित महुआ भारत गैस एजेंसी के प्रोपराइटर मोहम्मद इमरान खान द्वारा बताया गया कि उज्वला योजना के जितने भी कनेक्शन धारी हैं सभी को बायोमेट्रिक सिस्टम के आधार पर ही गैस की आपूर्ति की जाएगी। इसके लिए सभी उज्वला योजना के लाभार्थी को बायोमेट्रिक सत्यापन करना अति आवश्यक है। अगर वह नहीं कराते हैं तो उन्हें गैस की सब्सिडी नहीं मिल पाएगी। बायोमेट्रिक सत्यापन कराने की अंतिम तिथि 31 में तक है।

# लातेहार में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने वाले 9 मतदान कर्मियों पर प्राथमिकी

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** लोकसभा चुनाव 2024 के सफल संचालन के लिए मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त 9 कर्मियों को बिना किसी पूर्व सूचना एवं अनुमति के अनुपस्थित रहने पर प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। कार्मिक कोषांग के प्रभारी पदाधिकारी उदय कुमार ने लातेहार थाना में लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई है।

लोकसभा चुनाव 2024 के सफल क्रियान्वयन को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह ने जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 26 के तहत इन कर्मियों को विभिन्न कोटि के मतदान पदाधिकारी के रूप में नियुक्त किया था। ये मतदान पदाधिकारी बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थिति थे और जब



स्पष्टीकरण मांगा गया तो जवाब भी समर्पित नहीं किया। उपायुक्त के निर्देश पर उपरोक्त कर्मियों के विरुद्ध जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134, आईपीसी की धारा 187, 188 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत विधि सम्मत कार्रवाई करते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## पोस्टल बैलेट से 5882 मतदाताओं ने किया मताधिकार का प्रयोग

**लोकसभा** चुनाव, 2024 में शत-प्रतिशत मतदाताओं की भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से लातेहार जिले में लोकसभा क्षेत्रवार डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराने के लिए तिथि एवं समय निर्धारित किया गया था। साथ ही, सुविधा केंद्र बनाया गया था। इसमें एसेंशियल सेवा, मतदान कार्य में लगे कर्मी, पदाधिकारी, सेक्टर पदाधिकारी व पुलिस एवं सुरक्षा बल के जवानों ने पोस्टल बैलेट के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

लातेहार जिले में पोस्टल बैलेट के तहत कुल 5882 मतदाताओं ने अपने मताधिकार



का प्रयोग किया। मतदान प्रतिशत 87.19 रहा। चौथे चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 10 से 12 मई तक, पांचवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 10 से 13 मई तक, छठे चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 14 से 18 मई पोस्टल बैलेट से मतदान किया गया। सातवें चरण के लोकसभा चुनाव वाले जिलों का 27 से 28 मई तक पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराया जाएगा।

**पोस्टल बैलेट**

लोकसभा चुनाव में कोई भी मतदाता वोट देने से वंचित न रहे, इसलिए मतदान करने के लिए पोस्टल बैलेट का प्रयोग किया गया है। कई मतदाता आवश्यक सेवाओं में रहने के कारण मतदान प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाते हैं। लेकिन, पोस्टल बैलेट से वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकते हैं।

## कब्रिस्तान की घेराबंदी में भारी अनियमितता ग्रामीणों ने उपायुक्त से की जांच की मांग



नवीन मेल संवाददाता

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड के नोनगांव मेन रोड मुस्लिम बहुल क्षेत्र में कल्याण विभाग द्वारा लाखो रुपए की लागत से किए जा रहे कब्रिस्तान घेराबंदी कार्य में घोर अनियमितता बरती जा रही है। निर्माण स्थल पर व्यापक अनियमितता बरतेने के साथ प्राकलन की अनदेखी करने की समस्या से स्थानीय मुस्लिम समुदाय द्वारा पत्रकार को अवगत कराया गया। ग्रामीणों ने उपायुक्त से लाखो रुपए की लागत कराए जा रहे उपरोक्त कार्य की जांच की मांग की है। साथ ही आरोप लगाया गया है कि कब्रिस्तान के घेराबंदी में गुणवत्तापूर्ण सामग्री का इस्तेमाल न करके कम कीमत वाले सिमेंट का उपयोग व पीसीसी की ढलाई 8/1 से ढलाई करने, घटिया बालू का उपयोग कर सिर्फ खानापूर्ति करने, प्लास्टर में 1/8 के अनुपात में प्लास्टर कर लीपा-पोती संवेदक क्षरा की जा रहा है। ग्रामीणों ने संवेदक पर कार्य को मनमाने तरीके से करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कार्य स्थल पर योजना का बोर्ड भी नहीं लगाया गया है। यह भी आरोप है कि एक ही संवेदकों द्वारा प्रखंड के बरवाडीह व नोनगांव में कब्रिस्तान घेराबंदी के कार्य में सिर्फ खानापूर्ति की जा रही है।



## सीसीएल सीएमडी ने तेतरियाखाड़ माइंस का औचक निरीक्षण किया, कोयला उत्पादन सहित दिए कई निर्देश

**बालूमाथ।** प्रखंड में गुरुवार को राजहरा अंतर्गत संचालित तेतरियाखाड़ कोल माइंस परियोजना में सीसीएल सीएमडी निलेन्दु कुमार सिंह पहुंच माइंस का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान माइंस पिओ कन्हैयालाल यादव, जीएम कमल मांझी ने सीएमडी को बुके देकर एवं शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत की गया। इस दौरान सीएमडी ने माइंस व्यू पॉइंट में जाकर खदान को देखा और पीओ एवं जीएम से परियोजना में संचालित वर्क को मैप के माध्यम से जानकारी ली। इस दौरान स्थानीय अधिकारियों से परियोजना से संबंधित समस्याओं से भी अवगत हुए. इस दौरान पिओ,जीएम से कोयला उत्पादन, संप्रेषण और सुरक्षा को लेकर परियोजना के अधिकारियों से जानकारी ली। मौके पर सुरक्षा, उत्पादन एवं उत्पादकता बढ़ाने हेतु अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश एवं सुझाव दिए। इस दौरान उपरोक्त लोगों के अलावे मैनेजर कमर पहिम, डिस्पैच मनीजर राकेश कुमार बहेरा, एरिया मैनेजर जेपी रावत, चंदन कुमार इंजीनियर, आरव कुमार मैनेजर सहित कई सीसीएल अधिकारी कर्मी उपस्थित रहे।

## मंगरा रेलवे स्टेशन में एफओबी और उकामांड में जल्द बनेगी अंडरपास



नवीन मेल संवाददाता

**बरवाडीह।** स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह की मांग पर जल्द ही धनबाद रेल मंडल के बरवाडीह रेलवे स्टेशन उकामांड के समीप वर्तमान वित्तीय वर्ष में अंडर पास/रेलवे क्रॉसिंग एवं मंगरा में एफओबी का निर्माण कार्य कराया जायेगा। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मनिका विधानसभा के स्थानीय विधायक रामचंद्र सिंह ने हाजीपुर रेल महाप्रबंधक को अपने पत्रांक संख्या 2320/आर दिनांक 24.1.2024के माध्यम से हाजीपुर रेल महाप्रबंधक को बेतला प्रवास के दौरान बरवाडीह स्टेशन से जुड़ी मांगों दिया था। जिसमें बरवाडीह से मंगरा, कंचनपुर एवं उकामांड रेल पथ के पास ग्रामीणों को सुरक्षित आवागमन के लिए अंडर पास निर्माण कराने एवं मंगरा रेलवे स्टेशन में यात्रियों की सुविधाओं के लिए पारपथ निर्माण की मांग किया था। जिसके आलोक में हाजीपुर रेल महाप्रबंधक द्वारा स्थानीय विधायक की मांगों ही जवाब में पत्राचार कर मंगरा रेलवे स्टेशन में वर्तमान वित्तीय वर्ष में पारपथ (एफ ओ बी) निर्माण शुरू करने की बात कही है। वही बरवाडीह से छिपादोहर रेलवे स्टेशन के बीच उकामांड में किलोमीटर खंभा संख्या 253/11-13 के पास ग्रामीणों की आवागमन की सुविधा के लिए अंडर पास वर्तमान वित्तीय वर्ष में निर्माण कार्य शुरू कराने की बात कही है। वही विधायक की मांग पर कंचनपुर एवं मंगरा रेलवे स्टेशन के पास पूर्व रेलवे क्रॉसिंग नहीं रहने के कारण उक्त दोनों स्थल पर जांच कर इन दोनों जगह पर अंडर पास निर्माण कराने की प्रक्रिया जल्द शुरू कराया जाएगा। विधायक की मांग पर मंगरा में एफओबी एवम उकामंड के समीप अंडर पास निर्माण कार्य की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक केप्रति आभार प्रकट किया है।

भारी वाहनों के परिचालन को लेकर जारी एसडीएम का ऑर्डर पूरी तरह से विफल

## संबंधित विभाग बना मूकदर्शक लोग हो रहे हैं दुर्घटना के शिकार

शशि पाठक

**टंडवा (चतरा)।** कथित कोयलांचल और औद्योगिक नगरी के रुप में मशहूर टंडवा प्रखंड क्षेत्र में प्रदूषण, ग्रामीण सड़कों का अतिक्रमण कर भारी वाहनों का परिचालन, हिट एंड रन मामलों की अनदेखी, नदियों से बड़े पैमाने पर बालू की तस्करी, भू-माफियाओं द्वारा सार्वजनिक भूमि पर सेंधमारी समेत अन्य मामलों में लॉ एंड ऑर्डर पूरी तरह से विफल दिखाई दे रहा है। बात करें प्रदूषण की तो आम्रपाली व मगध कोल परियोजना से कोयले के उत्खनन व परिवहन के दौरान खाश कर विस्थापित-प्रभावित परिवारों व राहगीरों को पूरी तरह से अपनी चपेट में ले रहा है। जबकि एनटीपीसी से निकलने वाले जहरीला वेस्टेज फ्लाई ऐश का हल्का कण बड़े दायरे को प्रभावित कर रहा है। लोगों का आरोप है कि एनजीटी व प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड कार्रवाई नहीं करती। जिससे आम आदमी के जीने के मौलिक अधिकारों का खुलेयाम उल्लंघन हो रहा है। दूसरी ओर कोल व फ्लाई ऐश के परिवहन के लिए घनी आबादी से गुजरने



वाली सड़कों का अब अतिक्रमण हो चुका है। परिणामस्वरूप सड़क दुर्घटनाओं में इन दिनों अप्रत्याशित वृद्धि देखी जा रही है। पिछले दस सालों में भारी वाहनों ने हजारों जिंदगियां निगल चुकी है। बावजूद इसपर रोकथाम की ना तो कोशिशें हुई ना मृतकों के आश्रितों को देने के लिए कोई ठोस मुआवजा नीति बनी। यही वजह है कि मृतकों के आश्रितों को सड़कों पर घंटों मशक्कत करनी पड़ती है। दुर्घटना में अपाहिज हो चुके दर्जनों परिवार दाने-दाने को मोहताज हैं, जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं पहुंचता। हां, कोल वाहनों से सड़क दुर्घटना होने के बाद जब कुछ देर के लिए ट्रांसपोर्टिंग बाधित होती है तब दिल्ली दरबार तक जाग उठता है, तब उनके स्थानीय नुमाइंदे जनाक्रोश को दबाने की जुगत में जुट जाते हैं। ताजुब की बात यह है कि एसडीएम सिमरिया द्वारा ज्ञापांक 474 में जारी सुबह 7 बजे से शाम 7 बजे तक कोल वाहनों के परिचालन पर लगाए गए नो इंट्री का अनुपालन क्यों नहीं हो रहा है?

## न्यूज बॉक्स

### जलमीनार से पेयजल की आपूर्ति शुरू नहीं होने से ग्रामीण बेहाल

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** पत्थलगड़ा प्रखंड क्षेत्र के नावाडीह, मेराल, नोनगांव, बरवाडीह के कुछ गांवों में पीएचईडी द्वारा बनाए जा रहे जलमीनार का कार्य आधा-अधूरा छोड़ दिया गया है। जिसके कारण पेयजल आपूर्ति शुरू नहीं हुई है और आसपास के ग्रामीण पानी की हो रही किल्लत से बेहाल हैं। बताते चलें की प्रखंड क्षेत्र में जलमीनार का कार्य अधूरे छोड़ दिया गया है, कहीं बोरिंग हुई, तो जलमीनार की फिटिंग नहीं, कहीं जलमीनार फिटिंग हुई तो स्टार्टर व टंकी नहीं इस तरह कई कमियों के कारण इस भीषण गर्मी के दिनों में भी ठेकेदारों के मनमानी के चलते ग्रामीणों को पानी की घोर समस्या उत्पन्न हो चुकी है। भीषण गर्मी के कारण कई अधिकतर कुओं का जलस्तर काफी नीचे जा चुका है तो कई सूख गए हैं। वहीं कई जगह पर मरम्मती के अभाव में चापाकल बंद पड़े हैं। कई जगह पानी की व्यवस्था भी हो सकती थी, किंतु आधा अधूरा जलमीनार का कार्य छोड़े जाने की वजह से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल तक नसीब नहीं हो पा रही है। अति उग्रवाद प्रभावित मेराल पंचायत के खैरा के ग्रामीणों ने बताया कि लाखों की लागत से बने जलमिनार से अभी तक पेयजल की आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई है, इसके लिए कई बार संबंधित विभाग को सूचना भी दी गई किंतु इस पर कोई कार्रवाई अभी तक नहीं हुई। प्रखंड क्षेत्र के ग्रामीणों ने इस पर संबंधित विभाग के अधिकारियों के अलावे जनप्रतिनिधियों से ठोस कदम उठाते हुए जल्द से जल्द सभी जगहों पर पेयजल आपूर्ति शुरू करवाने को लेकर आग्रह किया है।

### बाइक दुर्घटना में एक युवक घायल रिम्स रेफर

**बालूमाथ।** बालूमाथ थाना क्षेत्र के गणेशपुर ग्राम में हुई बाइक दुर्घटना में एक बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसकी पहचान गणेशपुर ग्राम निवासी नामधारी भूईया के पुत्र विकास कुमार भूईया के रूप में हुई है। घायल युवक को स्थानीय लोगों द्वारा बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लाया गया। जहां पर डॉ अमरनाथ प्रसाद ने घायल विकास कुमार भूईया की स्थिति को गंभीर देखते हुए प्राथमिक उपचार के पश्चात बेहतर इलाज के लिए रांची रिम्स रेफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार घायल युवक बालूमाथ से अपने घर गणेशपुर जा रहा था कि ईसी दौरान गणेशपुर ग्राम स्थित उच्च विद्यालय के पास दूसरे वाहन के चकमे में आकर वह दुर्घटनाग्रस्त हो गया। जिसमें उसका एक पैर टूट गया है और शरीर की कई जगहों पर चोट लगी है।

### ऑक्सीजन सिलेंडर लदे पिकअप वाहन की चोरी

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित नामुदाग गांव से अज्ञात चोरों ने बीती रात ऑक्सीजन सिलेंडर लोड पिकअप वाहन का चोरी कर लिया है। वहीं चोरी की घटना के विषय में जानकारी देते हुए पिकअप वाहन के चालक संतोष नायक ने बताया कि प्रतिदिन की तरह गुरुवार को भी जे.एच 03 ए.एल 1469 नंबर की पिकअप वाहन को अपने घर के पास लगाकर घर में सोया हुआ था सुबह में उठकर जब देखा तो वाहन वहां पर नहीं था आसपास के लोगों से पूछने पर भी कुछ पता नहीं चला तो उसे समझ में आ गया कि वाहन की चोरी हो गई है। उसने बताया कि पिकअप वाहन में ऑक्सीजन का 45 पीस खाली सिलेंडर लोड था और सुबह में उसे वाहन लेकर रांची जाना था।

### जंगल में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई निरंतर जारी, विभाग मौन



**गिद्धौर(चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड के विभिन्न जंगलों में अवैध रूप से पेड़ों की कटाई निरंतर जारी है। परंतु इस अवैध कार्य को रोकने के मामले में वन विभाग मौन साधे हुए हैं। बताया जाता है कि इचाक व पिंडारकोण जंगल में कई जगहों पर अवैध रूप से पड़ों की कटाई कर इकट्ठा किया गया है। यह वन क्षेत्र पीतीज बीट में पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि सूचना करने के बावजूद भी वन विभाग द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वैसे में जंगल का अस्तित्व धीरे-धीरे सिमटती जा रही है। कार्रवाई नहीं होने के कारण वन माफिया बेखौप वनों संपदा को नष्ट कर रहे हैं। वहीं दूसरी तरफ कई वन क्षेत्र में वर्षा होने के पूर्व भू माफियाओं द्वारा वनों की अतिक्रमण शुरू कर दी गई है। यही वजह है कि दिन प्रतिदिन वन सिमटती चली जा रही है। विभाग इस पर रोक नहीं लगती है तो वन का उजड़ना निश्चित है।

लोस चुनाव

उपायुक्त ने की मतगणना की तैयारियों की समीक्षा

## मतगणना से पूर्व सभी आवश्यक कार्यों को ससमय पूर्ण करा लिया जाए : रमेश घोलप

नवीन मेल संवाददाता

**चतरा।** समाहरणालय स्थित सभा कक्ष में जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित मतगणना की तैयारियों की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को संबंधित कोषांगों के वरीय पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारियों की बैठक हुई। उपायुक्त ने कहा कि 04 जून 2024 को चतरा कॉलेज चतरा में लोकसभा आम चुनाव 2024 की मतगणना होगी। इसे लेकर समय मतगणना केन्द्र में आवश्यक सभी प्रकार की तैयारियां पूर्ण करा लेने का निर्देश संबंधित पदाधिकारियों को दिया गया। साथ ही दण्डाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी,



कर्मियों, काउंटिंग एजेंट, सफाई कर्मियों को पहचान पत्र देने की तैयारी कर लेने की बात कही गई। साथ ही मतगणना के लिए संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों को प्रशिक्षण प्रारंभ कराने का निर्देश दिया।

मतगणना के दिन चतरा कॉलेज, चतरा में मीडिया सेन्टर में मीडिया कर्मियों के बैठने की व्यवस्था को लेकर भी दिशा निर्देश दिया गया। जिला सूचना विज्ञान पदाधिकारी को निर्देशित किया गया कि मतगणना केन्द्र में कम्प्यूटर सिस्टम के साथ अन्य उपकरणों को ससमय लगाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त बैठक में मुख्य रूप से उप विकास आयुक्त पवन कुमार मण्डल, अपर समाहर्ता अरविन्द कुमार, एसडीओ सिमरिया सन्नी राज, उप निर्वाचन पदाधिकारी समेत कोषांगों के नोडल पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

कार्यालय जिला दण्डाधिकारी–सह–उपायुक्त, पलामू।
(जिला शस्त्र शाखा)
दूरभाष सं0–06562–224033 (का)/224044 (आ) Email Id: dc-pal@nic.in

आदेश

पुलिस निरीक्षक–सह–थाना प्रभारी, हुसैनाबाद के ज्ञापांक–1416/24, दिनांक– 30.04.2024 के द्वारा जिन शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों द्वारा अपने शस्त्रों की भौतिक सत्यापन थाना में नहीं कराया गया है तथा शस्त्र संबंधित थाने में जमा नहीं कराया गया है और न ही जमा से विमुक्ति हेतु स्क्रीनिंग समिति की बैठकों में आवेदन दिया गया है, उक्त शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की अनुज्ञप्ति रद्द करने हेतु प्रतिवेदित किया गया है।

अतः आसन्न लोकसभा आम चुनाव, 2024 के सफल, निष्पक्ष तथा भयमुक्त वातावरण में सम्पन्न कराने के उद्देश्य से सार्वजनिक शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु उचित माध्यम द्वारा थाना प्रभारी से प्राप्त प्रतिवेदनानुसार शस्त्र अधिनियम, 1959 के नियम 17 (b) के आलोक में शस्त्र अधिनियम 1959 की धारा 63 तथा आर्म्स रूल्स 1962 की कंडिका 30 एवं 31 के उल्लंघन किये जाने के आरोप में निम्नांकित शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों की शस्त्र अनुज्ञप्ति तत्काल प्रभाव से रद्द की जाती है।

| क्रं0 सं0 | अनुज्ञप्तिधारी का नाम | पिता/पति का नाम | पता | अनुज्ञप्ति संख्या | धारित शस्त्र का प्रकार | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | रामप्रवेश सिंह | जगदेव सिंह | नावाडीह, हुसैनाबाद | 332/1977 | Rifle 0915 | |
| 2 | अब्दूल हासीद | स्व0 एस के मियां | जरका, हुसैनाबाद | 339/1977 | DBBL Gun No-7802586 | |
| 3 | मुस्ताक अहमद खान | अब्दूल जफर खान | ककोईया, पछियाराटोला, हुसैनाबाद | 359/1979 | DBBL Gun No-108826 | |
| 4 | राम बिलास सिंह | डोमन सिह | पोलडीह जगदीशपुर हुसैनाबाद | 364/1979 | DBBL Gun No-7900174 | |
| 5 | मदन मोहन प्रसाद | स्व0 राजेन्द्र प्रसाद | हुसैनाबाद | 370/1979 | DBBL Gun No-4084 D/6 | |
| 6 | रामस्वरूप सिंह | सेनी सिह | हुसैनाबाद | 471/1983 | Rifle-831670 | |
| 7 | कलामुद्दीन खान | शुभान खान | करारिया हुसैनाबाद | 474A/1983 | DBBL Gun No-8203114 | |
| 8 | राजाराम सिंह | चन्द्रेश्वर सिंह | पोलडीह जगदीशपुर हुसैनाबाद | 526/1983 | Rifle-82-1160 | |
| 9 | राम कृष्ण राम | दफदार राम | हुसैनाबाद पलामू | 2458/1983 | DBBL Gun No-7902713 | |

जिला निर्वाचन पदाधिकारी,
सह–उपायुक्त, पलामू।

PR 325074 Palamu (24-25)D

# बढ़ती गर्मी से नदियों का जलस्तर घटा, इंसानों के साथ जानवर भी परेशान

**नवीन मेल संवाददाता**

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड क्षेत्र में गर्मी की धमक के साथ ही धरती की प्यास बढ़ने लगी है प्रखंड क्षेत्र की नदियों के साथ साथ छोटे-बड़े जलाशय, कुएं आदि ही सूखने लगे हैं। कहीं-कहीं अभी से ही चापाकल से पानी निकलना कम हो गया है। खासकर ग्रामीण क्षेत्रों में पानी का स्तर कम होने से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। चैनपुर की लाईफ लाईन माने जाने वाले शंख नदी, सफी नदी और कुंदय नदी का जलस्तर काफी घट चुका है। नदियों में पानी कम और बालु ज्यादा नजर आ रही है। जिससे जानवरों सहित पक्षियों को भी अपनी प्यास बुझाने में परेशानी हो रही है। वहीं गांव-गांव में नल जल योजना से लगे जलमिनार भी अभी से ही जबाब देने लगे हैं। दुरस्थ क्षेत्र के ग्रामीण नदियों में गढ्ढे बनाकर पानी का जुगाड़ कर रहे हैं। पानी का लेयर कम होना इस बात का संकेत है की यही स्थिति रही तो आने वाले दिनों में लोगों के बीच जल संकट एक बड़ी समस्या के रूप में सामने आ सकती है। ग्रामीणों में विभाग की कार्य प्रणाली को लेकर भारी रोष व्याप्त है। चापाकल व जलमिनार खराब होने से ग्रामीणों को एक से दो किलोमीटर दूर से पानी ढोना पड़ रहा है। गांव में प्यास बुझाने का एकमात्र सहारा व्यक्तिगत बोरिंग है, लेकिन वह भी अब हांफने लगा है। प्रखंड में विभिन्न चापकल है उसमे भी ताला जड़ा नजर आता है तथा सरकारी चापाकल लुप्त नजर आने लगा है।



### इंसान तो इंसान, जानवरों के लिए भी पानी का संकट

वहीं भूजल स्तर गिरने के कारण वह भी जवाब देने की स्थिति में हैं। इन तमाम परेशानियों के बीच बड़ा सवाल यह है कि सूखे हलक की प्यास अब कैसे बुझाई जाए। सरकार लोगों तक पेयजल आपूर्ति के लिए नल-जल योजना लायी। लेकिन इस योजना की दुर्दशा किसी से छुपी नहीं है। इस योजना को धरातल पर लाने की बजाए सरकार के नुमाईंदे राशि के बंदरबांट में लगे रहें। जिसका परिणाम आज सामने है। भीषण जल संकट की स्थिति बनी हुई है। बढ़ती गर्मी के कारण तालाब सूखने के कगार पर हैं। जो जानवरों के लिए विषम स्थिति पैदा कर सकता है। वहीं सूरज आग उगलने लगा है। लिहाजा मुश्किलें कम होती नहीं दिख रही।



*चैनपुर प्रखंड के लोग इन दिनों जल संकट से जूझ रहे हैं। इससे जुड़ी खबर राष्ट्रीय नवीन मेल के 23 मई के अंक में खबर छपने के बाद अस्थनीय मुखिया सोभा देवी ने खुलवाया ताला तथा चैन को किया जब्त। मुखिया ने कहा इस तरह का कार्य करने वाली संभल जाय।*

## न्यूज बॉक्स

### सिरफिरे दामाद ने सास और साढु के बेटे के पैरों में मारी गोली, रिम्स रेफर

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत कामडारा थाना स्थित रायकेरा टोंगरी टोली में एक सिरफिरे खूंटी जिला अंतर्गत रनिया थाना क्षेत्र निवासी दामाद, अजीत गुड़िया ने अपनी सास लिखी मुण्डन और अपने साढु के बेटे कमल आइन्द के पैरों में मारी गोली, उक्त दोनों व्यक्तियों को बेहतर इलाज के लियें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया हैं। बताया जाता हैं की खूंटी जिला अंतर्गत रनियां थाना क्षेत्र निवासी अजीत गुड़िया अपने ससुराल, रायकेरा टोंगरी टोली आयें हुए था। दामाद अजीत गुड़िया और सास लिखी मुण्डन और उक्त दोनों दामाद और सास के बीच, घरेलू विवाद को लेकर उक्त दोनों में तू-तू मैं-मैं होने लगी और विवाद बढ़ता ही चला गया और इसी क्रम में उक्त सिरफिरे दामाद अजीत गुड़िया ने आव देख ना ताव और अपने कमर से देशी कट्टा निकाला और अपनी सास के पैर में गोली मार दी। उसने उसके पैर में भी गोली मारकर, अजीत गुड़िया उक्त घटनास्थल से भागने में सफल रहा, बाद में इसकी सूचना कामडारा थाना प्रभारी शशि प्रकाश को दी गई। गहराई से पूछताछ और छानबीन शुरू कर दी। दोनों गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों का व्यान दर्ज किया और आनन-फानन में उक्त दोनों गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों को इलाज के लिये कामडारा उप स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। जहां पहुंचते ही डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त दोनों व्यक्तियों को बेहतर इलाज के लियें रांची रिम्स रेफर कर दिया गया हैं।

### बेंदोरा गांव में जंगली हाथी ने किसान के फसल को किया नष्ट

**चैनपुर।** चैनपुर अनुमंडल क्षेत्र में जंगली हाथियों का उत्पात लगातार जारी है। रोज कहीं न कहीं किसानों के घर एवं फसलों को बरबाद कर रहे हैं। ताजा मामला चैनपुर के बेंदोरा गांव का है जहां देर रात जंगली हाथियों ने गांव के किसान मंगल मुंडा के डेढ़ एकड़ में लगे खीरा,कद्दू एवं करेले को रौंद कर नष्ट कर दिया। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित किसान मंगल मुंडा ने बताया कि गुरुवार की रात जंगली हाथियों ने खेत में लगे फसलों सहित सब्जियों को बर्बाद कर दिया। जब सुबह हमलोग सब्जी तोड़ने गए तो देखा की हाथियों के द्वारा पूरे खेत को तहस नहस कर दिया है बताते चलें की चैनपुर अनुमंडल के जारी डुमरी सहित कई जगहों पर हाथियों के द्वारा उत्पात मचाया जा रहा है पर वन विभाग के द्वारा अभी तक इन जंगली हाथियों को खदेड़ने का सार्थक प्रयास नहीं किया जा रहा है। इधर पीड़ित किसान ने वन विभाग से उचित मुआवजे की मांग की है।

**किसानो में दिखी मायुशी :** वाही चैनपुर प्रखंड में हाथी की आतंक देखकर किसानों में मायुशी नजर आते है की हमरे यहां काम करने का कोई साधन तथा बड़ी-बड़ी कम्पनियां नहीं है जो कि वहा काम करके रोजी रोटी चला सके जमीन जगह रहते हुए इस तरह का हाथी का फसल बबार्दी होने से किसानों में कोई खेती करने में सक्षम नही हो पाते है। वन विभाग की ओर से नहीं ट्राच और नाही फटाके मिलते है।

### मोटर यह दुर्घटना को लेकर 8 जून को विशेष लोक अदालत का आयोजन




**गुमला।** मोटरयान दुर्घटना को लेकर 8 जून 2024 को होने वाले विशेष लोक अदालत का आयोजन को लेकर सिविल कोर्ट गुमला में जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला, ध्रुव चंद्र मिश्र के द्वारा विभिन्न इंश्योरेंस कंपनियां,तथा अधिवक्ताओं के साथ लगातार बैठकर आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश के अध्यक्षता में एक बैठक आयोजन किया गया। इस बैठक में बजाज अलायंस के नोडल ऑफिसर रोहित कुमार ,उक्त कंपनी के अधिवक्ता राकेश रंजन एवं उन सभी संबंधित न्यायालय के पीठासीन पदाधिकारी एवं अधिवक्ता गण उपस्थित हुए ।माननीय जिला एवं सत्र न्यायाधीश महोदय ने कहा कि आगामी 8 जून को होने वाले विशेष लोक अदालत जिसमें समझौते के आधार पर मोटरयान दुर्घटना से संबंधित मामले इंश्योरेंस से संबंधित मामले का विशेष रूप से सुनवाई के लिए आयोजन किया जाना है।

### मनरेगा लाभुक के शिकायत पर जांच जारी

**लोहरदगा।** हिसरी पंचायत के रोकशाना खातून ने मनरेगा योजना से निर्मित होने वाले कूप निर्माण में हो रहे धांधली और अनिमियता की शिकायत लोकपाल इन्दु तिवारी से की है। रोकशाना खातून ने अपने आवेदन में कहा की उनको मनरेगा योजना के तहत कूप निर्माण करना है और कूप निर्माण के पटाई का काम भी शुरू है परंतु पंचायत सचिव विनोद दुबे और रोजगार सेवक प्रीति कुमारी के द्वारा गांव के कुछ बिचौलिए से मिलकर कूप निर्माण में धांधली और अनिमियता बरती जा रही है। कूप निर्माण से संबंधित सामग्री मुहैया नही कराया जा रहा है। इस आवेदन से संबधित लोकपाल इन्दु तिवारी से संपर्क करने पर उन्होंने बताया की मनरेगा लाभुक के शिकायत पर जांच जारी है, जांच पूरी होने पर दोषियों पर उचित करवाई की जायेगी।

### भरनो प्रखंड में इन दिनों जंगली हाथी का उत्पात लगातार जारी

**भरनो।** भरनो प्रखंड में इन दिनों जंगली हाथी का उत्पात लगातार जारी है, आए दिन किसी न किसी ग्रामीणों के घर को हाथी द्वारा क्षतिग्रस्त किया जा रहा है। बीते रात को भी हाथी ने दक्षिणी भरनो के सत्तीटोली गांव में दो ग्रामीणों के घर को और भगतटोली में एक ग्रामीण के घर को हाथी ने बुरी तरह से क्षतिग्रस्त कर दिया गया। घटना की सूचना वन विभाग बसिया को दे दी गई है। सभी प्रभावित ग्रामीणों ने वन विभाग से मदद की गुहार लगाते हुए, उचित मुआवजे की मांग की है। दक्षिणी भरनो की मुखिया ललिता देवी और पंचायत समिति सदस्य बिरसा उरांव प्रभावित ग्रामीणों के घर पहुंच कर मामले की जानकारी लेकर वन विभाग के मुआवजे दिलाने का आश्वासन दिया है।

### विशाल पेड़ गिरने से बिजली खम्भा क्षतिग्रस्त, बिजली आपूर्ति हुआ बाधित

**सेन्हा-लोहरदगा।** बुटी पंचायत ग्राम में बिजली पॉल पर विशाल पेड़ गिरने से खम्भा टूट कर गिरने से कोई हताहत नही हुआ है। जबकि ग्रामीण अंधेरे में रहने को विवश हैं। जिसे ग्रामीणों ने मरमती करने का अपील विभाग से किया है।यह मामला बुटी पंचायत ग्राम स्थित बलकु उराँव के घर के समीप का बताया जा रहा है। जहाँ विशाल पेड़ बिजली पॉल पर गिरने से बिजली खम्भा टूट कर गिर गया। जिसे ग्रामीण अंधेरे में रहने को मजबूर है।वही बताया जाता है। कि अचानक मौसम खराब होने से तेज आंधी तूफान पानी आया जिसमे विशाल पेड़ टूट कर गिर गया। बिजली पॉल पर गिरने से बिजली खम्भा टूट कर क्षतिग्रस्त हो गया।और गाँव मे बिजली आपूर्ति बाधित हो गया। बुटी गांव में 11 हजार लाइन से घरेलू उपयोग के लिए सफ्लाई होने वाला तार पर विशाल पेड़ टूट कर गिरने से बड़ी दुर्घटना टल गई।

## एक नजर

### पिकअप वाहन ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक गंभीर

**गुमला।** गुमला सदर थाना स्थित झारखंड डीपा के समक्ष एक अज्ञात अनियंत्रित तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बाइक में जोरदार टक्कर मारकर पालकोट के तहत भागने में सफल रहा। बताया जाता हैं की डुमरडीह ग्राम निवासी 18 वर्षीय सतीश उरांव, उर्मी ग्राम निवासी 14 वर्षीय आशीष बड़ाइक और 18 वर्षीय पंकज राम एक बाइक में सवार होकर बघीमा ग्राम वॉलीबॉल खेलने गए हुए थे और वापसी के क्रम में झारखंड डीपा के समक्ष उक्त पिकअप वाहन उन्हें सीधा टक्कर मारकर पालकोट के तरफ भागने में सफल रहा, उक्त तीनों युवक घायल हो गये। जिन्हें 108 एंबुलेंस से इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल ले जाया गया। जहां गंभीर रूप से घायल सतीश उरांव को प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर कर दिया गया हैं।

### मवेशियों की चोरी से पशुपालक परेशान

**कैरो / लोहरदगा।** कैरो में इन दिनों मवेशियों की चोरी ने पशुपालको को हैरानी में डाल दिया है। इससे पशुपालकों को काफी आर्थिक क्षति हो रही है। पशुपालको को पशु पालन से अपनी आजीविका चलाने में मदद मिलती है परंतु इस तरह मवेशियों की चोरी होने से पशुपालकों का आय साधन छीन जा रहा है। बढ़ती चोरी की घटना से क्षेत्र के लोग भय के माहौल में हैं। ताजा मामला थाना क्षेत्र के सढ़ाबे गांव में हुई है। जहाँ अज्ञात चोरों ने घर के बाहर बंधे तीन भैसों को चुरा लिया। चोरी की घटना का खुलासा तब हुआ जब भैसों के मालिक कैलू साहू ने भैसों की आवाज नहीं सुनी तो काफी खोज बिन किया।

### पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत बिशुनपुर : थाना गेट के समक्ष पुलिस ने शुक्रवार की शाम वाहन जांच अभियान चलाया। यह जांच अभियान झारखंड में हो रहे लोकसभा चुनाव के मद्देनजर गुमला पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार चलाया जा रहा है। जांच के दौरान पुलिस ने थाना के पास से गुजरने वाली सभी छोटी बड़ी गाड़ियों एवं बाइकों को रोककर तलाशी ली साथ ही वाहन संबंधित कागजातों एवं ड्राइविंग लाइसेंस की भी जांच की वही बिना हेलमेट बाइक चालकों को फटकार लगाते हुए कड़ी चेतावनी के बाद छोड़ दिया गया। इस संबंध में अभियान का नेतृत्व कर रहे एएसआई वशिष्ठ नारायण सिंह ने कहा कि झारखंड में हो रहे लोकसभा चुनाव के मध्यनजर एवं अपराध नियंत्रण को लेकर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इस मौके पर महिला पुलिस होमगार्ड के जवान उपस्थित थे।

#### अबुआ आवास योजना, मनरेगा और कल्याण छात्रवृत्ति योजना की समीक्षा

# निर्माणाधीन सभी कुओं का एक विशेष अभियान चलाकर भौतिक जांच हो : डीसी



**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण की अध्यक्षता में शुक्रवार को अबुआ आवास योजना, मनरेगा और कल्याण छात्रवृत्ति योजना आदि की समीक्षा की गई। बैठक में मनरेगा अंतर्गत निर्माणाधीन सभी कुओं का एक विशेष अभियान चलाकर भौतिक जांच करने का निर्देश सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को दिया गया। इस अभियान में प्रखंड के प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी और अभियंता शामिल होंगे। मनरेगा अंतर्गत मानव दिवस सृजन, गांवों में औसत योजनाओं का संचालन, योजना की पूर्णता, बिरसा सिंचाई कूप संवर्धन योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, वीर शहीद पोटो हो खेल विकास योजना, एरिया अफसर एप में अफसरों व अभियंतों द्वारा किया गया फील्ड विजिट की इंट्री आदि की समीक्षा की गई व आवश्यक निर्देश दिये गये। अबुआ आवास योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजना, प्रथम किस्त, आवश्यक दस्तावेजों का अपडेशन आदि की समीक्षा की गई और लंबित कार्यों को पूर्ण करने का निदेश दिया गया।

कल्याण विभाग अंतर्गत छात्रवृति योजना की स्थिति और साईकिल वितरण की स्थिति की समीक्षा की गई और आवश्यक निर्देश पदाधिकारियों को दिये गये। बैठक में उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, अपर समाहर्ता जीतेंद्र मुण्डा, आईटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग, प्रभारी जिला कल्याण पदाधिकारी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी अंचल अधिकारी, जिला समन्वयक पीएमएवाई, सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी, सभी प्रखंड समन्वयक पीएमएवाई लोहरदगा आदि उपस्थित थे।

### डीडीसी ने चैनपुर प्रखंड का किया दौरा विकास कार्यों की ली जानकारी



**चैनपुर।** डीडीसी दिलेश्वर महतो ने शुक्रवार को चैनपुर प्रखंड का भ्रमण किया। भ्रमण के क्रम में ग्राम पंचायत मालम में अबुआ आवास योजना के लाभुक हाफिज बीबी व जसीना प्रवीन के द्वारा निर्मित आवास का निरीक्षण किया गया। लाभुक के द्वारा प्रथम किस्त की सहायता राशि प्राप्त कर जमीनी स्तर तक का कार्य कर लिया गया था। उन्हें निर्देश दिया कि अगले 04-05 दिनों के अंदर आवास को छत ढालने तक करना सुनिश्चित करेंगे एवं बीडीओ चैनपुर को निर्देश दिया कि लाभुकों के द्वारा छत ढ़लाई का कार्य किये जाने के उपरांत उन्हें तृतीय किस्त की राशि अविलंब भुगतान करना सुनिश्चित करेंगे वहीं डीडीसी ने क्षेत्र भ्रमण के क्रम में मालम पंचायत में मनरेगा योजना से बन रहे जगेश्वर रौतिया का कूप निर्माण कार्य का निरीक्षण किया जहां पाया गया कि लगभग 15 फीट कुंआ की खुदाई हो चुकी है जिसे जल्द से जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया वहीं मनरेगा योजना से चल रहे बागवानी,टीसीबी निर्माण का भी निरीक्षण कर किम में तेजी लाने का निर्देश दिया निरीक्षण के क्रम में डीडीसी दिलेश्वर महतो के साथ चैनपुर बीडीओ यादव बैठा, पंचायत सेवक कुंवर राम मोची, रोजगार सेवक मंजर सिद्दकी मुख्य रूप से उपस्थित थे

### राधाकृष्ण, हनुमान जी व शिव मंदिर का छठावां वार्षिकोत्सव धूमधाम के साथ मनाया



**चैनपुर।** चैनपुर मुख्यालय के दुर्गा मंदिर परिसर स्थित राधाकृष्ण, हनुमान जी एवं शिव मंदिर का छठवां वार्षिकोत्सव काफी धुमधाम के साथ मनाया गया। सर्वप्रथम पंडित अवनीश पाठक एवं संजय पाठक के द्वारा पुरे विधि विधान के साथ मंदिर में पूजा अर्चना की गई। जिसके बाद रूद्राभिषेक हुआ फिर भक्तों के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। इधर मंदिर के वार्षिकोत्सव को लेकर मंदिर को आकर्षक तरीके से सजाया गया था वहीं मंदिर परिसर में बज रहे भक्ति गाने से पुरा मुख्यालय भक्तिमय हो गया था। वहीं पूजा में शामिल लोगों ने बताया कि दुर्गा मंदिर परिसर स्थित राधाकृष्ण, हनुमान जी एवं शिव मंदिर का वार्षिकोत्सव हर वर्ष काफी धुमधाम से मनाया जाता है और विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम का आयोजन भी किया जाता है। वार्षिकोत्सव समारोह में मुख्य रूप से संतोष केशरी, पूर्णदु शर्मा, पोखन साहू, मुकेश कुमार, अंजलि देवी, हंसराज नायक समेत चैनपुर के भक्त गण शामिल होकर पूजा को सफल बनाया।

## विद्या मंदिर में वेश - बस्ता प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** शीला अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर लोहरदगा में कक्षा षष्ठ से दशम तक के भैया बहनों के बीच वेश-बस्ता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की प्रमुख आचार्या नीलिमा सिंह ने प्रधानाचार्य के दिशा निर्देशन में आचार्यों की एक टीम गठित करके इस प्रतियोगिता की व्यवस्था को संपादित करने में अपना अहम योगदान दिया। इस प्रतियोगिता का विद्यार्थियों में एक सकारात्मक प्रभाव पड़ा। फल स्वरुप सभी ने अपने वेश और कॉपी किताब को पूर्ण व्यवस्थित करके अपनी अनुशासन प्रियता को प्रदर्शित किया। सभी विद्यार्थियों में इससे एक प्रेरणा का जागरण हुआ और उन्होंने अन्य विद्यार्थियों के लिए भी एक आदर्श प्रस्तुत किया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास ने अपने उद्बोधन में कहा कि- वेश-बस्ता प्रतियोगिता स्वच्छता को व्यवस्थित रखने की दृष्टि से विद्यार्थियों के लिए अत्यंत आवश्यक है। इससे उनमें अनुशासन का भाव जागृत होता है और अपनी पाठ्य सामग्रियों को व्यवस्थित और सुसज्जित करने की प्रेरणा मिलती है। अपने गृह कार्य और कक्षा कार्य को पूर्ण करने में भी इससे सहायता मिलती है। सभी कक्षाचार्य इस प्रतियोगिता को संपादित करने में तत्पर रहे। इस प्रतियोगिता में कक्षा षष्ठ से दशम तक क्रमशः शौर्य शर्मा, अंकित कुमार प्रजापति, परी कुमारी, सत्यम साहू, शौर्य कुमार साहू, सुरभि उरांव, हंस बाल किशोर, विवान कुमार, अंशु मिश्रा, शिवम कुमार साहू, तेजस प्रतीक भगत, प्रिया कुमारी, रवि कुमार गुप्ता और कृष्णा खेरवार प्रथम स्थान पर रहे। वेश-बस्ता प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करनेवाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया गया। इस मौके पर सभी आचार्य आचार्या एवं भैया बहन उपस्थित थे।



## 'लू से बचाव व स्वच्छता' पर केंद्रीय संचार ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ

### जागरूकता रथ का हरी झंडी दिखाकर किया गया उद्घाटन

*पांच दिवसीय अभियान में जिले के प्रमुख स्थानों, चौक, हाट बाजारों में प्रचार प्रसार किया जाएगा*




**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय, गुमला के द्वारा जिले में 'भीषण धूप एवं लू से बचाव एवं स्वच्छता' के तहत शुक्रवार को पांच दिवसीय जागरूकता अभियान का उद्घाटन किया गया। जागरूकता रथ को गुमला के सहायक चिकित्सा पदाधिकारी प्रमोद कुमार सिन्हा, लाइफ स्किल फैकल्टी, नर्सिंग कौशल कॉलेज गुमला सुमिता चटर्जी, टेक्निकल फैकल्टी, नर्सिंग कौशल कॉलेज गुमला सुश्री निशा मिंज, टेक्निकल फैकल्टी, नर्सिंग कौशल कॉलेज गुमला श्रीमती प्रिस्किला बारला, सिविल सर्जन कार्यालय के अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारियों और साथ ही नर्सिंग कौशल कॉलेज गुमला की छात्राओं के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान, तकनीकी सहायक अंजनी मिश्रा के अलावा अन्य गणमान्य लोग और आम जन भी उपस्थित रहे। उद्घाटन उपरांत नर्सिंग कौशल कॉलेज की लाइफ स्किल फैकल्टी श्रीमती सुमिता चटर्जी ने कहा कि स्वच्छता स्वस्थ जीवन का महत्वपूर्ण अंग है, इसीलिए मानसिक एवं शारीरिक विकास के लिए हम सभी को अपने जीवन में स्वच्छता को अपनाना चाहिए। आसपास के वातावरण को साफ रखना चाहिए ताकि किसी प्रकार की बीमारी नहीं फैले। सूखे और गीले कूड़े को अलग अलग कर कूड़ा कलेक्ट करने वाले सफाईकर्मी को देना चाहिए। क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी, केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला महविश रहमान ने कहा कि झारखंड समेत देश के विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी पड़ रही है और दिन का तापमान 40 के पार है। इस भीषण गर्मी और बदन को जलाने वाली धूप से बचाव के लिए केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला का यह जागरुकता रथ पांच दिनों तक गुमला के विभिन्न क्षेत्रों में जा कर जागरुकता फैलाएगा। इस जागरुकता अभियान के द्वारा संदेश दिया जा रहा है कि जरूरत न हो तो धूप में न निकलें। शरीर में पानी की कमी न होने दें। अगर जरूरी हो तो धूप के प्रभाव से बचने के उपाय को अपनाएं। अगर किसी व्यक्ति को लू लग जाए, तो उसे हाइड्रेट करें, लगातार पानी या स्पोर्ट्स ड्रिंक दें। जागरूकता रथ द्वारा आज जिले के प्रमुख स्थानों जैसे सिविल सर्जन कार्यालय, सदर अस्पताल, नर्सिंग कौशल कॉलेज, जशपुर रोड आदि जगहों में जागरूकता अभियान चलाया गया।

### आस्था | बुद्ध पूर्णिमा पर बजरंग दल ने महाआरती का आयोजन, बोले संयोजक सचिन

# बुद्ध पूर्णिमा में महाआरती का होना शुभ कार्य

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** बुद्ध पूर्णिमा के मौके पर बजरंग दल द्वारा महाआरती का आयोजन स्वयंभू महादेव शिव मंदिर छत्तरबगीचा में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि आचार्य सुर्यनारायण पाठक एवं विशिष्ट अतिथि सतीश जायसवाल थे। कार्यक्रम के पूर्व बच्चों के द्वारा मंदिर की पूरी साफ सफाई की गई। बुद्ध पूर्णिमा कार्यक्रम में बच्चे माताएं राम भक्त ने महा आरती में भाग लेकर अति उत्साह के साथ कार्यक्रम को सफल बनाएं। कार्यक्रम का नेतृत्व बजरंग दल जिला संयोजक सचिन कुमार साहू के द्वारा किया गया। सुर्यनारायण पाठक ने बतलाया कि गौतम बुद्ध ने कहा है मन जो कहता है वह हम करते हैं। और उन्होंने कहा कि बजरंग दल के द्वारा सभी मंदिरों में जगह-जगह पर महा आरती का कार्यक्रम हो रहा है वह बहुत ही उत्कर्ष है। सतीश जायसवाल ने कहा कि मंदिर बहुत जल्द पूर्ण किया जाएगा और लोहरदगा में यह मंदिर ऐतिहासिक होगा। अशोक कांस्यकर ने कहा कि वैशाख पूर्णिमा को बुद्ध पूर्णिमा के नाम से भी जाना जाता है आज के दिन ही बौद्ध गया में पीपल के पेड़ के नीचे बैठकर बुद्ध भगवान ज्ञान प्राप्त किये थे। पीपल के पेड़ के नीचे दीपक जलाकर और दूध जल अर्पण किए जाते हैं।



**कार्यक्रम में उपस्थित**

बजरंग दल नगर सहसंयोजक अनुभव कसकर,बजरंग दल अखाड़ा प्रमुख हंसमुख रंजन,शशि सिंह, मंदिर पुजारी गोपाल पाठक, विजय अग्रवाल, बजरंग जायसवाल, कविता पांडे, नूतन देवी, सुनीता अग्रवाल, सीमा देवी, ममता देवी, बीना देवी, तानिया अग्रवाल, साक्षी सिंह, रूबी जायसवाल, स्नेहलता पाठक, स्वीटी अग्रवाल, आरती अग्रवाल, पूजा देवी, नीलम देवी, रीमा देवी, उर्मिला देवी, सुचिता गुप्ता, मीना गुप्ता, सरिता देवी, डोली अग्रवाल, मधुबाला देवी, बाला देवी, बेला देवी, ब्यूटी जैसवाल, दमयंती देवी, संगीता देवी, उर्मिला देवी, मीसदुला देवी आनेको राम भक्त माताएं बच्चे शिव भक्त उपस्थित थे।

## एक नजर

### प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बूथों पर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर की समीक्षा बैठक

**घाटशिला।** लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ पर स्वास्थ्य व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने को लेकर शुक्रवार को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरएन सोरेन ने समीक्षा बैठक की. बैठक में अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों के अलावा स्वास्थ्य कर्मी, एएनएम तथा सहिया मौजूद रहीं। डॉ आरएन सोरेन ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर चिकित्सक की व्यवस्था की गयी है। हालांकि चिकित्सकों की कमी के कारण 10 से 20 बूथ पर एक चिकित्सक तैनात रहेंगे। वहीं हर बूथ पर सहिया, एएनएम तथा स्वास्थ्य कर्मी दवा के साथ तैनात रहेंगे। सभी को निर्देश दिया गया है कि मतदान केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर किसी तरह की कोई कोताही ना हो। तत्काल मतदाता या मतदान कर्मी को आराम मिले, इसकी व्यवस्था की गयी है। बैठक में मुख्य रूप से डॉ आरएन टुडू, डॉ देव महतो, हिना राज, डॉ मुगली हांसदा, डॉ विकास मार्डी सहित अन्य अनुपस्थित थे।

### अग्निशमन वाहन चालक का निधन

**चाईबासा।** अग्निशमन वाहन चालक मुकरू होनहागा (56 वर्ष) का निधन हो गया। वे मूल रुप से चाईबासा के रहने वाले थे। वे वर्ष 2022 से मानगो फायर स्टेशन में अपनी सेवा दे रहे थे। 15 दिनों से उनकी तबीयत खराब थी। उनका इलाज एमजीएम अस्पताल में चल रहा था। बीते दिनों अचानक उनकी तबीयत खराब हो गई जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए एमजीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया था वहां गुरुवार को इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। इधर, उनकी मौत से विभाग में शोक की लहर है। फायर स्टेशन इंचार्ज ब्रज किशोर पासवान ने बताया कि दो साल पूर्व ही मुकरू ने मानगो फायर स्टेशन में अपनी सेवा दी थी। उनके निधन से पूरा विभाग शोक में है।

### मेरालगड़ा जंगल से अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद

**पश्चिमी सिंहभूम।** पश्चिमी सिंहभूम जिले के गोइलकेरा थाना क्षेत्र स्थित मेरालगड़ा जंगल से शुक्रवार को एक अज्ञात व्यक्ति का शव बरामद हुआ। जानकारी के अनुसार, शुक्रवार की सुबह कुछ ग्रामीण जंगल गये थे तो वहां शव पड़ा देखा। इसके बाद गोइलकेरा थाना को इसकी जानकारी दी। सूचना पाकर पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कार्रवाई में जुट गयी। इस संबंध में गोइलकेरा थाना प्रभारी कमलेश राय ने बताया कि ग्रामीणों ने जंगल में शव मिलने की सूचना दी थी। वहीं ग्रामीणों में बताया कि मानसिक रूप से बीमार एक अज्ञात व्यक्ति कुछ दिनों से मेरालगड़ा गांव में घूम रहा था। यह उसी व्यक्ति का शव हो सकता है।

### बोलेरो कैंपर-ट्रक में सीधी टक्कर, चालक घायल

**किरीबुरु।** किरीबुरु-बड़ाजामदा मुख्य मार्ग पर एक बोलेरो कैंपर और ट्रक के बीच सीधी टक्कर हो गयी। इस हादसे में कैंपर पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। वहीं चालक बुरी तरह घायल हो गया। बृजभूषण सिंह के सिर और अन्य हिस्से में चोट आयी है। आनन-फानन में घायल चालक को सेल के किरीबुरु अस्पताल में लाया गया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया है। घटना के संबंध में चालक बृजभूषण ने बताया कि वह सेल के बोलानी खदान से किरीबुरु लौट रहा था। वह मोड़ और चढ़ाई की वजह से काफी धीमी रफ्तार में वाहन चला रहा था। किरीबुरु की ओर से ढलान में तेज रफ्तार से आ रहे ट्रक ने गलत दिशा से आकर कैंपर में धक्का मार दिया।

# 14,87,863 मतदाता आज करेंगे वोट

## गिरिडीह जिले में बनाए गए हैं कुल 1581 मतदान केंद्र



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

गिरिडीह व धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान शनिवार को होगा. बोकारो जिला दोनों संसदीय क्षेत्रों में बंटा है। जिले के कुल 1487863 मतदाता अपने मताधिकार प्रयोग कर सकेंगे। इनमें 768377 पुरुष, 716839 महिला, 34 अन्य मतदाता व 2613 सेवा मतदाता शामिल हैं। वोटिंग सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक होगी। इसके लिए जिले में कुल 1581 मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान की तैयारी पूरी कर ली गई है। सेक्टर 8 बी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी हाई स्कूल में डिस्पैच सेंटर बनाया गया है। शुक्रवार को डिस्पैच सेंटर से ईवीएम-वीवीपैट व अन्य सामग्री लेकर 1581 पोलिंग पार्टियां बूथों के लिए रवाना हुईं। ईवीएम-वीवीपैट के साथ सेक्टर मजिस्ट्रेट, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी व मतदानकर्मी अपनी-अपनी टीम के साथ बूथों व ठहराव स्थल की ओर रवाना हुए। चुनाव के सफल संचालन के लिए 25 जोनल मजिस्ट्रेट, 204 सेक्टर मजिस्ट्रेट व 237 माइक्रो ऑब्जर्वर प्रतिनियुक्त किए गए हैं। जिले में 7 यूनिक मतदान केंद्र, 8 पीडब्ल्यूडी मतदान केंद्र, 8 युवा मैनेज्ड मतदान केंद्र, 23 महिलाओं से संचालित मतदान केंद्र व 37 पर्दानशी (महिला पी टू व पी थ्री) मतदान केंद्र बनाए गए हैं। मतदान कर्मियों की रवानगी के समय डिस्पैच सेंटर पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह बोकारो की डीसी विजया जाधव, डीडीसी संदीप कुमार, अपर नगर आयुक्त सौरव कुमार भुवानिया, समेत सभी संबंधित विधानसभा क्षेत्रों के सहायक निवार्ची पदाधिकारी आदि मुस्तैद रहे।

### 560 लीटर अवैध देसी शराब व 6800 किलो जावा महुआ जब्त

**बोकारो।** बोकारो जिला उत्पाद विभाग की टीम ने शुक्रवार को हरला थाना क्षेत्र के वास्तेजी गांव के समीप दामोदर नदी किनारे रानीपोखर में अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की. टीम ने वहां से 560 लीटर अवैध देसी शराब व 6800 किलो जावा महुआ जब्त किया। शराब सहित निर्माण में इस्तेमाल की जाने वाली अन्य वस्तुओं को नष्ट कर दिया गया। धंधेबाज छोटू बर्णवाल के खिलाफ उत्पाद अधिनियम की धाराओं के तहत मामला दर्ज कराया गय। छापेमारी में उत्पाद निरीक्षक संजीत देव, अवर निरीक्षक सदर कृष्णा प्रजापति, अवर निरीक्षक तेनुघाट दीपिका कुमारी सहित सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## सरिया में एक दुकान से पंद्रह हजार का अवैध शराब जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

सरिया प्रखंड में एक दुकान में गुप्त सूचना के आधार पर सरिया अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी धनंजय राम तथा थाना प्रभारी अरविंद सिंह की अगुवाई में छापेमारी की गई। छापेमारी में लगभग 15 हजार रुपए का अवैध शराब बरामद किया गया। जिसमें अंग्रेजी शराब तथा अवैध महुआ शराब को जब्त किया गया।

गुप्त सूचना के आधार पर संध्या में सरिया पुलिस सदलबल दुकान में छापेमारी की । जबतक छापेमारी की जा रही थी दुकान संचालक मौके से फरार होने में सफल रहा। दुकान में शराब मिलने के बाद जब्त शराब को सरिया थाना लाया गया । तथा अवैध शराब के विरुद्ध दुकान संचालक अवधेश मंडल एवं उसकी पत्नी के खिलाफ उत्पात अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर ली गई। इधर थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ आगे भी छापेमारी जारी रहेगी।



## लोकसभा चुनाव की सारी प्रशासनिक तैयारियां पूरी




**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**

लोकसभा चुनाव के छठे चरण के तहत गिरिडीह लोकसभा में 25 मई को होने वाले मतदान को लेकर प्रशासनिक स्तर से सारी तैयारियां पूरी कर ली गई है। शुक्रवार की अहले सुबह से ही महेशलूंडी स्थित डिस्पैचिंग सेंटर से लोकसभा के अंतर्गत गिरिडीह व डुमरी विधानसभा के लिए मतदान कर्मियों को ईवीएम सहित अन्य सामग्रियों के साथ रवाना किया गया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी उपायुक्त नमन प्रियेश लकडा ने स्वयं डिस्पैच सेंटर पर मौजूद रहकर मतदान कर्मियों का उत्साह बढाया और उन्हें आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। मौके पर उपायुक्त श्री लकड़ा ने मदतान कर्मियों को स्वच्छ, निष्पक्ष एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर लास्ट मोमेंट टिप्स दिए और कहा कि निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक संचालित कराना हमारा मुख्य उद्देश्य है। इस दौरान उन्होंने सभी को अपने दायित्वों का निष्पादन समय पर सुनिश्चित करने के साथ ही आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने मास्टर ट्रेनर को भी उनके दायित्व के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## सोनारी में दिनदहाड़े ज्वेलरी शॉप से 50 लाख के गहने और दो लाख रू की हुई लूट



**नवीन मेल संवाददाता। जमशेदपुर**

जमशेदपुर में शनिवार को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान होना है. ऐसे में जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। लेकिन अपराधी पुलिस की इस सुरक्षा तैयारी से डरे बिना बेखौफ घटना को अंजाम दे रहे हैं। गुरुवार को ही अपराधियों ने कदमा में दिनदहाड़े एक युवक की हत्या कर दी थी। इधर, शुक्रवार को सोनारी एयरोड्रम के पास दोपहर 1:45 बजे बाइक सवार नकाबपोश लुटेरे एमबी ज्वेलर्स के शोरूम में हथियार के बल पर दो लाख नकद और करीब 50 लाख रुपए के जेवर लूट कर फरार हो गए। बैखौफ लुटेरे दुकान में लूटपाट कर बाहर खड़ी बाइक पर बैठकर आराम से निकल भागे। इधर, दुकान संचालक ऋषभ जैन ने इसकी सूचना पुलिस को दी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। पुलिस दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरे की भी जांच कर रही है। ग्राहक बन कर दुकान में घुसे लुटेरे ऋषभ ने बताया कि वो दुकान में ही थे। दुकान में दो स्टाफ और एक ग्राहक भी मौजूद था। तभी दुकान में तीन युवक घुसे और गहने दिखाने को कहा। युवकों की गतिविधि देखकर उन्होंने गहने दिखाने से मना कर दिया। इसी बीच युवकों ने चांदी की अंगूठी देखने के लिए मांगी। अंगूठी दिखाते ही तीनों ने हथियार निकाल लिया। एक युवक के पास कार्बाइन थी। तीनों ने हथियार के बल पर दुकान में गहने और नकद लूटे और 15 मिनट में बाहर खड़ी बाइक लेकर फरार हो गए।

### तोपचांची में भोक्ता महापर्व पर दिखी भक्ति की अनुपम मिसाल

**धनबाद।** तोपचांची प्रखंड के कामता गांव स्थित शिव मंदिर में शुक्रवार को भोक्ता महापर्व (चड़क पूजा) श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया. शिवालय में पूजा-अर्चना व भोक्ता झूला देखने के लिए श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी. समाज की सैकड़ों महिलाओं ने गुरुवार को 24 घंटे उपवास रख कर रात में पूजा-अर्चना की। तीसरे दिन शुक्रवार की सुबह शिव भक्तों ने हैरतअंगेज करत दिखाए। करीब चार दर्जन भक्तों ने भगवान शिव को खुश करने के लिए अपनी पीठ व बांह में लोहे की कील से छेदकर उसमें रस्सी बांध कर 50 फीट ऊंचे खंभे से लटककर चक्कर लगाया।

## संजय मार्केट के श्री श्री संकट मोचन शिव मंदिर से दान पेटी चोरी

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर के साकची थाना अंतर्गत संजय मार्केट स्थित श्री श्री संकट मोचन शिव मंदिर से गुरुवार देर रात बदमाशों ने दान पेटी चोरी कर ली. चोरी की घटना मंदिर परिसर में लगे सीसीटीवी में भी कैद हो गई। घटना की सूचना तब मिली जब मंदिर की देखरेख करने वाले विजय कुमार गुप्ता सुबह मंदिर खोलने पहुंचे। उन्होंने पाया कि मंदिर परिसर में लगा दान पेटी गायब है। उन्होंने तत्काल इसकी सूचना कमिटी के अध्यक्ष संतोष जायसवाल को दी। संतोष जायसवाल ने बताया कि चोरी की घटना सीसीटीवी में कैद हो गई है, जिसमें चोर भी दिख रहा है। चोर मंदिर में लगे ग्रिल को फांदकर मंदिर परिसर में घुसा और दान पेटी लेकर भाग गया। संतोष ने बताया कि मंदिर परिसर में दो पेटी है जिसमें से एक फिक्स है और दूसरे को ऐसे ही रखा गया है। फिक्स दान पेटी को चोर उठा ले गया। संतोष ने बताया कि जो दानपेटी चोरी हुई है उसे वर्ष 2023 में दुर्गा पूजा के समय लगाया गया है। पहले उस स्थान पर दूसरी दान पेटी हुआ करती थी। दान पेटी को हर साल दुर्गा पूजा में ही खोला जाता है। संभवतः दान पेटी में 4 से 5 हजार रुपए होंगे।

### एनआईटी जमशेदपुर ने 5वां अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन शुरू

**आदित्यपुर।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान जमशेदपुर में भारत के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 24-26 मई 2024 तक 5वां विद्युत शक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा सम्मेलन (ईपीआरईसी-2024) का आयोजन किया जा रहा है। यह बिजली प्रणाली, पावर इलेक्ट्रॉनिक्स और ड्राइव और बिजली प्रणाली क्षेत्रों में नियंत्रण अनुप्रयोग में हाल की प्रगति को प्रस्तुत करने के लिए एक प्रमुख मंच होगा। ईपीआरईसी-2024 का उद्घाटन मुख्य अतिथि मालवीय राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एम एन आई टी) जयपुर के निदेशक प्रो.एन. पी पाढ़ी एवं एनआईटी जमशेदपुर के निदेशक प्रो गौतम सूत्रधर द्वारा शुक्रवार को किया गया। आयोजन सचिवों में विद्युत अभियांत्रिकी विभाग, एनआईटी जमशेदपुर के डॉ. अरविंद कुमार प्रजापति, डॉ. रवि भूषण, और डॉ. सिमंता कुमार समल शामिल हैं। संयोजक डॉ. एम. के. सरकार और डॉ.सुप्रियो दास एवं समन्वयक डॉ। ओम हरि गुप्ता, डॉ. जितेंद्र कुमार हैं। इसके अतिरिक्त, आईआईटी भिलाई से डॉ। शैलेंद्र कुमार और टोलेडो विश्वविद्यालय, यूएसए से डॉ. कृष्ण मुरारी भी शामिल हैं। इस अवसर पर, जादवपुर विश्वविद्यालय से प्रोफेसर शिवाजी चक्रवर्ती और आईआईईएसटी, शिबपुर से प्रोफेसर अभिजीत चक्रवर्ती भी सम्मानित अतिथि के रूप में उपस्थित थे। इस सम्मेलन के प्रथम दिवस में विद्युत शक्ति और नवीकरणीय ऊर्जा प्रणालियों में प्रगति पर केंद्रित कई प्रमुख भाषण और चर्चाएँ शामिल रही। इसमें कुल 145 प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया तथा लगभग 200 शोध पत्रों में से श्रेष्ठ 101 शोध पत्रों का चयन किया गया।

### बबीता की हत्या का आरोपी प्रेमी राहुल रजक गिरफ्तार

**चांडिल।** नीमडीह थाना क्षेत्र के बाड़ेदा निवासी बबीता रजक की हत्या प्रेम प्रसंग का मामला निकला. पुलिस ने हत्या के आरोप में प्रेमी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार 21 मई की देर शाम खेत में शौच करने गई विवाहित महिला की हत्या कर दी गई थी। मृतका बाड़दा निवासी संजय रजक की पत्नी थी और उसके दो छोटे-छोटे बच्चे हैं। इस संबंध में मृतका के पति संजय रजक ने नीमडीह थाना में लिखित आवेदन दिया था। उसमें उन्होंने अज्ञात के विरुद्ध उनकी पत्नी बबीता रजक की हत्या कर शव को झाड़ी में छुपाने का आरोप लगाया था। इसके आधार पर नीमडीह थाना में मामला दर्ज किया गया था। कांड का त्वरित उद्भेदन करने के लिए पुलिस अधीक्षक ने थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया था। अनुसंधान के क्रम में मृतका के प्रेमी 21 वर्षीय राहुल रजक से पूछताछ की गई। पूछताछ में प्रेमी ने हत्या करने की बात को स्वीकार किया गया। इसके स्वीकारोक्ति बयान के आधार पर मृतका की हत्या में इस्तेमाल किए गए पत्थर को बरामद किया गया और अप्राथमिकी अभियुक्त राहुल रजक को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## न्यूज | बॉक्स

### संदेहास्पद स्थिति में नव विवाहिता का शव फंदे से लटका मिला



**गिरिडीह।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के डुगडुगिया गांव में शुक्रवार को संदेहास्पद स्थिति में एक नव विवाहिता का शव घर के एक कमरे में फांसी के फंदे से लटका मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह भेज दिया। घटना के बाद से मुतका के पति सहित ससुराल के अन्य लोग फरार हैं। मृतका के मायके वाले दहेज हत्या का आरोप लगा रहे हैं। मृतका की शादी एक माह पूर्व हुई थी। इस संबंध में बताया जाता है कि डुगडुगिया निवासी अशोक साव की पत्नी रूपा देवी 21 वर्ष घर के एक कमरे में फांसी के फंदे से लटकी मिली। जानकारी होते ही लोगों ने उसे फंदे से उतारा तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना मिलते ही मृतका के मायके वाले मौके पर पहुंचे और बेटी के शव से लिपट कर रोने लगे। इस संबंध में मृतका की मां ललिता देवी ने बताया कि उसे बेटी के ससुराल वालों ने फोन से सूचना दी कि उसकी बेटी फांसी लगा ली है और मौत हो गयी है। उसने बेटी के ससुराल वालों पर दहेज के लिए हत्या करने का आरोप लगाया है। बताया कि शादी में साढ़े चार लाख दहेज दिया था। इसके बाद भी उसके ससुराल वाले रुपए की मांग कर प्रताड़ित करते थे। बेटी को ससुराल वाले पसंद नहीं करते थे। जबकि ससुराल वालों ने देखकर शादी की थी। कहा कि उसकी बेटी की हत्याकर फांसी के फंदे से लटका दिया गया। पुलिसिया जांच में ही सब कुछ स्पष्ट हो पाएगा।

### ड्यूटी के दौरान नाइट गार्ड की रहस्यमय परिस्थिति में मौत

**गिरिडीह।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के करमाटोंगरी रेलवे गेट 12सी के समीप हो रहे अंडर ग्राउंड पुल के निर्माण कार्य में रात्रि प्रहरी (नाइट गार्ड) के रूप में काम करने वाले करमाटोंगरी निवासी कैलाश महतो 60 की मौत गुरूवार की देर रात्रि कार्य स्थल पर हो गई। वहीं घटना की खबर सुन शुक्रवार को मंत्री पुत्र अखिलेश महतो राजू, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो राजू , जेबीकेएसएस केन्द्रीय उपाध्यक्ष मोतीलाल महतो एवं निमियाघाट थाना एसआई उमर खान घटनास्थल पर पहुंच कर घटना की जानकारी लिया। मंत्री पुत्र ने कार्य करा रहे संवेदक कोडरमा निवासी बिनोद कुमार से बात कर उचित मुआवजा देने की मांग की। खबर भेजे जाने तक शव घटना स्थल पर ही रखा हुआ था। आशंका जताई जा रही है कि कोई जहरीला सर्प काट लिया होगा जिससे कैलाश की मृत्यु हो गई होगी। हालांकि जब तक जांच नहीं हो जाती तब तक मौत के कारण के संबंध में सही तौर पर कहना अभी जल्दबाजी होगी। इधर मृतक के परिवार में उनकी पत्नी, एक बेटा राहुल कुमार और बहू है।

### सूरत से प्रवासी श्रमिक के अचानक गुम होने से घरवाले परेशान, खोजबीन करने की लगाई गुहार

**गिरिडीह।** धनवार प्रखंड क्षेत्र के धोरथम्बा ओपी क्षेत्र के मरपोका की एक महिला ने सूरत में मजदूरी करने गए अपने पति के अचानक गुम हो जाने को लेकर घोरथंबा ओपी में आवेदन देकर खोजबीन करने की गुहार लगाई है। आवेदिका सोनिया देवी ने कहा कि मेरे पति शंकर पूरी (उम्र 36 वर्ष) 29 अप्रैल को अपने ही गांव के अंतू तुरी के साथ सूरत गए थे। जहां गोर्डी रोड कोटक बैंक के सामने मद्रास ढोसा जिसका संचालन कार्तिक भाई करते थे उनके पास काम लगवा दिया गया और चार-पांच दिन वह काम भी किए इस दौरान अपने परिवार वालों से बातचीत करते रहे लेकिन अचानक चार दिन पूर्व से फोन पर बात नहीं हो पा रहा है और ना ही उनका कहीं अता-पता चल रहा है। 2 दिन पूर्व अपने पति के नंबर पर फोन किया तो ढोसे वाले कार्तिक भाई ने फोन रिसीव किया। पति के संबंध में पूछने पर उन्होंने काम छोड़ कर जाने की बात कही जबकि मेरे पति का मोबाइल कार्तिक भाई के पास है। जो उन्हें लेकर गया है उसे भी पता नहीं है कि शंकर अचानक कहां गुम हो गया है जिससे किसी अनहोनी की आशंका को देखते हुए धोरथम्बा ओपी को आवेदन देकर अपने पति की खोजबीन करने की गुहार लगाई गई है।

### जयराम महतो पर कसमार थाना में आचार संहिता उल्लंघन का केस दर्ज

**बोकारो।** गिरिडीह लोकसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी जयराम महतो पर एफएसटी की टीम ने गुरुवार को कसमार थाना में चुनाव आचार संहिता उल्लंघन का मामला दर्ज कराया है. दर्ज प्राथमिकी में जयराम महतो पर चुनाव प्रचार की समय सीमा खत्म होने के बाद भी कसमार प्रखंड में रोड शो व बाइक रैली निकाने का आरोप लगाया है. आरोप है कि रोड शो के दौरान उनका काफिला कसमार होते हुए जब खैराचातर पहुंचा, तब शाम के छह बज चुके थे। खैराचातर से यह काफिला सिंहपुर, खुदीबेड़ा, पिरगुल होते हुए देर शाम जरीडीह प्रखंड की भस्की पंचायत पहुंचा। थाना प्रभारी भजनलाल महतो ने बताया कि इसी संदर्भ में एफएसटी के अधिकारी मुनिलाल मुंडा ने कसमार थाना में आचार संहिता के उल्लंघन का मामला दर्ज कराया है।

### पेयजल समस्या से जूझ रहे दरखुली के निवासी

**बहरागोड़ा।** बहरागोड़ा प्रखंड क्षेत्र के गुहियापाल पंचायत अंतर्गत दरखुली गांव में निर्मित सोलर जलमीनार पिछले कई महीनों से खराब है। इससे भीषण गर्मी में ग्रामीण पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। उक्त गांव में लगभग 30 घर हैं। गांव की आबादी 150 है। ग्रामीण जलमीनार खराब हो जाने से पास के कुआं से पानी निकालकर किसी तरह अपनी प्यास बुझा रहे हैं। वहीं खराब सोलर जलमीनार को जल्द दुरुस्त कराने की मांग ग्रामीण कर रहे हैं। साथ ही जल मीनार को ठीक करने के लिए ग्रामीणों ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को कई बार अवगत करा चुके हैं, फिर भी कोई पहल नहीं होने से ग्रामीणों में काफी आक्रोश है।

## धनबाद लोकसभा क्षेत्र में मतदान आज सुबह 7 से शाम 5 बजे तक वोटिंग

**धनबाद।** धनबाद लोकसभा क्षेत्र में वोटिंग शनिवार 25 मई को होगी. सभी प्रशासनिक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मतदान कर्मियों के लिए कृषि बाजार समिति बरवाअड्डा, राजकीय पॉलिटेक्निक धनबाद व राजकीय पॉलिटेक्निक निरसा में डिस्पैच सेंटर बनाए गए हैं। मतदान संपन्न कराने के लिए पोलिंग पार्टियां शुक्रवार को डिस्पैच सेंटर से ईवीएम व अन्य जरूरी सामग्री लेकर अपने-अपने बूथों के लिए रवाना हो गईं। तीनों डिस्पैच सेंटरों पर अलग-अलग डेस्क बनाए गए थे। डिस्पैच सेंटर से पोलिंग पार्टियों के रवाना होने से पहले जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह डीसी माधवी मिश्रा ने उन्हें सुरक्षित व त्रुटिरहित



मतदान कराने का संदेश दिया। निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान संपन्न कराने के लिए माइक्रो ऑब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है।

वहीं, सुपर जोनल दंडाधिकारी, सुपर जोनल पुलिस पदाधिकारी व जोनल दंडाधिकारी, जोनल पुलिस पदाधिकारी की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। इस बार सभी बूथों पर वेबकास्टिंग की व्यवस्था की गई है। सुरक्षा को लेकर सभी बूथों पर पर्याप्त संख्या में सुरक्षा बलों की तैनाती की गई है।

मतदान सुगमता से संपन्न कराने के लिए बूथों पर सभी तरह की सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। बूथों पर एएमएफ, दिव्यांग मतदाताओं के लिए रैंप, बुजुर्गों के लिए ह्वीच चेयर आदि की व्यवस्था की गई है। जो मतदाता मतदान केंद्र तक पैदल आने में असमर्थ हैं या सुदूरवर्ती क्षेत्रों के मतदाताओं के लिए विशेष वाहनों की व्यवस्था की गई है। मतदाताओं की मदद के लिए बूथों पर वोलेंटियर्स की भी तैनाती की गई है। मतदान कर्मियों की रवानगी के समय डिस्पैच सेंटरों पर सामान्य प्रेषक के।

### सेक्टर मजिस्ट्रेटों को पूरी जिम्मेवारी के साथ मतदान कराने का निर्देश

**बोकारो।** बोकारो की डीसी सह जिला निवार्ची पदाधिकारी विजया जाधव व एसपी पूज्य प्रकाश ने गुरुवार को सेक्टर 2सी स्थित बोकारो इस्पात सीनियर सेकेंडरी स्कूल सभागार में मतदान के लिए प्रतिनियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेटों व सेक्टर पुलिस पदाधिकारियों के साथ बैठक की. उन्हें उनके कार्य दायित्व के बारे में विस्तार से समझाया। डीसी ने सेक्टर मजिस्ट्रेटों को पूरी जिम्मेदारी के साथ मतदान संपन्न कराने का निर्देश दिया। कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करें और उसी के अनुरूप मतदान कार्य कराएं। जिले के सभी मतदान केंद्रों की वेबकास्टिंग होगी।

## प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ने बूथों पर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर की समीक्षा बैठक

**नवीन मेल संवाददाता। घाटशिला**

लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ पर स्वास्थ्य व्यवस्था चुस्त-दुरुस्त करने को लेकर शुक्रवार को अनुमंडल अस्पताल घाटशिला के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ आरएन सोरेन ने समीक्षा बैठक की. बैठक में अनुमंडल अस्पताल के चिकित्सकों के अलावा स्वास्थ्य कर्मी, एएनएम तथा सहिया मौजूद रहीं।डॉ आरएन सोरेन ने बताया कि प्रत्येक बूथ पर चिकित्सक की व्यवस्था की गयी है।हालांकि चिकित्सकों की कमी के कारण 10 से 20 बूथ पर एक चिकित्सक तैनात रहेंगे।वहीं हर बूथ पर सहिया, एएनएम तथा स्वास्थ्य कर्मी दवा के साथ तैनात



रहेंगे।सभी को निर्देश दिया गया है कि मतदान केंद्र में स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर किसी तरह की कोई कोताही ना हो।तत्काल मतदाता या मतदान कर्मी को आराम मिले, इसकी व्यवस्था की गयी है।बैठक में मुख्य रूप से डॉ आरएन टुडू, डॉ देव महतो, हिना राज, डॉ मुगली हांसदा, डॉ विकास मार्डी सहित अन्य अनुपस्थित थे।

# अतुलनीय है सेना का योगदान हमें सहयोग करना चाहिए

***हमारे*** सैनिक हमारे देश भारत के लिए गर्व हैं, जो न सिर्फ बाहरी सुरक्षा, बल्कि आंतरिक उथल-पुथल के समय में भी देश के लिए जान देने को तैयार रहते हैं। हम सब इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि आजादी के बाद से ही हमारे सैनिक लगातार युद्ध जैसी स्थितियों को झेल रहे हैं। दुश्मन के खिलाफ सैन्य अभियानों में या खतरनाक मौसमी स्थितियों- बाढ़, भूस्खलन आदि में आम नागरिकों की मदद करते हुए हमारे जवान कभी-कभी जीवन भर के लिए विकलांगता के भी शिकार हो जाते हैं। लेकिन यह बात बहुत कम लोग जानते हैं कि देश सेवा की पुकार पर अपना जीवन दांव पर लगाने वाले हमारे जवानों के परिजनों को अपना बकाया पाने के लिए कभी-कभी दर-दर भटकना पड़ता है, खासकर ऐसे मामलों में, जिनमें सैनिकों को बलिदान के बदले उनकी वीरता के लिए भूखंड, पेट्रोल पंप आदि जैसी चीजें पुरस्कार स्वरूप दी जाती हैं। लेकिन इससे भी बदतर स्थिति उन जवानों की होती है, जो अपना कर्तव्य निभाते हुए विकलांग हो गए हैं तथा जिन्हें न केवल नौकरशाही की अड़ंगेबाजी के कारण विकलांगता पेंशन एवं अन्य लाभों से वंचित कर दिया गया है। बल्कि दिल्ली स्थित उनके संबंधित मुख्यालय में बैठे उनके अपने ही तथाकथित सैन्य बंधुओं तथा कानूनी निकायों की वजह से भी उनकी स्थिति बदहाल हो जाती है। वर्ष 2020 में राज्यसभा में पूछे गए एक प्रश्न के आधिकारिक जवाब में बताया गया था कि वर्ष 2020 में ऐसे कानूनी मामलों पर 26 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए थे। यह उस प्रवृत्ति का हिस्सा है, जो पिछले कुछ वर्षों से चली आ रही है। रिपोर्टों के अनुसार, वर्ष 2013-2014 में ही, भारतीय वायुसेना के पास सबसे अधिक मामले (2,683) थे, जिसकी कानूनी सुनवाई पर सात करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए थे, जबकि नौसेना ने उत्तर भारत में अपने ही कर्मियों के खिलाफ मुकदमा लड़ने के लिए 69 लाख रुपये खर्च किए थे और थल सेना ने 11.50 लाख रुपये खर्च किए थे। यह पैसा उन लोगों को लाभ से रोकने के लिए वकीलों को दिया गया, जिन्होंने विकलांगता लाभ या पेंशन के लिए सशस्त्र बल न्यायाधिकरण (एएफटी) का द्वार खटखटाया था। इसमें कोई आश्चर्य की बात नहीं है कि उच्चतम न्यायालय ने हमारे सैन्य कर्मियों को उनका उचित हक देने से वंचित रखने की खातिर अत्यधिक मुकदमेबाजी का सहारा लेने के लिए सैन्य सेवा मुख्यालय को फटकार लगाई है। इसके अलावा, रक्षा मंत्री द्वारा संसद में दिए गए एक लिखित बयान के अनुसार, कुछ समय पहले सुप्रीम कोर्ट में लगभग 60 सिविल अपीलें वापस ले ली गईं, जिनमें से 17 विकलांगता पेंशन के लिए थीं। ये तथ्य दशार्ते हैं कि कानूनी विभागों (जैसे सेना के मामले में जज एडवोकेट जनरल शाखा) ने रक्षा मंत्रालय का पैसा बचाने का निर्णय लिया है। वे किसी सैनिक को उन लाभों से वंचित करना चाहते हैं, जो उन्हें सैन्य जीवन के बाद विकलांगता से उबरने में मदद कर सकते हैं, जिसका शिकार वे अक्सर कठिन परिस्थितियों में सैन्य अभियान या सेवा शर्तों से गुजरते हुए हो जाते हैं। रक्षा मंत्रालय इन न्यायिक निकायों के माध्यम से उच्च अदालतों में मुकदमा लड़ने के लिए, कानूनी फीस के भुगतान के लिए, विकलांग लोगों को सेवा के दौरान विकलांग होने के कारण उनके हक से वंचित करने के लिए भारी मात्रा में धन खर्च करता है। और इससे भी बुरी बात यह है कि घायल सैनिक इस बारे में बहुत कम जानते हैं कि चिकित्सा अधिकारी अपनी रिपोर्ट में उनके बारे में क्या लिखते हैं, क्योंकि वे अपनी चोटों से उबरने के लिए किसी क्षेत्रीय अस्पताल में अर्ध-चेतन अवस्था में पड़े होते हैं। ऐसी रिपोर्टें हैं कि बाद के वर्षों में उन्हें विकलांगता का लाभ पाने के लिए कठिन संघर्ष करना पड़ता है, क्योंकि उन्हें अपनी अक्षमताओं को साबित करने के लिए एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय में दर-दर भटकना पड़ता है! दुख की बात है कि विचित्र कानूनी पेच का शिकार हुए लोगों के अलावा केवल कुछ ही सैनिक इस तरह के अन्याय के बारे में जानते हैं। यह तो और भी दुखद है कि सैन्य मुख्यालय और सेना के उच्च अधिकारियों ने इस व्यवस्था को बदलने में जरा भी रुचि नहीं दिखाई है।

सतर्कता जरूरी

# हिट एंड रन काबू करने एआई तकनीक होगी कारगर



ऋतुपर्ण दवे

***पुणे*** हिट एंड रन मामले के बाद एक बार फिर पूरे देश में इस संबंधी कानून और नियंत्रण पर नई बहस छिड़ गई है। इस दर्दनाक घटना के आरोपित को नाबालिग बताकर कानून की खामियों या कमियां, दोनों का भरपूर लाभ दिया गया। वह तो देशव्यापी जन आक्रोश को देखकर फैसला बदला गया वरना जिम्मेदारों ने तो अपना फर्ज निभा ही दिया था। निश्चित रूप से ऐसे मामले चर्चाओं में क्यों आते हैं बिना कुछ कहे सब एकदम साफ है। अब एक बार फिर कानून में सुधार पर नए सिरे से सोचना होगा। आरोपित की मंशा और दुर्घटना की परिस्थितियों तथा यदि उपलब्ध है तो डिजिटल साक्ष्य को ध्यान में रख कार्रवाई के लिए प्रभावी व पारदर्शी सुधारों की दरकार महसूस होने लगी है। यह यकीनन बड़ी चुनौती है लेकिन दोष-निर्दोष और अनजाने हुई दुर्घटना के बीच की महीन लकीरों को बिना मिटाए या प्रभावित किए, प्रभावी कार्रवाई चुनौती भी है और जरूरी भी। पुणे दुर्घटना में अकाल मृत्यु के आगोश में समाए 24-24 बरस के अनीस अवधिया और अश्विनी कोस्टा तो वापस नहीं आएंगे लेकिन दुर्घटना उपरान्त पूछताछ के नाम पर पुलिसिया सवालों से आहत पीड़ित परिवार का दर्द जरूर बड़ा सवाल है। जिम्मेदारों और माननीयों को इस पर भी सोचना होगा। वहीं बड़ा सवाल उस बिगड़ैल रईसजादे का है जिसे नाबालिग होते हुए भी पिता ने महंगी गाड़ी चलाने को कैसे दी? जबकि पता था कि न रजिस्ट्रेशन है और न औलाद के पास लाइसेंस। इसे अमीरी का रुतबा कहें या व्यवस्थाओं पर तमाचा जो पुणे जैसे शहर में पैसों की खुमारी से नाबालिग बिना नंबर की गाड़ी 200 किलोमीटर की रफ्तार सड़क पर चला नहीं उड़ा रहा था? आखिर दो बेकुसूरों को उड़ाने का दोषी सिर्फ नाबालिग ही नहीं उसका पिता भी बराबर का है! ऐसे हिट एंड रन देश में चचाओं में रहते हैं। दो-चार दिन हो-हल्ला के बाद शांत भी हो जाते हैं। लेकिन न तो दुर्घटनाएं रुकती हैं और न ही सड़कों पर वाहन दौड़ाने वाले रईसों में कोई डर दिखता है। हां, साधारण लोग जरूर कानून, कायदे के जंजाल में फंस जाते हैं या फंसा दिए जाते हैं, क्योंकि वो रईस नहीं होते। यहां कानपुर के उस मामले के भी चर्चा जरूरी है जिसमें एक नामी डॉक्टर के केवल 15 बरस के नाबालिग औलाद ने अक्टूबर 2023 में तेज रफ्तार गाड़ी चलाते हुए सागर निषाद और आशीष रामचरण नाम के दो बच्चों को रौंदकर मार डाला। कानून का माखौल कहें या जिम्मेदारों की छत्रछाया जो दोबारा 31 मार्च 2024 को इसी बिगड़ैल ने 4 लोगों के ऊपर फिर कार चढ़ा दी। तब भी कानूनी खानापूर्ति में मामूली धाराओं में पुलिस ने प्रकरण बनाया और आरोपी बेलगाम घूमता रहा। लेकिन पुणे की घटना के बाद शायद पुलिस की आत्मा जागी या डरी पता नहीं, दोनों मामलों पर एकाएक सख्त कार्रवाई करते हुए आरोपित नाबालिग और उसके डॉक्टर पिता को भी 6-7 महीने बाद आरोपी जरूर बना लिया। हैरानी की बात है कि तब भी यही कानून थे और अब भी वही कानून हैं। लेकिन पुलिस का रवैया अलग-अलग विचारणीय है? पुणे घटना का एक दूसरा पहलू भी है। आरोपी नाबालिग ने दोस्तों संग दो पबों में 69 हजार रुपयों का जाम छलकाया जिसके सुबूत भी मिले। लेकिन हैरानी है कि मेडिकल रिपोर्ट निगेटिव आई? अब पुणे में अवैध पब ढ़हाए जा रहे हैं, यह जिम्मेदारों को पहले क्यों नहीं दिखे? कैसे नाबालिगों को शराब परोसी गई? कानून की धज्जियों उड़ाने वाले सवालों की श्रृंखला में कई कड़ी हैं। दुर्घटना करने वाली दो करोड़ से ज्यादा की पोर्स कार के रजिस्ट्रेशन के बारे में महाराष्ट्र ट्रांसपोर्ट विभाग का हैरान कर देने वाला खुलासा सामने आया। महज 1,758 रुपये की फीस नहीं चुकाने से कार का रजिस्ट्रेशन मार्च से पेंडिंग था और विभाग खामोश। अब कहा जा रहा है कि आरोपित का ड्राइविंग लाइसेंस उम्र 25 साल पूरा होने तक नहीं बनेगा। लेकिन यह क्यों नहीं कोई बताता कि बिना लाइसेंस रईसजादा कैसे सड़क पर बेखौफ होकर फराटें भर रहा था? क्या रईसजादों को लाइसेंस की जरूरत नहीं होती? क्या रईसजादों पर उम्र का बंधन नहीं होता? कानून के रक्षकों के शायद इसी दोहरे रवैये से रईस नाबालिगों के हिट एंड रन के हैरान करने वाले मामले सामने आते हैं जो आम लोगों से भेदभाव करते हैं। लगता नहीं कि अपराध की गंभीरता देखी जानी चाहिए न कि उम्र? नए दौर में कानून में ऐसे सुधारों की दरकार है जिसमें आयु की जगह अपराध की गंभीरता और मंशा अहम हो। नाबालिगों के ऐसे-ऐसे अपराध सामने आने लगे हैं जो चिंताजनक हैं। लूटपाट, हत्या, गैंग रैप, धमकाना और वो साइबर अपराध जिन्हें करते वक्त नाबालिग कैसे बड़ों-बड़ों को मात देता है। तब उसका अपराध नाबालिग होने के कारण छूट का कारण कैसे हो सकता है? भारत में सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े चिंताजनक हैं। केवल 2022 के आंकड़ों का विश्लेषण करें तो रोजाना 1264 सड़क दुर्घटनाओं में 462 लोगों की मृत्यु हुई जो हर घंटे के लिहाज से 53 दुर्घटनाओं तथा 19 मौतों का है। यह विस्तार से लिखने का विषय है। उन्नत तकनीक का दौर है। गांव-गांव ऑप्टिकल फाइबर के जंजाल से लेकर हर कहीं सैटेलाइट्स की जद है। टोलब्रिज पर फास्टटैग से भुगतान और वाहन के सारे डिटेल्स सर्वर को चंद सेकेंड में मिल जाते हैं। अब असंभव भी नहीं कि हर शहर, कस्बे, सड़क, राजमार्ग पर इसी तर्ज पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई संचालित हाई रिजॉल्यूशन स्पीड ट्रैप कैमरे, सेंसर व जरूरी उपकरण लगें, भीड़-भाड़ वाली जगहों पर वक्त-बेवक्त ड्रोन कैमरों से सतत निगरानी हो। सारा कुछ जिम्मेदार विभाग या शहर, नगर, कस्बे, पंचायत व स्थानीय पुलिस थानों में बड़े स्क्रीनों पर देखा जा सके। पुलिस को बजाए सड़कों पर खड़ा करने नियंत्रण कक्ष से ही सारी गतिविधियां ऑन कैमरा परखी और जांची जाएं। एआई तकनीक का ऑटोमैटिक अलार्म सिस्टम भी संदिग्ध, ओवर स्पीडिंग, बिना नंबर, बिना हेलमेट, या बिना सीट बेल्ट लगाए वाहन निष्पक्षता व पारदर्शिता से ट्रैप कर पलक झपकते चाहे शहर हों या राजमार्ग, सारी सूचनाएं सर्वर, करीबी गश्ती दल, थाने या नाके तक पहुंचाएं। जरा सी भी आशंका पर अगले ठिकाने में संदिग्ध या कानून तोड़ता वाहन भी डिजिटल प्रमाणों के चलते जद में होगा। ऐसी निगरानी का भरपूर प्रचार हो ताकि सड़कों पर सबको पता हो कि वो तकनीक के जद में है। महानगरों की तर्ज पर ऐसे संसाधनों का इस्तेमाल एक बार के निवेश जैसा है जिसे थोड़े से बजट से हर महीने मेन्टेन या अपडेट किया जा सकेगा। लगता नहीं कि यह अत्याधुनिक तकनीकों का दौर है। नियंत्रण कक्षों में उन्नत यंत्रों से आ रही सूचनाओं को देखना, जांचना और कार्रवाई संबंधी प्रणाली विकसित करना चाहिए ताकि कोई भी बेखौफ, रसूखदार, नशेड़ी, अपराधी एआई की निगाह से न बच पाए। रिकॉर्ड का नियमित उच्च स्तरीय ऑडिट, जांच-परख भी हो ताकि भेदभाव की गुंजाइश न रहे। यकीनन संजय रूपी तीसरी आंख बिना भेदभाव काम करेगी जिसकी जद में सब होंगे तो क्या राजा, क्या रंक सबको अपनी हदों या औकात का पता होगा। लगता नहीं कि बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं या हिट एंड रन को रोकने के लिए यही सस्ता, प्रभावी और निष्पक्ष उपाय ही कारगर हो सकता है?

**(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)**



## आपकी बात

### नाकारा व्यवस्था : कानून की धज्जियां बिखेरते नाबालिग !



मनोज कुमार अग्रवाल

***पुणे*** शहर में हाल ही में एक बेहद दर्दनाक हादसा हुआ। रात के तीन बजे दो युवा आईटी इंजीनियर अनीस अवधिया और अश्विनी कोस्टा अपने सहकर्मियों संग कल्याणी नगर में एक भोजनालय पर भोजन करके वापस लौट रहे थे। वे सभी दोस्त मोटरसाइकिलों पर सवार थे। जब वे कल्याणी नगर जंक्शन पर पहुंचे, तो बेलगाम रफ्तार से दौड़ती आ रही लग्जरी पोर्शे कार ने उन दोनों के मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, मोटरसाइकिल गिरा और कार ने दोनों को कुचल डाला, जिससे दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। जब आरोपित कथित नाबालिग कार चालक को पकड़ कर जुवेनाइल कोर्ट में पेश किया गया तो उसे मात्र 15 घंटे में यह कहकर जमानत दे दी गई कि वह सड़क हादसों पर 300 शब्दों का निबंध लिखे। यह जुनाइल जस्टिस बोर्ड कौन सा फैसला है जिसके बारे में आम आदमी चीत्कार उठा है। क्या नाबालिग को कोई भी अपराध करने की छूट है हमे याद आ रहा है निर्भया कांड का वह शैतान दरिंदा जिसे जेजेबी ने उस बेहद बर्बरता हैवानियत के आरोपी को किशोर सुधार गृह में रखने के बाद सिलाई मशीन गिफ्ट के साथ रिहा कर दिया था जबकि इस नाबालिग का निर्भया के साथ दरिंदगी बर्बरता में सबसे बर्बर रोल था और इस कांड के दूसरे आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई थी। क्या दो युवाओं की जिंदगी छीन लेने की सजा मात्र दो पन्नों का निबंध है? पुणे की यह घटना कथित एलीट सोसाइटी के बिगड़ैल रईसजादों के उत्श्रृंखल हो कर मनमानी करते हुए कानून को तोड़ने और उनके सामने बेबस कानून के अंधा कानून साबित होने का जीता-जागता उदाहरण है। आरोपित को इसलिए कुछ ही घंटों में जमानत दे दी गई, क्योंकि वह 17 साल का 'नाबालिग' है। वह पुणे के एक बड़े बिल्डर का बेटा है और 2 करोड़ रुपये की पोर्शे कार दौड़ा रहा था। इस साल मार्च में खरीदी गई इस गाड़ी पर लाइसेंस नंबर नहीं था क्योंकि रोड टैक्स के 44 लाख रुपये नहीं दिए गए थे। यहां तक कि गाड़ी चला रहे नाबालिग लड़के के पास कोई ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं था। वह कितना नाबालिग था, इसी से समझा जा सकता है कि इन दो युवाओं को कुचलने से ठीक पहले वह पब में शराब पार्टी करके आया था। आरोपी का एक वीडियो सामने आया, वीडियो में आरोपी दोस्तों के साथ शराब पीता हुआ दिख रहा था। पुलिस की मानें तो आरोपी नाबालिग ने हादसे से पहले कई पबों में पार्टी की थी। **(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)**

जल ही जीवन है

# जल-संकट चुनाव जीतने का नहीं, समाधान का माध्यम बने



ललित गर्ग

***देश*** के कई भागों में भीषण गर्मी पड़ रही है, जैसे-जैसे गर्मी प्रचंड होती जा रही है, जल संकट की खबरें भी डराने लगी है। राजस्थान, दिल्ली, कर्नाटक आदि प्रांतों में पानी के लिये त्राहि-त्राहि मची है। मध्यप्रदेश के छतरपुर जिले महर-खुवा गांव में जल-संकट की तस्वीरें भयावह एवं डराने वाली है। इस गांव में लगभग 100 आदिवासी परिवार रहते हैं, जिनके पास अब इतना भी पानी नहीं बचा है कि ये दिन में दो वक्त का खाना बना सकें और अपनी प्यास बुझा सकें। ऐसे हजारों गांव हैं, जहां पानी के अभाव में जीवन संकट में हैं। भारत अपने इतिहास के सबसे गंभीर जल संकट का सामना कर रहा है। लोकसभा चुनाव अन्तिम चरण की ओर अग्रसर है, आज हमारे उम्मीदवार मुफ्त बिजली और पानी देने का वादा करके चुनाव तो जीत जाते हैं लेकिन भारत में जिस तरह पानी का संकट गंभीर हो रहा है, उससे उनकी

> **जल-संकट चुनाव जीतने एवं राजनीतिक हिस्सा तो है, लेकिन समाधान का नहीं। जल संकट ने राजनीतिक रंग तो ले लिया है, विभिन्न राजनीतिक दल एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं और पिस रहा आम आदमी।**

कथनी और करनी की असमानता ही बार-बार उजागर होती है। जल-संकट चरम पराकाष्ठा पर है, एक दिन ऐसा भी आ सकता है, जब पैसा देकर भी पानी खरीदना मुश्किल हो जाएगा। जल-संकट चुनाव जीतने एवं राजनीतिक बयानबाजी का हिस्सा तो है, लेकिन समाधान का नहीं। जल संकट ने राजनीतिक रंग तो ले लिया है, विभिन्न राजनीतिक दल एक-दूसरे को दोषी ठहरा रहे हैं और पिस रहा आम आदमी। पैसे वालों के लिए पानी इतनी बड़ी समस्या नहीं है लेकिन जिन लोगों के पास पैसों की किल्लत है, वे पानी की किल्लत से भी जूझ रहे हैं क्योंकि टैंकर का पानी महंगा पड़ रहा है। वास्तव में लगातार बढ़ती गर्मी के कारण जल स्तर में तेजी से गिरावट आ रही है। इसके गंभीर परिणामों के चलते राजस्थान, मध्यप्रदेश, आंध्रप्रदेश, कर्नाटक और तमिलनाडु जैसे राज्यों में पानी की कमी ने गंभीर रूप धारण कर लिया है। देश का आईटी हब बेंगलुरु गंभीर जल संकट से दो-चार है। जिसका असर न केवल कृषि गतिविधियों पर पड़ रहा है बल्कि रोजमर्रा की जिंदगी भी बुरी तरह प्रभावित हो रही है। केंद्रीय जल आयोग के नवीनतम आंकड़े भारत में बढ़ते जल संकट की गंभीरता को ही दशार्ते हैं। आंकड़े देश भर के जलाशयों के स्तर में आई चिंताजनक गिरावट की तस्वीर उकेरते हैं। देश में प्रमुख जलाशयों में उपलब्ध पानी में उनकी भंडारण क्षमता के अनुपात में तीस प्रतिशत की गिरावट आई है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## X - से




अपने पत्र हमें इमेल कर सकते हैं-article.rnmail@gmail.com


# लोक कल्याण से प्रेरित पत्रकारिता



डॉ. अनिल कुमार निगम

***उत्तराखंड*** में चारधाम यात्रा कुप्रबंधन का शिकार हो गई है। स्थिति अत्यंत खराब होने लगी तो प्रशासन ने पहले यात्रा के लिए ऑफलाइन पंजीकरण और अब ऑनलाइन पंजीकरण भी बंद कर दिया है। तीर्थयात्रियों की इस यात्रा के दौरान मौतें होने की खबरें अत्यंत पीड़ादायक हैं। चारधाम यात्रा के लिए इन दिनों भक्तों का सैलाब उमड़ रहा है और इस कारण से यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को भारी अव्यवस्था का भी सामना करना पड़ रहा है। सवाल यह है कि उत्तराखंड की अर्थव्यवस्था का प्रमुख आधार होने के बावजूद चारधाम यात्रा के लिए शासन और प्रशासन ने पूर्व में समुचित तैयारी क्यों नहीं की? ऐसा क्यों हुआ? सरकार और प्रशासन से क्या और कहां चूक हुई? दर्शन के लिए ऑनलाइन और ऑफलाइन पंजीकरण को पहले ही नियंत्रित क्यों नहीं किया गया? आज वहां जाम में जिस तरीके से लोग फंसने लगे हैं। हैरान व परेशान लोगों की जो तस्वीरें आ रही हैं, वे सचमुच डराने वाली हैं। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम में यातायात व्यवस्था कुछ हद तक तो पटरी पर लौटी है। फिर भी उत्तरकाशी से गंगोत्री धाम (105 किलोमीटर) तक पहुंचने में तीर्थयात्रियों को सात घंटे लग रहे हैं। यमुनोत्री धाम में पैदल यात्रा मार्ग पर तीर्थयात्रियों के आवागमन को सुगम बनाने के लिए जिलाधिकारी डॉ. मेहरबान सिंह बिष्ट ने धारा 144 के तहत आदेश जारी किए थे। घोड़ा-खच्चर व पालकी की संख्या निश्चित समय अंतराल के लिए तय की गई है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, बद्रीनाथ धाम को सृष्टि का आठवां वैकुंठ भी कहा जाता है। ऐसी मान्यता है कि यहां भगवान विष्णु छह महीने विश्राम करने के लिए आते हैं। साथ ही केदारनाथ धाम में भगवान शंकर विश्राम करते हैं। बद्रीनाथ में दो पर्वत हैं, जिन्हें नर और नारायण नाम से जाना जाता है। वह भगवान विष्णु के 24 अवतारों में से हैं। शास्त्रों में बताया गया है कि चारधाम यात्रा करने से व्यक्ति को जीवन और मरण के चक्र से मुक्ति प्राप्त हो जाती है। ऐसी मान्यता है कि जो व्यक्ति एक बार भी बद्रीनाथ के दर्शन करता है, उसे उदर यानि गर्भ में नहीं जाना पड़ता है। शिव पुराण में बताया गया है कि केदारनाथ ज्योतिर्लिंग का पूजन करने के बाद जो व्यक्ति जल ग्रहण कर लेता है, उसे दोबारा जन्म नहीं लेना पड़ता है। निस्संदेह, धार्मिक पर्यटन उत्तराखंड प्रदेश की अर्थव्यवस्था को बहुत बड़ा संबल प्रदान करता है। बावजूद इसके इस पक्ष की अनदेखी की गई। सवाल यह है कि चारधाम यात्रा में अव्यवस्था क्यों हुई ? चारधाम यानी यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ जी की यात्रा शुरू होने के बाद इस बार पिछले वर्ष की तुलना में संख्या इतनी अधिक हो गई जिसके लिए प्रशासन तैयार ही नहीं था। चारधाम यात्रा के दौरान भारी भीड़ के सामने प्रशासन भी लाचार हो गया है। ऋषिकेश में सभी होटल बुक हैं और यात्रियों को रात गुजारने के लिए भी जगह नहीं मिल रही है। प्रशासन ने ऋषिकेश में ठहरे तीर्थयात्रियों के लिए ट्रांजिट कैंप में हैंगर व टेंट के अलावा धर्मशालाओं, स्कूलों तथा वेडिंग प्वाइंट में ठहरने की व्यवस्था की है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**



## बोधि वृक्ष

# स्वर्ण मंदिर अमृतसर का इतिहास और अन्य जानकारी

***अमृतसर*** का इतिहास करीब 400 साल पुराना है। यहां गुरूद्वारे की नींव 1577 में चौथे सिख गुरू रामदास ने 500 बीघा में रखी थी। अमृतसर का मतलब है अमृत का टैंक। पांचवे सिख गुरू अर्जन देव जी ने इस पवित्र सरोवर व टैंक के बीच में हरमंदिर साहिब यानि स्वर्ण मंदिर का निर्माण किया और यहां सिख धर्म के पवित्र ग्रंथ आदि ग्रंथ की स्थापना की। श्री हरमंदिर साहिब परिसर अकाल तख्त का भी घर माना जाता है। एक और संस्करण में बताया गया है कि सम्राट अखबर ने गुरू रामदास की पत्नी को भूमि दान की थी, फिर 1581 में गुरू अर्जुनदास ने इसका निर्माण शुरू कराया। निर्माण के दौरान ये सरोवर सूखा और खाली रखा गया था। हरमंदिर साहिब के पहले संस्करण को पूरा करने में पूरे 8 साल का समय लगा। ये मंदिर 1604




में पूरी तरह बनकर तैयार हुआ था। हालांकि कई बार स्वर्ण मंदिर को नष्ट किया गया, लेकिन 17वीं शताब्दी में महाराज सरदार जस्सा सिंह अहलुवालिया द्वारा इसे फिर से बनवाया गया था। मार्बल से बने इस मंदिर की दीवारों पर सोने की पत्तियों से नक्काशी की गई है, जो देखने में बहुत ही सुंदर लगती हैं।

(क्रमशः)

## टेक वर्ल्ड

# IRCTC के मास्टर लिस्ट फीचर का उपयोग कर

**पेमेंट करें :** जब यात्रा की जानकारी भर दी जाएगी, तो यात्री को टिकट की फीस का भुगतान करना होगा। इसके बाद, टिकट बुक हो जाएगा। यह नया तत्काल टिकट बुकिंग फीचर IRCTC के सभी यात्रियों को लाभ पहुंचाएगा। अब यात्रा को लेकर किसी भी प्रकार की चिंता करने की आवश्यकता नहीं होगी, क्योंकि टिकट की बुकिंग को लेकर अब




तत्काल में ही समाधान है। इस नए फीचर के लॉन्च होने के साथ ही, यात्रियों की तकनीकी सुविधाएँ भी बढ़ गई हैं। अब यात्री अपने मोबाइल ऐप के माध्यम से भी तत्काल टिकट बुक कर सकते हैं। यह फीचर खासकर वे यात्री लिए बड़ी राहत हैं, जो जल्दी में होते हुए अपनी यात्रा की योजना बनाते हैं। यह नया तत्काल टिकट बुकिंग फीचर IRCTC के प्रयासों का एक और उदाहरण है, जो यात्रियों को अधिक सुविधा प्रदान करने के लिए लाया गया है। इससे न केवल यात्रियों को अपनी यात्रा की योजना को सम्पन्न करने में मदद मिलेगी, बल्कि भारतीय रेलवे के सुविधाएँ भी मोबाइल प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराने का एक और कदम होगा।

(क्रमशः)


स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# मुसलमानों की 77 जातियों को रातों रात ओबीसी बना दिया : प्रधानमंत्री

- इंडी गठबंधन ने ओबीसी के हक पर डाका डाला और संविधान की धज्जियां उड़ा दी
- बंगाल की सीएम ममता सीधे-सीधे कोर्ट के फैसले को मानने से इनकार कर रही हैं
- वोट बैंक के आगे इंडी गठबंधन के लिए अदालत और संविधान कोई मायने नहीं रखता



**एजेंसी। शिमला**

हिमाचल प्रदेश के शिमला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर जमकर हमला बोला। इस दौरान पीएम मोदी ने अन्य पिछड़ा वर्ग के आरक्षण को टीएमसी प्रमुख ममता बनर्जी और कांग्रेस को घेरते हुए कहा कि इन्होंने मुसलमानों की 77 जातियों को ओबीसी बना दिया। इन्हें हर जगह मलाई मिल रही थी। उन्होंने रैली को संबोधित करते हुए कहा, "इंडी गठबंधन की साजिश का ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल में सामने आया है। 2 दिन पहले ही वहां कलकत्ता हाई कोर्ट ने वहां 77 मुस्लिम जातियों के आरक्षण को खत्म कर दिया। मुसलमानों की 77 जातियों को इंडी गठबंधन वालों ने रातों-रात ओबीसी बना दिया था और ओबीसी का हक उनको दे दिया था। कोर्ट ने मामले को गंभीरता से लिया। इन 77 मुस्लिम जातियों को नौकरी, पढ़ाई में हर जगह मलाई मिल रही थी। ऐसा करके इंडी गठबंधन ने ओबीसी के हक पर डाका डाला और संविधान की धज्जियां उड़ा दी। अब कलकत्ता हाई कोर्ट के फैसले के बाद इंडी गठबंधन वाले बौखलाए हुए हैं। बंगाल की मुख्यमंत्री तो सीधे-सीधे कोर्ट के फैसले को मानने से भी इनकार कर रही हैं। इनके लिए संविधान और अदालतें कोई मायने नहीं रखती। इनका सबसे सगा अगर कोई है, तो वो इनका वोट बैंक है।

पीएम मोदी ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि आपने कांग्रेस का दौर देखा है, जब एक कमजोर सरकार देश में हुआ करती थी। उस समय पाकिस्तान हमारे सिर पर चढ़कर नाचता था। कांग्रेस की कमजोर सरकार दुनिया में गुहार लगाती फिरती थी।

पीएम मोदी ने कहा अब भारत दुनिया के सामने भीख नहीं मागेंगा। भारत अपनी लड़ाई लड़ेगा। और फिर भारत ने घर में घुसकर मारा। आज देखिए पाकिस्तान की क्या हालत हो गई है। कांग्रेस, मां भारती के अपमान से भी बाज नहीं आती। कांग्रेस को 'भारत माता की जय' कहने से दिक्कत है, कांग्रेस को 'वंदे मातरम' कहने से दिक्कत है। पीएम मोदी ने आगे कहा, यही कांग्रेस है जिसने भारत के सीमावर्ती इलाकों को अपने हाल पर छोड़ दिया था। जब बॉर्डर स्टेट में सड़क बनाने की बात आती थी तो कांग्रेस के हाथ-पांव फूल जाते थे। कांग्रेस डर जाती थी कि अगर सड़क बनाई तो उसी सड़क से दुश्मन भीतर आ जाएगा। ऐसी डरपोक सोच मोदी के मिजाज के साथ मेल नहीं खाती। आज बॉर्डर किनारे सैकड़ों किलोमीटर नई सड़कें बनी। आज बॉर्डर किनारे रहने वाले फौजियों का जीवन आसान हुआ है।

## आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस से लैस होगा दूरदर्शन, देश के किसानों को बड़ा तोहफा

- दूरदर्शन किसान 26 मई को दो एआई एंकर को करेगा लॉन्च
- दोनों देश-विदेश की 50 भाषाओं में बातचीत करने में सक्षम

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दूरदर्शन 26 मई को एक और उपलब्धि हासिल करने जा रहा है। नौ साल की अपार सफलता के बाद डीडी किसान 26 मई को नए रंग-रूप और नए अंदाज में देश के किसानों के बीच आ रहा है। यह जानकारी आज केंद्र सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) की विज्ञप्ति में दी गई है। यह बदलाव देश के किसानों को सबसे बड़ा तोहफा होगा। पीआईबी की विज्ञप्ति के अनुसार, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के इस युग में यह देश का पहला सरकारी टीवी चैनल बनने जा रहा है जहां एआई एंकर पर सभी की निगाहें रहेंगी। दूरदर्शन किसान दो एआई एंकर एआई कृष और एआई भूमि लॉन्च करने जा रहा है। दोनों न्यूज एंकर एक कंप्यूटर हैं, जो हूबहू इंसान की तरह ही हैं और इंसानों की तरह ही काम कर सकते/सकती हैं। यह एंकर बिना रुके या फिर बिना थके 24 घंटे और 365 दिन न्यूज पढ़ सकते हैं। किसान दर्शक इन्हें कश्मीर से तमिलनाडु और गुजरात से अरुणाचल प्रदेश तक देश के सभी राज्यों में देख पाएंगे। ये एआई एंकर देश-विदेश में हो रहे कृषि अनुसंधान, अनाज मंडियों में हो रही उठापटक या फिर मौसम की फेरबदल, हर आवश्यक जानकारी किसानों तक पहुंचाएंगे।

### डीडी किसान का मुख्य मकसद

- डीडी किसान देश का एक मात्र टीवी चैनल है, जिसकी स्थापना भारत सरकार ने किसानों के लिए की गई। इस चैनल की स्थापना 26 मई 2015 को की गई थी।
- डीडी किसान चैनल की स्थापना का उद्देश्य था कि वह हमेशा सजग रहते हुए मौसम, वैश्विक बाजारों इत्यादि में होने वाले बदलावों से किसानों को अवगत कराता रहे, ताकि किसान पहले से ही उपयुक्त योजनाएं बना सकें और समय पर सही निर्णय ले सकें। डीडी किसान चैनल 9 साल से इन मापदंडों पर खरा उतर रहा है।
- डीडी किसान चैनल प्रगतिशील किसानों के प्रयासों को सभी लोगों के सामने लाने का काम भी कर रहा है, जिसका उद्देश्य देश में कृषि और ग्रामीण समुदाय की सेवा करना तथा उन्हें शिक्षित कर समग्र विकास का वातावरण बनाने की दिशा में काम करना है।
- डीडी किसान चैनल कृषि की त्रिआयामी अवधारणा जिसमें संतुलित खेती, पशुपालन और वृक्षारोपण शामिल हैं, को मजबूत कर रहा है।

## न्यूज बॉक्स

### हनी ट्रैप में फंसा कर हुई थी बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम की हत्या



**कोलकाता।** बांग्लादेश के सांसद अनवारुल अजीम अनार की हत्या मामले की सीआईडी जांच में चौंकाने वाली जानकारी सामने आ रही हैं। अब पश्चिम बंगाल सीआईडी ने हत्या के पीछे हनी ट्रैप की आशंका जताई है। सीआईडी का दावा है कि हत्या से पहले बांग्लादेश के सांसद को हुश्न के जाल में फंसा कर बुलाया गया था। वहां पहुंचने के बाद उन्हें योजनाबद्ध तरीके से मौत के घाट उतारा गया। हालांकि, इससे पहले सीआईडी ने सांसद की हत्या के पीछे दोस्त का हाथ बताया था। सीआईडी की प्रारंभिक जांच में पता चला है कि अनार को मारने के लिए दोस्त ने पांच करोड़ रुपये की सुपारी दी थी। गुरुवार शाम पुलिस ने पूछताछ के लिए एक व्यक्ति को हिरासत में लिया। उससे रात भर पूछताछ हुई है। शुक्रवार को सीआईडी सूत्रों ने बताया है कि सांसद को एक महिला न्यू टाउन के एक फ्लैट में प्रलोभन देकर ले गई, जिसके बाद भाड़े के बदमाशों द्वारा उनकी हत्या की गई होगी। हिरासत में लिये गए व्यक्ति ने हत्या के मुख्य आरोपितों में से एक से मुलाकात की थी। यह व्यक्ति बांग्लादेश की अंतरराष्ट्रीय सीमा के करीब पश्चिम बंगाल के एक इलाके का निवासी है। पुलिस अधिकारी ने हिरासत में लिये गए व्यक्ति की पहचान बताए बिना कहा कि जांच में यह पता लगाने की कोशिश की जा रही है कि वह व्यक्ति सांसद से क्यों मिला और उन्होंने क्या चर्चा की थी।

### यूक्रेन के खार्किव में मिसाइल हमलों में 7 की मौत, 21 घायल

**कीव।** रूस ने यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव पर गुरुवार तड़के एस-300 मिसाइलों से हमला किया। इस हमले में कम से कम सात लोगों की मौत हो गई, जबकि 16 लोग घायल हो गए। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने रूस के हमले की पुष्टि की। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की ने इस रूसी हमले को 'बेहद क्रूर' बताते हुए पश्चिमी देशों से पर्याप्त एयर डोम (वायु रक्षा प्रणाली) न मिलने पर फिर से निराशा व्यक्त की। मालूम हो कि रूसी सेना ने हाल ही में व्यापक अभियान के तहत खार्किव के कई गांवों को आपने कब्जे में ले लिया है।

### नेपाल में कोरोना वायरस का नया वेरिएंट मिला, केपी 1 व केपी 2 की पुष्टि

**काठमांडू।** नेपाल में कोरोना वायरस का नया वेरिएंट मिला है। कई मरीजों की जांच के बाद वायरस के नए वेरिएंट केपी 1 और केपी 2 की पुष्टि हुई है। राष्ट्रीय जनस्वास्थ्य प्रयोगशाला के प्रमुख डॉ. शेरबहादुर पुन ने बताया कि कोरोना रोगियों के रैंडम सैम्पलिंग की जांच करने 40 प्रतिशत लोगों में केपी 1 और केपी 2 वेरिएंट होने की पुष्टि की गई है। उन्होंने कहा कि नेपाल में पहली बार मिला कोरोना वायरस का नया वेरिएंट कोरोना के ओमिक्रोन का ही सब वेरिएंट है। यह वेरिएंट अभी सिंगापुर, अमेरिका, यूरोप और कई अफ्रीकी देशों में देखने को मिला है।

### ठाणे केमिकल फैक्ट्री विस्फोट में मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हुई

**ठाणे (महाराष्ट्र)।** मुंबई में ठाणे के डोंबिवली स्थित अमुदान केमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड फैक्ट्री में हुए विस्फोट के बाद आग लगने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 11 हो गई है। मलबे से तीन और शव निकाले गए हैं। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। गुरुवार को घटी इस घटना के बाद डोंबिवली और आसपास के लगभग 4 किमी के क्षेत्र में जले हुए केमिकल की तेज दुर्गंध और सड़कों, दुकानों और घरों पर धुएं की परत दिखाई दी। अधिकतर लोगों ने दुर्गंध से बचने के लिए मास्क का सहारा लिया। एनडीआरएफ, एसडीआरएफ और फायर ब्रिगेड ने बचाव अभियान के तहत मलबे से तीन और शव निकाले। 64 लोग घायल हुए हैं। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। गुरुवार रात आग को बुझा दिया गया।

### अभिनेत्री लैला खान व परिवार के कत्ल में दोषी को मौत की सजा



**मुंबई।** फिल्म अभिनेत्री लैला खान और उनके परिवार के पांच अन्य लोगों की हत्या मामले में शुक्रवार को मुंबई की सत्र अदालत ने दोषी परवेज टाक को फांसी की सजा सुनाई है। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सचिन पवार ने नौ मई को परवेज टाक को हत्या और सबूतों को नष्ट करने का दोषी करार किया था। अभिनेत्री लैला, उनकी मां और उनके चार भाई-बहनों की फरवरी, 2011 में नासिक जिले के इगतपुरी स्थित उनके बंगले में हत्या कर दी गई थी। परवेज टाक लैला की मां सेलिना का तीसरा पति था।

### पाक के पंजाब प्रांत में एक रोटी की सरकारी कीमत 14 रुपये

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने रोटी की नई कीमत तय की है। इस बारे में सरकार ने अधिसूचना जारी की है। यह जानकारी पाकिस्तान के चैनल एआरवाई न्यूज ने अपनी रिपोर्ट में दी है। रिपोर्ट के अनुसार पंजाब की मुख्यमंत्री मरियम नवाज ने गुरुवार को रोटी (नान) की कीमत में कटौती करते हुए पूरे प्रांत में इसकी कीमत 14 रुपये तय की है। मरियम नवाज ने एक्स हैंडल पर यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि देशभर में आटे के दाम में आई कमी का लाभ लोगों को मिलना चाहिए। पंजाब सरकार के प्रवक्ता ने कहा कि नान बाई एसोसिएशन की सहमति के अनुसार रोटी की नई कीमत सभी तंदूरों पर प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।

## आज का राशिफल

**मेष** — शुभांक 2-5-7
बुद्धि व धन का दुरूपयोग न करें। व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। भ्रातृपक्ष में विरोध की संभावना है। आय-व्यय समान रहेगा। स्वास्थ्य ठीक रहेगा। व्यर्थ प्रपंच में समय न गंवाकर काम पर ध्यान दीजिए। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**वृषभ** — शुभांक 2-3-5
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे ही निपटा लें, क्योंकि आगे कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा।

**मिथुन** — शुभांक 2-3-8
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढने.के आसार रहेंगे। अपने काम को प्राथमिकता से करें। चिंतनीय वातावरण से मुक्ति मिलेगी।

**कर्क** — शुभांक 2-5-8
मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। मेहमानों का आगमन होगा। पुरानी गलती का पश्चाताप होगा। विद्यार्थियों को लाभ। दाम्पत्य जीवन सुखद रहेगा। वाहन चालन में सावधानी बरतें। बातचीत में संयम बरतें। आय के अच्छे योग बनेंगे।

**सिंह** — शुभांक 4-8-9
परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। संतोषजनक सफलता मिलेगी।

**कन्या** — शुभांक 2-8-9
अपनों का सहयोग मिलेगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति ठीक रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें। शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। कार्य सफल होंगे।

**तुला** — शुभांक 5-7-9
मन प्रसन्न बना रहेगा। अचल संपति की खरीद अथवा कृषि उद्यम में रुचि पैदा होगी। आपसी प्रेम-भाव में बढ़ोतरी होगी। भविष्य की योजनाओं पर विचार विमर्श होगा। सहयोग प्राप्त होगा। अपने आपको अधिक सक्रिय पाएंगे। परामर्श आदि सभी का सहयोग मिलेगा।

**वृश्चिक** — शुभांक 1-2-7
दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। उतावलेपन से बचे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। कुछ कार्यक्रम बदलने होंगे। किसी को हानि पंहुचाने की चेष्टा न करें अन्यथा हानि संभव है। स्वविवेक से कार्य करे।

**धनु** — शुभांक 1-4-8
घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। सभा-सोसायटी में सम्मान मिलेगा। पद-प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। पसंदीदा भोज्य पदार्थों की प्राप्ति होगी।

**मकर** — शुभांक 5-6-8
प्रतिष्ठा बढ़ाने वाले कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा। मनोरथ सिद्धि का योग है। स्त्री-संतान पक्ष का सहयोग मिलेगा।

**कुम्भ** — शुभांक 5-7-8
कुछ कार्य भी सिद्ध होंगे। व्यर्थ की भाग-दौड़ से यदि बचा ही जाए तो अच्छा है। प्रियजनों से समागम का अवसर मिलेगा। अवरुद्ध कार्य संपन्न हो जाएंगे। कुछ तनाव हो सकता है। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मीन** — शुभांक 3-5-7
आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुख-आनंद कारक समय है। यात्रा सुखद रहेगी।

### आजम, तंजीम फातिमा और अब्दुल्ला को हाईकोर्ट से राहत, तीनों को मिली जमानत

**प्रयागराज।** सपा के वरिष्ठ नेता आजम खान के परिवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से बड़ी राहत मिली है। कोर्ट ने फर्जी जन्म प्रमाण पत्र मामले में आजम खान और उनकी पत्नी तंजीम फातिमा और बेटे अब्दुल्ला आजम को जमानत दे दी है। इसके साथ ही आजम खान की सजा पर रोक भी लगाई है। न्यायमूर्ति संजय कुमार सिंह ने आजम खान, तंजीम और अब्दुल्ला आजम की जमानत मंजूर कर ली है और आजम खान की सजा का आदेश स्थगित कर दिया है। यह फैसला आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर सुनाया गया है। दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद 14 मई को फैसला सुरक्षित रख लिया गया था। एक वरिष्ठ अधिवक्ता ने बताया कि राज्य सरकार की तरफ से महाधिवक्ता अजय कुमार मिश्र ने भी मामले में बहस की थी।

## छग : नारायणपुर मुठभेड़ में आठ नक्सली ढेर हथियार, टिफिन बम व बीजीएल सेल बरामद

**एजेंसी। नारायणपुर**

छत्तीसगढ़ के नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ इलाके के रेकावाया के जंगल में अब तक आठ नक्सलियों को सुरक्षाबलों ने मार गिराया है। पुलिस ने शुक्रवार को सर्चिंग के दौरान भारी मात्रा में नक्सली सामग्री बरामद की है। इंद्रावती एरिया कमेटी के डीवीसीएम दीपक कमलाकर, सपनक्का, प्लाटून नंबर 16 मल्लेश, रणिता, मधु की उपस्थिति की सटीक सूचना पर गुरुवार को पहली बार जवान नक्सल विरोधी अभियान पर यहां तक पहुंचे थे। नदी नालों की चुनौतियों को देखते हुए इस अभियान का नाम जलशक्ति दिया गया था। यहां नक्सलियों के लड़ाकू बटालियन प्लाटून नंबर 16 और इंद्रावती एरिया कमिटी के साथ हुई मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने अबतक 08 नक्सलियों को ढेर कर दिया है। जवानों ने मुठभेड़ के बाद माड़ इलाके में नक्सलियों द्वारा चलाये जा रहे एक अस्थायी कैंप को भी ध्वस्त किया है। मौके पर बड़ी संख्या में नक्सलियों के चप्पल और जूते भी मिले हैं, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया। इसके साथ ही प्रशिक्षण से संबंधित सामान भी पुलिस ने बरामद किये हैं। कुल आठ नक्सलियों के शव के साथ एक थ्री नॉट थ्री, 315 बोर 02 नग, एक बारह बोर, चार भरमार के साथ ही टिफिन बम, वर्दी, जिंदा कुकर बम, पिट्ठू, दवाइयां, मल्टीमीटर, बीजीएल सेल आदि बरामद किये हैं। रेकावाया के जंगल में हुई मुठभेड़ में सात नक्सलियों को ढेर करने के बाद जवान पूरी रात जंगल में ही रहे। शुक्रवार सुबह फाइनल सर्चिंग के बाद आज शुक्रवार को जब जवानों की टीम वापस मुख्यालय लौट रही थी, इसी दौरान रास्ते में एक बार फिर से नक्सलियों ने जवानों को घेरने का प्रयास किया और उन पर फायरिंग खोल दिया। आज सुबह हुई मुठभेड़ में जवानों ने एक और नक्सली को ढेर कर दिया है। इस तरह मारे गये सभी आठ नक्सलियों के शव बरामद कर लिए गये हैं। मुठभेड़ में शामिल जवानों का दावा है कि कई नक्सलियों को गोली लगने से घायल भी हुए हैं। वापसी के दौरान जवानों ने 15 किलो का टिफिन बम भी बरामद किया।

## एफटीआईआई के छात्र ने 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में 'ला सिनेफ' पुरस्कार जीता

**सनफ्लावर्स वर द फर्स्ट वन्स टू नो और उनकी टीम चमकी, एक बुजुर्ग महिला के मुर्गा चुराने पर है कहानी**

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय फिल्म एवं टेलीविजन संस्थान (एफटीआईआई) के छात्र चिदानंद नाइक की कोर्स के अंत में बनाई गई फिल्म सनफ्लॉवर वर द फर्स्ट वन्स टू नो को फ्रांस में 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ लघु फिल्म के लिए ला सिनेफ पुरस्कार मिला है।



विजेता की आधिकारिक घोषणा 23 मई, 2024 को महोत्सव में की गई जहां छात्र निदेशक चिदानंद नाइक ने पुरस्कार प्राप्त किया। फिल्म का निर्देशन चिदानंद एस नाइक ने, फिल्मांकन सूरज ठाकुर ने किया है, संपादन मनोज वी ने और ध्वनि अभिषेक कदम ने दी है। यह भारतीय सिनेमा के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। भारतीय फिल्मों को अंतर्राष्ट्रीय मंच पर प्रशंसा मिल रही है, विशेष रूप से एफटीआईआई ने पिछले कुछ वर्षों में कान्स महोत्सव में अपने छात्रों की फिल्मों की स्क्रीनिंग के साथ उल्लेखनीय रूप से अच्छा प्रदर्शन किया है। एफटीआईआई छात्रों की एक और फिल्म 'कैटडॉग' के 73वें कान्स में पुरस्कार जीतने के चार साल बाद मौजूदा मान्यता मिली है। 77वें कान्स फिल्म महोत्सव में विभिन्न श्रेणियों में भारत से कई प्रविष्टियां देखी गईं। एफटीआईआई के कई पूर्व छात्र जैसे पायल कपाड़िया, मैसम अली, संतोष सिवन, चिदानंद एस नाइक और उनकी टीम को इस साल के कान्स में पहचान मिली। सनफ्लॉवर वर द फर्स्ट वन्स टू नो एक बुजुर्ग महिला की कहानी है जो गांव का मुर्गा चुरा लेती है, जिससे समुदाय में अशांति फैल जाती है। मुर्गे को वापस लाने के लिए, एक भविष्यवाणी की जाती है, जिसमें बूढ़ी महिला के परिवार को निर्वासन में भेज दिया जाता है। यह एफटीआईआई फिल्म टीवी विंग के एक साल के कार्यक्रम का निर्माण है जहां विभिन्न विषयों यानी निर्देशन, इलेक्ट्रॉनिक सिनेमैटोग्राफी, संपादन, ध्वनि के चार छात्रों ने साल के अंत में समन्वित अभ्यास के रूप में एक परियोजना के लिए एक साथ काम किया। यह पहली बार है कि एफटीआईआई के 1-वर्षीय टेलीविजन पाठ्यक्रम के किसी छात्र की फिल्म को प्रतिष्ठित कान्स फिल्म फेस्टिवल में चुना गया और जीत गया।

2022 में एफटीआईआई में शामिल होने से पहले, चिदानंद एस नाइक को 53वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में 75 क्रिएटिव माइंड्स में से एक के रूप में भी चुना गया था, जो सिनेमा के क्षेत्र में उभरते युवा कलाकारों को पहचानने और सहयोग करने के लिए सूचना और प्रसारण मंत्रालय की एक पहल थी।

## एनडीए : 146 वें कोर्स की पासिंग आउट परेड की समीक्षा

# सेना प्रमुख का नई तकनीक के सहारे सैन्य क्रांति पर जोर

- जनरल मनोज पांडे ने एनडीए के 146वें कोर्स की पासिंग आउट परेड की समीक्षा की
- सीओएएस ने कैडेटों से सेवा में एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया



### सेना में अपने बच्चों को भेजने वालों को नमन

उन्होंने देश सेवा के लिए सेना में अपने बच्चों को भेजने वाले माता-पिता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कैडेटों को सेवा में आगे बढ़ने के साथ-साथ एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित किया। पासिंग आउट परेड के बाद राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के हट ऑफ रिमेंबरेंस में सेना प्रमुख ने उन बहादुरों को श्रद्धांजलि दी, जिनके नाम पवित्र परिसर में अंकित हैं। इस पवित्र स्मारक की दीवारें पिछले 75 वर्षों में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्रों के अदम्य साहस, वीरता और असंख्य बलिदानों की गाथा बयां करती हैं।

**एजेंसी। नई दिल्ली**

थल सेनाध्यक्ष जनरल मनोज पांडे ने शुक्रवार को नई तकनीक के सहारे सैन्य क्रांति पर जोर देते हुए सशस्त्र बलों में शामिल जवानों से एकजुटता की भावना को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने पासिंग आउट कोर्स के गौरवान्वित माता-पिता के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त की, जिन्होंने अपने बच्चों को सशस्त्र बलों में शामिल होने के लिए भेजा। सेना प्रमुख आज खेत्रपाल परेड ग्राउंड, एनडीए, खड़कवासला में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के 146वें कोर्स की पासिंग आउट परेड को संबोधित कर रहे थे। परेड में कुल 1265 कैडेटों ने भाग लिया, जिनमें से 337 कैडेट पासिंग आउट कोर्स से थे। इसमें 199 सेना कैडेट, 38 नौसेना कैडेट और 100 वायु सेना कैडेट शामिल थे, जिनमें भूटान, ताजिकिस्तान, अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यांमार और मालदीव जैसे मित्र देशों के 19 कैडेट थे। इसके अलावा 24 महिला कैडेटों के एक दल ने भी परेड में भाग लिया, जो अपने तीसरे और चौथे प्रशिक्षण सत्र में हैं। सैन्य नेतृत्व के उद्गम स्थल के रूप में जाना जाने वाला एनडीए देश का प्रमुख संयुक्त सेवा प्रशिक्षण संस्थान है। जून, 2021 में 146वें कोर्स को शामिल किया गया और तीन साल के कठोर सैन्य प्रशिक्षण को पूरा करने के बाद कैडेट उत्तीर्ण हुए। कैडेट अब अपने-अपने प्री-कमीशनिंग प्रशिक्षण अकादमिक में शामिल होंगे। परेड की समीक्षा करते हुए थल सेनाध्यक्ष ने पासिंग आउट कोर्स के कैडेटों, पदक विजेताओं और चैंपियन स्क्वाड्रन को उनकी कड़ी मेहनत और शानदार प्रदर्शन के लिए बधाई दी।



# कुवैत के खिलाफ फीफा विश्व कप क्वालीफायर के लिए भारतीय टीम का ऐलान

**एजेंसी। भुवनेश्वर**
कुवैत के खिलाफ छह जून को होने वाले विश्व कप क्वालीफाइंग मैच के लिये भारत की 27 सदस्यीय फुटबॉल टीम का ऐलान कर दिया गया है जिसमें फॉरवर्ड पार्थिब गोगोई और डिफेंडर मोहम्मद हम्माद चोट के कारण बाहर हैं जबकि अनुभवी स्ट्राइकर सुनील छेत्री का यह आखिरी अंतरराष्ट्रीय मैच होगा।



मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने कोलकाता में होने वाले मैच के लिये टीम का ऐलान किया। भुवनेश्वर में 32 खिलाड़ी शिविर में थे जिनमें से पांच (फुरबा लाचेंपा, पार्थिब, इमरान खान, हम्मदाद और जितिन एमएस) को रिलीज कर दिया गया है। स्टिमक ने एक विज्ञप्ति में कहा, ये सभी काफी पेशेवर और मेहनती हैं। इनके बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा है। पार्थिब और हम्माद को कुछ दिन पहले चोट लगी थी और उन्हें एक से दो हफ्ते आराम की जरूरत है।' बाकी खिलाड़ी भुवनेश्वर में अभ्यास करते रहेंगे और 29 मई को कोलकाता जाएंगे। कुवैत से उनका सामना विवेकानंद युवा भारती क्रीडांगन में छह जून को होगा। इसके बाद भारतीय टीम 11 जून को कुवैत में खेलेगी। भारत इस समय चार मैचों में चार अंक लेकर ग्रुप में दूसरे स्थान पर है। इस मैच के साथ ही छेत्री अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल के अलविदा कह देंगे जिन्होंने भारत के लिये सर्वाधिक 94 गोल किए हैं। यह उनका 151वां मैच होगा।

- **गोलकीपर :** गुरप्रीत सिंह संधू, अमरिंदर सिंह, विशाल कैथ
- **डिफेंडर :** अमय रणवाडे, अनवर अली, जय गुप्ता, लालचुंगनुंगा, मेहताब सिंह, नरेंदर , निखिल पुजारी, राहुल भेके, शुभाशीष बोस
- **मिडफील्डर :** अनिरूद्ध थापा, ब्रेंडन फर्नांडिस, एडमंड लालरिंडिका, जैकसन सिंह, लालियांजुआला छांगटे, लिस्टन कोलासो, महेश सिंह नाओरेम, नंदकुमार शेखर, सहल अब्दुल समद, सुरेश सिंह
- **फॉरवर्ड :** डेविड एल, मनवीर सिंह, रहीम अली, सुनील छेत्री, विक्रम प्रताप सिंह।

# मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंची पीवी सिंधु

**एजेंसी। कुआलालम्पुर**



डबल ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने मलेशिया मास्टर्स बैडमिंटन टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। सिंधु ने शुक्रवार को यहां खेले गए क्वार्टरफाइनल मुकाबले में शीर्ष वरीयता प्राप्त चीन की हान यू को शिकस्त दी। दुनिया की 15वें नंबर की खिलाड़ी सिंधु ने 55 मिनट तक चले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में हान को 21-13, 14-21, 21-12 से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। पूर्व विश्व चैंपियन सिंधु अब अंतिम चार चरण में इंडोनेशिया की पुत्रि कुसुमा वदार्नी और थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान के बीच होने वाले मैच की विजेता से भिड़ेंगी। अन्य परिणामों में, अश्मिता चालिहा का शानदार प्रदर्शन क्वार्टर फाइनल में चीन की छठी वरीयता प्राप्त झांग यी मैन से 10-21, 15-21 से हार के साथ समाप्त हुआ।

## धोनी की एफबी पोस्ट ने खींचा ध्यान, लिखा.....

# मैं अपनी टीम शुरू कर रहा हूं...



**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स इस साल प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर पाई। यह आईपीएल इतिहास में सिर्फ तीसरा ही मौका है जब चेन्नई की टीम प्लेऑफ में नहीं पहुंच पाई। क्रिकेट एक्सपर्ट मान रहे थे कि यह सीजन धोनी का आईपीएल हो सकता है लेकिन धोनी ने अभी तक इसपर अपनी चुप्पी साधी हुई है। अहम मुकाबले में आरसीबी से हारने के बाद अगले ही दिन धोनी रांची के लिए रवाना हो गए थे। उन्होंने न तो कोई इंटरव्यू दिया और न ही अपने आगामी करियर संबंधी कोई स्पष्टिकरण दिया। फिलहाल धोनी एक बार फिर से चर्चा में है। चर्चा में लाई है उनकी एफबी पोस्ट जिसमें उन्होंने नई टीम शुरू करने की घोषणा की है। धोनी की पोस्ट देखकर क्रिकेट फैंस रोमांचित और हैरान है कि क्या धोनी आईपीएल में अपनी टीम लेकर आ रहे हैं। इस संबंधी सोशल मीडिया पर चचाओं का दौर जारी है।

## भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में, दीपिका सेमीफाइनल में



**येचियोन।** भारतीय तीरंदाज ज्योति सुरेखा वेन्नम और प्रियांश ने शुक्रवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण 2 में कंपाउंड मिश्रित टीम फाइनल में प्रवेश कर लिया है, जिससे भारत का एक और पदक पक्का हो गया।
ज्योति, परनीत कौर और अदिति स्वामी की कंपाउंड महिला टीम ने बुधवार को फाइनल में जगह बनाकर भारत के लिए पहले ही एक पदक पक्का कर लिया था। युवा कंपाउंड तीरंदाज प्रथमेश फुगे की नजर भी व्यक्तिगत वर्ग के सेमीफाइनल में पहुंचकर पदक पक्का करने पर है। भारतीय कंपाउंड मिश्रित टीम, जो विश्व रैंकिंग में नंबर 2 पर है, ने 16 तीरों से केवल दो अंक गंवाए और मेजबान देश की हान सेउंगयोन और यांग जेवोन की जोड़ी को कड़े सेमीफाइनल में 158-157 से हरा दिया।

## टी20 विश्व कप के लिए आईसीसी ने किया कमेंट्री पैनल का ऐलान



**नई दिल्ली ।** आईसीसी टी20 विश्व कप 2024 का काउंटडाउन शुरू हो चुका है। 1 जून से लेकर लेकर 29 जून तक यूएसए और वेस्टइंडीज में खेले जाने वाले इस मेगा-इवेंट के लिए आईसीसी ने कमेंट्री पैनल की घोषणा कर दी है, जिसमें दिनेश कार्तिक को भी शामिल किया गया है। रिकी पोंटिंग, सुनील गावस्कर, मैथ्यू हेडन, रमीज राजा, इयोन मोर्गन, टॉम मूडी और वसीम टूर्नामेंट के दौरान प्रमुख कमेंटेटर होंगे। क्रिकेट जगत की कुछ प्रतिष्ठित आवाजों के साथ-साथ अमेरिकी कमेंटेटर जेम्स ओ'ब्रायन भी होंगे, जिन्हें जोम्बॉय के नाम से जाना जाता है। विश्व कप में यह उनका पहला मौका होगा जहां वो अमेरिकी दर्शकों को संबोधित करेंगे। आधुनिक खेल की अच्छी समझ रखने वाले दिनेश कार्तिक, कार्लोस ब्रेथवेट, स्टीव स्मिथ, फिंच और लिसा स्टालेकर जैसे पूर्व पुरुष और महिला टी20 विश्व कप चैंपियन शामिल होंगे। दिनेश कार्तिक ने आईसीसी से कहा, ₹यह टूर्नामेंट कई मायनों में अलग होगा, जो इसे और भी रोमांचक बनाता है। 20 टीमें, 55 मैचों और कुछ नए स्थानों के साथ, यह एक रोमांचक आयोजन है। मैं इसमें शामिल होने के लिए इंतजार नहीं कर सकता। इतनी बड़ी प्रतियोगिता का हिस्सा बनना शानदार एहसास है और जिन खिलाड़ियों के साथ मैंने हाल ही में खेला है उन पर कमेंट्री करना इसे और भी दिलचस्प बनाता है।₹ दिनेश कार्तिक के अलावा कमेंट्री पैनल में भारत के हर्षा भोगले, रवि शास्त्री और सुनील गावस्कर को भी जगह मिली है। भारतीय फैंस को इस बार टीम इंडिया से काफी उम्मीदें होंगी। पिछले साल आईसीसी वनडे विश्व कप और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में मिली हार ने करोड़ों भारतीय फैंस का दिल तोड़ दिया था। रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया टी20 विश्व कप 2007 की जीत के बाद एक और टी20 विश्व कप ट्रॉफी अपने नाम करना चाहेगी। इस सफर की शुरूआत टीम इंडिया 5 जून को न्यूयॉर्क में आयरलैंड के खिलाफ करेगी। फिर 9, 12 और 14 जून को भारत का मुकाबला पाकिस्तान, अमेरिका और कनाडा से होगा।

## भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम स्थानीय डच क्लब से हारी

**ब्रेडा।** भारतीय जूनियर पुरूष हॉकी टीम मौजूदा यूरोप दौरे के तीसरे मैच में स्थानीय डच क्लब ब्रेडासे हॉकी वेरेनिजिंग पुश से 4-5 से हार गई। पहले मैच में पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से जीत दर्ज करने के बाद भारत को बेल्जियम की जूनियर टीम ने पिछले मैच में 3-2 से हराया था। कप्तान रोहित (18वां मिनट), सौरभ आनंद कुशवाह (24वां मिनट), अंकित पाल (32वां मिनट) और अर्शदीप सिंह (58वां मिनट) ने भारत के लिये गोल दागे।

## अमेरिका ने किया बड़ा उलटफेर, बांग्लादेश को लगातार दो बार हराकर जीती अपनी पहली टी-20 सीरीज

**एजेंसी। स्टन**
अमेरिका ने बांग्लादेश को दूसरे टी-20 मैच में 6 रनों से हराकर अपनी पहली ऐतिहासिक टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला जीती।
प्रेयरी व्यू क्रिकेट कॉम्प्लेक्स में तीन मैचों की श्रृंखला के दूसरे मैच में, मेजबान टीम ने जीत हासिल की और तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली। एक अच्छी सतह पर 144 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए, बांग्लादेश के बल्लेबाजों को प्रवाह और लय के लिए संघर्ष करना पड़ा और अंततः अनुशासित गेंदबाजी के सामने उन्हें घुटने टेकने पर मजबूर होना पड़ा।



गुरुवार को खेले गए इस मैच में बांग्लादेश ने टॉस जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। स्टीवन टेलर और कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज मोनांक ने यूएसए को सधी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 6.3 ओवर में 44 रन जोड़े, हालांकि इसके बाद रिशाद हुसैन ने दो लगातार गेंदों पर टेलर और एंड्रीस गाउस को आउट कर बांग्लादेश को दोहरी सफलता दिलाई। टेलर ने 28 गेंदों पर 3 चौके और 2 छक्के की बदौलत 31 रन बनाए, जबकि गाउस खाता भी नहीं खोल सके। इसके बाद मोनांक और आरोन जोंस ने टीम का स्कोर 100 के पार पहुंचाया। 104 के कुल स्कोर पर जोंस को मुस्तफिजुर रहमान ने आउट कर बांग्लादेश को तीसरी सफलता दिलाई।

## न्यूज बॉक्स

### जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचे नोवाक जोकोविच



**जिनेवा।** दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने गुरुवार को यहां डचमैन टालोन ग्रिक्सपुर को 7-5, 6-1 से हराकर जिनेवा ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। जोकोविच ने यह मुकाबला 77 मिनट में जीता।
दुनिया के 27वें नंबर के ग्रिक्सपुर, 28-सदस्यीय जिनेवा टूर्नामेंट में छठी वरीयता प्राप्त थे। यह टूर्नामेंट अगले सप्ताह से शुरू हो रहे फ्रेंच ओपन से पहले वार्म-अप के रूप में कार्य करता है। शुक्रवार को सेमीफाइनल में जोकोविच का सामना चेक गणराज्य के टॉमस मचाक से होगा, जिन्होंने अमेरिका के एलेक्स मिशेलसन को 6-3, 7-6(2) से हराया। गुरुवार के अन्य मैचों में, दूसरी वरीयता प्राप्त नॉर्वे के कैस्पर रूड ने अर्जेंटीना के सेबेस्टियन बेज को 6-3, 3-6, 6-4 से हराया, जबकि इटली के फ्लेवियो कोबोली ने कजाकिस्तान के अलेक्जेंडर शेवचेनो को 6-4, 6-4 से हराया।

### एफआईएच प्रो लीग 2023/24 : बेल्जियम ने भारतीय पुरुष हॉकी टीम को 4-1 से हराया

**एंटवर्प।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम शुक्रवार को एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2023/24 के यूरोपीय चरण के अपने दूसरे मैच में बेल्जियम के खिलाफ 1-4 से हार गई। भारत के लिए अभिषेक (55') ने एकमात्र गोल किया, जबकि बेल्जियम के लिए फेलिक्स डेनेयर (22'), अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स (34', 60') और सेड्रिक चार्लियर (49') ने स्कोर किये। मैच की शुरूआत में दोनों टीमों ने बेहतरीन खेल का प्रदर्शन किया, खासकर बेल्जियम अधिक खतरनाक दिख रहा था, हालाँकि, भारतीय रक्षात्मक इकाई ने भी अच्छी तरह से दबाव का सामना किया औप पहला क्वार्टर गोल रहित समाप्त हुआ। दोनों टीमों ने दूसरे क्वार्टर की अच्छी शुरूआत की। दूसरे क्वार्टर के पहले तीन मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला, लेकिन हरमनप्रीत के शॉट को बेल्जियम के गोलकीपर ने रोक दिया। हालांकि, मैच के 22वें मिनट में फेलिक्स डेनेयर ने गोल कर बेल्जियम को 1-0 की बढ़त दिला दी। मध्यांतर कर बेल्जियम की टीम 1-0 से आगे रही। मध्यांतर के बाद भारत ने आक्रामक खेल शुरू किया, लेकिन बेल्जियम की रक्षापंक्ति ने भारतीय टीम को कोई मौका नहीं दिया। मैच के 34वें मिनट में बेल्जियम को पेनल्टी कॉर्नर मिला और अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने गोल कर अपनी टीम को 2-0 से आगे कर दिया। मैच के 49वें मिनट में सेड्रिक चार्लियर के शानदार फील्ड गोल से बेल्जियम ने अपनी बढ़त 3-0 कर दी।

### कार्तिक ने मेरा तब मनोबल बढ़ाया जब मैं जूझ रहा था : विराट कोहली

**बेंगलुरु ।** भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) अभियान के खत्म होने के बाद संन्यास लेने वाले दिनेश कार्तिक को समझदार और ईमानदार व्यक्ति करार देते हुए कहा कि इस अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज ने 2022 सत्र में उनका मनोबल बढ़ाया था, जब वह फॉर्म हासिल करने में जूझ रहे थे। कार्तिक ने बुधवार को अपना अंतिम आईपीएल मैच खेला जिसमें आरसीबी प्लेऑफ में राजस्थान रॉयल्स से हारकर टूनामेंट से बाहर हो गई। कोहली ने आरसीबी द्वारा पोस्ट किये वीडियो में कहा, ह्यमैदान के बाहर मेरी उनसे काफी अच्छी और दिलचस्प बातें हुई हैं। वह बहुत समझदार व्यक्ति हैं और उन्हें सिर्फ क्रिकेट नहीं बल्कि काफी चीजों की अच्छी जानकारी भी है।' लगभग 11 मिनट के इस वीडियो में कार्तिक पत्नी दीपिका पल्लीकल कार्तिक, उनके व्यक्तिगत मेंटोर अभिषेक नायर, आरसीबी के सहायक कोच मालोलान रंगराजन और फिटनेस कोच शंकर बासु के विदाई संदेश हैं। कोहली ने 2022 सत्र को याद किया जिसमें उन्होंने 16 मैच में महज 22.73 के औसत से 341 रन बनाए थे, तब दूसरे क्वालीफायर में आरसीबी राजस्थान रॉयल्स से हारकर फाइनल में जगह बनाने से चूक गयी थी। कोहली ने कहा, ह्यमैंने हमेशा उनके साथ बातचीत का आनंद लिया है। 2022 में भी उस चरण में जब मेरा आईपीएल सत्र इतना अच्छा नहीं रहा था तो मेरा आत्मविश्वास भी डगमगाया हुआ था।'

## व्यापार/लाइफ व साइंस

# हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा और बेनलिंग इंडिया कंपनियां हो सकती हैं ब्लैक लिस्टेड

**एजेंसी। नई दिल्ली**
इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वालीं 3 पॉपुलर कंपनियों के ऊपर गाज गिराने की तैयारी चल रही है। जी हां, हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा और बेनलिंग इंडिया को केंद्र सरकार की सभी योजनाओं को लेकर काली सूची में डाला जा सकता है। ये कंपनियां सरकार की प्रमुख फेम-दो स्कीम के तहत गलत तरीके से दावे वाले लाभ को वापस करने में विफल रही हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। भारी उद्योग मंत्रालय को योजना के तहत पंजीकृत विभिन्न मूल उपकरण निमार्ताओं (ओईएम) से 2022 में इलेक्ट्रिक वाहनों के तेजी से मैन्युफैक्चरिंग और अपनाने की योजना (फेम-2) के गाइडलाइंस के उल्लंघन के संबंध में शिकायतें मिली थीं। उन्होंने आरोप लगाया था कि कंपनियां स्थानीय स्तर पर सामान खरीदने की आवश्यकताओं का उल्लंघन करके वाहनों के कलपुर्जे बड़े पैमाने पर आयात कर इलेक्ट्रिक वाहन बेचने में लगी हैं।
मंत्रालय ने 13 कंपनियों की जांच की। इनमें से 6 को फेम-2 मानदंडों का उल्लंघन करते हुए पाया गया। ये कंपनियां हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक, बेनलिंग इंडिया एनर्जी एंड टेक्नॉलजी, एएमओ मोबिलिटी, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रिवॉल्ट मोटर्स हैं। इन कंपनियों में से एएमओ मोबिलिटी, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रिवॉल्ट मोटर्स ने कुछ महीनों में ब्याज समेत सब्सिडी राशि लौटा दी। इन कंपनियों को सरकार ने आरोपों से मुक्त कर दिया। हालांकि, हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक और बेनलिंग इंडिया ने प्रोत्साहन वापस नहीं किया और परिणामस्वरूप उन्हें फेम दो योजना से हटा दिया गया।
एक सीनियर अधिकारी ने बताया कि हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक और बेनलिंग इंडिया को योजना से हटा दिया गया है। उसके बाद, अगला कदम मंत्रालय की सभी योजनाओं से उन्हें वंचित करना है। हीरो इलेक्ट्रिक और बेनलिंग इंडिया के लिए यह कदम उठाया गया है। ओकिनावा इस समय अदालत में है, इसलिए उनके खिलाफ कदम नहीं उठाया गया है। उन्होंने कहा कि अगला कदम भारत सरकार के तहत सभी योजनाओं को लेकर उन्हें ब्लैक लिस्ट में डालना है। यह अबतक नहीं हुआ है, क्योंकि यह एक विभिन्न चरणों वाली प्रक्रिया है। वित्त मंत्रालय किसी कंपनी को सभी मंत्रालयों की योजनाओं/नीतियों से वंचित करने की मंजूरी देता है।

### इन्हें फेम दो योजना से हटा दिया गया




**हीरो इलेक्ट्रिक, ओकिनावा ऑटोटेक और बेनलिंग इंडिया ने प्रोत्साहन वापस नहीं किया और परिणामस्वरूप उन्हें फेम दो योजना से हटा दिया गया**

**सब्सिडी राशि लौटने वाली कंपनियां**
**सब्सिडी राशि लौटा दी एएमओ मोबिलिटी, ग्रीव्स इलेक्ट्रिक मोबिलिटी और रिवॉल्ट मोटर्स ने कुछ महीनों में ब्याज समेत सब्सिडी राशि लौटा दी**

### केंद्र ने 262.48 लाख टन गेहूं खरीदा, पिछले साल से ज्यादा हुई खरीदारी

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बीच अच्छी खबर है। गेहूं की खरीदारी पिछले साल से आगे निकल गई है। केंद्र सरकार ने गेहूं खरीद विपणन वर्ष 2024-25 में 262.48 लाख टन गेहूं खरीदा है। इससे पिछले विपणन वर्ष में कुल खरीद 262.02 लाख टन रही थी। मुख्य रूप से पंजाब और हरियाणा में गेहूं की अच्छी खरीद से कुल खरीदारी को बढ़ावा मिला है। उपभोक्ता, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को जारी बयान में बताया कि केंद्रीय भंडारण के लिए 262.48 लाख टन रबी मौसम का अनाज गेहूं खरीदा जा चुका है। इससे 59,715 करोड़ रुपये के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के साथ 22.31 लाख किसानों को लाभ हुआ है। गेहूं खरीद विपणन वर्ष 2024-25 के दौरान पंजाब में 124.26 लाख टन, हरियाणा में 71.49 लाख टन, मध्य प्रदेश में 47.78 लाख टन, राजस्थान में 9.66 लाख टन और उत्तर प्रदेश में 9.07 लाख टन गेहूं की खरीद की गई है।

## सोनी पिक्चर्स के सीईओ एनपी सिंह ने दिया इस्तीफा

**एजेंसी। नई दिल्ली**
पॉपुलर एंटरटेनमेंट कंपनी सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया (एसपीएनआई) के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एनपी सिंह ने 25 वर्ष के कार्यकाल के बाद अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। हालांकि, जब तक कंपनी को कोई नया एमडी और सीईओ नहीं मिल जाता, तब तक वे पदभार संभालेंगे। एनपी सिंह ने शुक्रवार को कंपनी स्टाफ को भेजे ई-मेल में कहा कि आज मेरे पास शेयर करने के लिए एक महत्वपूर्ण अपडेट है। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया में 25 वर्ष के कार्यकाल समेत अपने करियर के 44 साल के कार्यकाल के बाद एमडी और सीईओ के रूप में अपनी भूमिका से हटने का फैसला किया है। हालांकि, वे नए उत्तराधिकारी मिलने तक कंपनी के साथ अपनी वर्तमान भूमिका में बने रहेंगे। एनपी सिंह 1999 से एसपीएनआई के साथ कार्यरत हैं। सोनी पिक्चर्स नेटवर्क्स इंडिया के निवर्तमान सीईओ एनपी सिंह कंपनी के चीफ फाइनेंस ऑफिसर के रूप में शामिल हुए थे। इसके बाद कंपनी ने उन्हें एमडी और मुख्य कार्यकारी अधिकारी बनाया था।

# जानलेवा हो सकता है कार में आफ्टर मार्केट सीएनजी किट लगवाना

**नई दिल्ली।** बीते कुछ वर्षों में पेट्रोल और डीजल की बढ़ती कीमतों के कारण कंप्रेस्ड नेचुरल गैस कारों की भारत में डिमांड काफी तेजी से बढ़ गई है। सीएनजी कारें न केवल पेट्रोल और डीजल की तुलना में काफी सस्ता हैं, बल्कि यह पर्यावरण के लिए भी कम हानिकारक है। साथ ही सीएनजी कारों की माइलेज भी पेट्रोल और डीजल कारों के मुकाबले ज्यादा है, ऐसे में आजकल सीएनजी कारें खूब बिक रही हैं। मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स, हुंडई समेत और भी कंपनियों की सीएनजी कारें हैं, जो फैक्ट्री फिटेड होती हैं। लेकिन काफी संख्या में लोग आफ्टरमार्केट सीएनजी किट भी लगवाते हैं, जिनके क्या फायदे और नुकसान हैं, आइए आपको बताते हैं।

**आफ्टर मार्केट सीएनजी किट के नुकसान**
आफ्टर मार्केट सीएनजी किट लगवाने में 40,000 रुपये से 1 लाख रुपये तक का खर्च आ सकता है। सीएनजी टैंक कार के बूट स्पेस में जगह घेरता है, जिससे सामान रखने की जगह कम हो जाती है। सीएनजी किट अगर नॉन-सर्टिफाइड या गलत तरीके से लगता है तो यह सुरक्षा खतरा पैदा कर सकती है। कुछ मामलों में आफ्टरमार्केट सीएनजी किट लगाने से कार का परफॉर्मेंस भी थोड़ा कम हो सकता है।

**आफ्टर मार्केट सीएनजी किट के फायदे**
सीएनजी पेट्रोल और डीजल की तुलना में सस्ता है। सीएनजी किट लगवाने से आपके फ्यूल खर्च में 50 से 70 फीसदी तक की कमी आ सकती है। सीएनजी पेट्रोल और डीजल की तुलना में कम प्रदूषण पैदा करता है। यह हवा में ग्रीनहाउस गैसों और जहरीले उत्सर्जन को कम करता है। कुछ राज्यों में सीएनजी कारों पर टैक्स छूट भी दी जाती है। वहीं, सीएनजी से चलने वालीं कारें पेट्रोल और डीजल की तुलना में ज्यादा माइलेज देती हैं।

### आफ्टरमार्केट सीएनजी किट लगवाना सही या गलत?



आपके लिए आफ्टर मार्केट सीएनजी किट फायदेमंद है या नहीं, यह कई कारकों पर निर्भर करता है, जैसे कि आप कितनी बार गाड़ी चलाते हैं, आप दिन भर में कितनी दूरी तय करते हैं और आपका बजट क्या है? आप अगर हर दिन लंबी दूरी कार से तय करते हैं और पैसे बचाना चाहते हैं तो सीएनजी किट लगवाना एक अच्छा विकल्प हो सकता है। हालांकि, सीएनजी किट लगवाने से पहले सभी फायदे और नुकसानों पर ध्यान से विचार कर लें।

## किआ कारों की बिक्री घटी, सोनेट-सेल्टॉस के बजाय लोग खरीद रहे मारुति-टाटा और हुंडई की कारें

**एजेंसी। नई दिल्ली**
किआ इंडिया के लिए हाल का महीना काफी उतार-चढ़ाव रहा है और इसकी एसयूवी-एमपीवी की बिक्री घटी है। मिडसाइज एसयूवी से सेल्टॉस कभी ग्राहकों की फेवरेट हुआ करती थी, लेकिन अब इसकी सेल्स में गिरावट देखने को मिल रही है। सोनेट को लेकर कॉम्पैक्ट एसयूवी लवर्स के बीच क्रेज बढ़ा है, लेकिन आंकड़ों में यह भी मारुति ब्रेजा, टाटा नेक्सॉन और हुंडई वेन्यू के मुकाबले कमतर है। वहीं, कैरेन्स भी अपने सेगमेंट में पिछड़ रही है। आइए, आज हम आपको बीते अप्रैल की किआ कार सेल्स रिपोर्ट के जरिये सोनेट, सेल्टॉस, कैरेन्स और ईवी6 की डिमांड के बारे में बताते हैं।

**किआ सोनेट**
किआ इंडिया की पॉपुलर सब-4 मीटर कॉम्पैक्ट एसयूवी सोनेट को बीते अप्रैल में 7901 ग्राहकों ने खरीदा। सोनेट की बिक्री में करीब 19 फीसदी की सालाना और करीब 10 फीसदी की मासिक गिरावट आई है। किआ की कुल कार सेल में करीब 40 फीसदी मार्केट शेयर सोनेट का है।

**किआ सेल्टॉस**
किआ मोटर्स की पॉपुलर मिडसाइज एसयूवी सेल्टॉस को पिछले महीने 6734 ग्राहक मिले, जो कि सालाना रूप से करीब 7 फीसदी और मासिक रूप से करीब 15 फीसदी की गिरावट के साथ है।

**किआ कैरेन्स**
किआ की पॉपुलर 6-7 सीटर कार कैरेन्स को बीते अप्रैल में 5328 ग्राहकों ने खरीदा। कैरेन्स की बिक्री में करीब 13 फीसदी की गिरावट सालाना रूप से हुई है। वहीं, मंथली सेल में 12.48 फीसदी की बढ़ोतरी हुई है।




# यशस्विनी सहाय दे रही संजय सेठ को कड़ी टक्कर

**उपेंद्र गुप्ता । रांची**

देश में छठे चरण के चुनाव में झारखंड के तीसरे चरण की चार लोकसभा सीटों पर शनिवार को मतदान होगा। इसमें राज्य की राजधानी रांची की लोकसभा सीट भी शामिल है। रांची लोकसभा सीट के लिए राजधानी रांची और सरायकेला-खरसावां जिले के लोग मतदान करते हैं। रांची लोकसभा सीट अनारक्षित है। इस लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत छह विधानसभा रांची, हटिया, ईचागढ़, कांके, खिजरी और सिल्ली क्षेत्र आते हैं। 2024 के लोकसभा चुनाव में रांची से कुल 27 उम्मीदवार मैदान में हैं। लेकिन मुख्य मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही है। भाजपा के संजय सेठ दूसरी बार मैदान में हैं, तो कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय पहली बार अपने पिता सुबोधकांत सहाय की परंपरागत सीट से मैदान में हैं।



## पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत की बेटी है यशस्विनी

वर्ष 2019 में संजय सेठ ने सुबोधकांत सहाय को पराजित किया और पहली बार संसद पहुंचे। संजय सेठ को 57.21 फीसदी वोट मिले जबकि सुबोधकांत सहाय को 34.31 फीसदी मत प्राप्त हुए। लेकिन इस बार सुबोध कांत सहाय खुद चुनाव मैदान में नहीं है, बल्कि उनकी बेटी यशस्विनी सहाय चुनाव मैदान में भाजपा के संजय सेठ को कड़ी टक्कर दे रही है। इंडी गठबंधन ने यशस्विनी की जीत के लिए पूरा जोर लगाया है। कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने रांची में यशस्विनी के पक्ष में चुनाव प्रचार कर समां बांध दिया। युवा चेहरा होने के कारण यशस्विनी को युवाओं का भरपूर समर्थन दिखा, लेकिन मतों में कितना तब्दील हो पाता है, यह तो 4 जून को ही पता चल पाएगा।

## पांच साल में ढ़ाई लाख बढ़े मतदाता

रांची लोकसभा क्षेत्र में मतदाताओं की संख्या में लगातार वृद्धि हुई है। वर्ष 2009 में 16,25,148 मतदाता थे। वर्ष 2014 में यह संख्या बढ़कर 16,48,459 हो गई। वर्ष 2019 में यह आंकड़ा बढ़कर 19,15,959 हो गया। वर्ष 2024 में मतदाताओं की संख्या बढ़कर 21,88,389 पहुंच गई है। रांची लोकसभा क्षेत्र में वर्ष 2009 में 50.98 फीसदी लोगों ने मताधिकार का इस्तेमाल किया था। वर्ष 2014 में मतदान प्रतिशत में करीब 13 फीसदी का उछाल आया। इस बार 63.82 फीसदी लोगों ने वोट किए। वर्ष 2019 में 66.80 फीसदी वोटिंग हुई, जो रांची में अब तक हुआ सर्वाधिक मतदान है।

## संजय पर हैट्रिक लगाने का दबाव



रांची लोकसभा सीट पर पिछले तीन चुनावों में दो बार भाजपा को जीत मिली, जबकि एक बार कांग्रेस पार्टी ने जीत दर्ज की। पिछले दो बार से 2014 और 2019 में भाजपा के उम्मीदवार जीत रहे हैं। वर्ष 2014 में रामटहल चौधरी ने भाजपा के लिए यह सीट जीती थी जबकि 2019 में संजय सेठ यहां से जीतकर पहली बार सांसद बने। अब उनके सामने 2024 में जीत की हैट्रिक लगाने का दबाव है। इसके पहले वर्ष 2009 में कांग्रेस के सुबोधकांत सहाय ने जीत दर्ज की थी। वर्ष 2014 में रामटहल चौधरी को जीत मिली थी। दूसरे स्थान पर सुबोध कांत रहे थे। तब आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो, जेवीएम के टिकट पर अमिताभ चौधरी और तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर बंधु तिर्की भी चुनाव लड़े थे।

## रांची लोकसभा क्षेत्र में 58 फीसदी हिंदू

रांची लोकसभा क्षेत्र में 58 फीसदी हिंदू रहते हैं। 31.19 फीसदी एसटी और 4.53 फीसदी एससी मतदाता हैं। हिंदुओं के बाद सबसे बड़ी आबादी मुस्लिमों की है। इस क्षेत्र में 15 फीसदी मुस्लिम निवास करते हैं। सात फीसदी ईसाई और 20 फीसदी अन्य धर्म के लोग रहते हैं। रांची लोकसभा क्षेत्र में 73 फीसदी लोग साक्षर हैं। 51.79 फीसदी पुरुष वोटर साक्षर हैं जबकि साक्षर महिला वोटर की हिस्सेदारी 48.21 फीसदी है। रांची में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र बराबर हैं यानी लोकसभा क्षेत्र में 50 फीसदी इलाके ग्रामीण क्षेत्र में आते हैं, तो 50 फीसदी शहरी क्षेत्र में।

# पांचवे चरण के चारों सीट पर कांग्रेस ने किया जीत दावा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने झारखंड के तीसरे चरण के चुनाव में होने वाले चार सीटों के चुनाव में इंडिया जन बंधन के उम्मीदवार भारी बहुमत से जीत हासिल करने का दावा किया है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सोनाल शांति ने कहा कि चुनावी समर ढलान की ओर है, झारखंड में चुनाव के दो चरणों में जनता ने जिस तरह का समर्थन इंडिया जनबंधन के उम्मीदवारों को दिया था उससे कहीं ज्यादा उत्साहित होकर इस चरण में इंडिया जनबंधन के उम्मीदवारों के पक्ष में मतदान करेंगे। शांति ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और अमित शाह द्वारा लगातार असंयमित और अमर्यादित भाषा का प्रयोग उनकी हताशा को दर्शा रहा है। उनकी लगातार कोशिशों के बावजूद भी देश में चुनावी धारा सांप्रदायिक मोड़ नहीं ले सकी।

प्रधानमंत्री मोदी की सांप्रदायिक और संकीर्ण सोच और बदलती विचारधारा को देखते हुए जनता हर चरण के चुनाव में भाजपा और मोदी की गारंटी से दूर होती चली गई,कि चुनावी समर में झूठ के सहारे सत्ता पाकर मोदी अपने थैलीशाह मित्रों की ही मदद करेंगे और इस देश में आर्थिक विषमता की खाई बढ़ती चली जाएगी,इसलिए जनता अपने मूल मुद्दों रोजगार, महंगाई, महिला समस्या, किसान की समस्या, जल जंगल जमीन पर अधिकार के मामले के मुद्दे पर मतदान हमारे पक्ष में कर रही है।

# भाजपा को आदिवासी कहने में आती है शर्म : कल्पना

> *एसटी और ओबीसी के आरक्षण के साथ संविधान को खत्म करना चाहती है भाजपा*

**नवीन मेल संवाददाता। पाकुड**



झारखंड मुक्ति मोर्चा की स्टार प्रचारक कल्पना सोरेन ने शुक्रवार को पाकुड़ जिले में एक चुनावी सभा को संबोधित किया। इस दौरान राजमहल संसदीय क्षेत्र के पार्टी प्रत्याशी विजय कुमार हांसदा के समर्थन में लोगों से वोट की अपील की। यह आयोजन अमड़ापाड़ा प्रखंड के फतेहपुर फुटबॉल मैदान में किया गया था। दरअसल, राजमहल सीट पर लोकसभा के सातवें चरण और राज्य के चौथे चरण में 1 जून को मतदान होना है। कल्पना सोरेन ने कहा कि लोग पार्टी के समर्थन में ज्यादा से ज्यादा वोट करें और इंडिया गठबंधन को मजबूत बनाएं। कल्पना सोरेन ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी आदिवासी और पिछड़ों का आरक्षण खत्म करने के साथ-साथ लोगों के सम्मान-स्वाभिमान एवं संविधान को खत्म करना चाह रही है। उन्होंने कहा कि मान-सम्मान और अधिकार के साथ संविधान बचाने का यही सही वक्त है और इसके लिए एकजुट होकर झारखंड मुक्ति मोर्चा के पक्ष में एक जून को मतदान कर भारतीय जनता पार्टी को उचित जवाब देना है। उन्होंने हेमंत सोरेन के कार्यकाल में धरातल पर उतारी गयी सर्वजन पेंशन योजना, अबुआ आवास योजना को लोगों के सामने प्रमुखता से रखा। कल्पना सोरेन ने कहा कि हेमंत सोरेन की लोकप्रियता से विपक्ष घबरा गया है, जिसके चलते साजिश के तहत उन्हें फंसाने का काम किया गया। झामुमो नेता ने कहा कि हेमंत शासनकाल में आदिवासी बच्चों को पढ़ने के लिए सरकारी खर्च पर विदेश भेजा गया. जबकि भाजपा के लोगों को आदिवासी नीचा दिखता है और इसलिए आदिवासी को वनवासी कहते हैं. इसके साथ ही चुनावी सभा के दौरान कल्पना ने बूथ एजेंट को चुनाव के दिन अपने दायित्वों के प्रति सचेत रहने की भी अपील की।

# मतदान के लिए सभी पब्लिक व प्राइवेट कर्मियों को सवैतनिक छुट्टी देने का निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



रांची लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र में 25 मई 2024 को होने वाले मतदान के लिए पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच के बाद रांची संसदीय क्षेत्र के निवार्ची पदाधिकारी राहुल कुमार सिन्हा ने प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया गया। इस दौरान उन्होंने पोलिंग पार्टियों के डिस्पैच, बूथों पर की गई तैयारी, मतदाता जागरूकता के लिए किए गए प्रयासों, सुरक्षा व्यवस्था, मतदान दिवस पर पेड हॉलीडे इत्यादि के संबंध में विस्तृत जानकारी दी।

निवार्ची पदाधिकारी ने मतदान दिवस के दिन सभी पब्लिक/प्राइवेट इंटरप्राइजेज से रांची लोकसभा क्षेत्र के कर्मचारियों को पेड हॉलिडे (सवैतनिक अवकाश) उपलब्ध कराने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रतिष्ठान को बंद करने की जरूरत नहीं, प्रतिष्ठान में कार्य कर रहे अन्य जिले के कर्मचारियों को छोड़कर रांची लोकसभा क्षेत्र के कर्मचारियों को ही अवकाश उपलब्ध कराएं।

आपको बतायें कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 135 ख एवं निगोशिएबुल इंस्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 की धारा-25 के तहत मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है। इस संबंध में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी-सह-सचिव, मंत्रिमण्डल(निर्वाचन) विभाग, झारखण्ड, रांची, भारत निर्वाचन आयोग, कार्मिक, प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखंड सरकार द्वारा अधिसूचना जारी की गयी है। जिसमें रांची लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत सभी विधानसभा क्षेत्र में मतदान दिवस पर सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## मतदान की पल-पल की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से

रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को होने वाले मतदान की पल-पल की मॉनिटरिंग कंट्रोल रूम से की जाएगी। समाहरणालय ब्लॉक-ए स्थित रूम नंबर 207 को कंट्रोल रूम बनाया गया है। जिला निवार्ची पदाधिकारी, 08-रांची संसदीय क्षेत्र राहुल कुमार सिन्हा ने कंट्रोल रूम में प्रतिनियुक्त ादाधिकारी/कर्मचारियों के साथ बैठक की। इस दौरान आईटी कोषांग के वरीय पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव भी मौजूद थे।

# सरयू राय पर गोपनीय फाइल चोरी करने का आरोप सही

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विधायक सरयू राय पर गोपनीय फाइल चोरी करने के आरोप को हटिया डीएसपी पीके मिश्रा ने जांच में सही पाया है। स्वास्थ्य विभाग ने साल 2022 में डोरंडा थाना में एक प्राथमिकी (कांड संख्या 105/2022) दर्ज करायी थी। जिसमें कोरोना प्रोत्साहन राशि भुगतान से संबंधित विभाग की गोपनीय फाइल को चोरी कर सार्वजनिक करने के मामले में विधायक सरयू राय व अन्य को आरोपी बनाया गया था। डीएसपी पीके मिश्रा ने इस केस की जांच के दौरान सरयू राय पर लगे आरोप को सही पाया और इसकी रिपोर्ट सिटी एसपी को भेज दी।

**स्वास्थ्य मंत्री ने भी प्राथमिकी दर्ज करने का दिया था निर्देश :** मई 2022 में जब यह मामला सामने आने पर मंत्री बन्ना गुप्ता ने भी इस मामले को लेकर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया था। जिसके बाद डोरंडा थाना में मामला दर्ज कराया गया था।



## वरीय पुलिस अधिकारी ही सही बता सकते हैं

इस मामले में विधायक सरयू राय ने कुछ भी कहने से इंकार कर दिया, उन्होंने कहा कि अभी चुनाव का समय है, पुलिस के वरीय अधिकारियों से ही पूछिए ।

# लोकसभा चुनाव / आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला

# भाजपा, इरफान अंसारी व सेल को आयोग ने दी चेतावनी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्य निर्वाचन आयोग ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामले में प्रदेश भाजपा, कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी और स्टील ऑथोरिटी ऑफ इंडिया, बोकारो को कड़ी चेतावनी दी है। साथ ही नियमों का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया है।

**इरफान पर सोशल मीडिया में धार्मिक भावना वाली पोस्ट करने का आरोप :** कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी के सोशल मीडिया हैंडल एक्स पर 17 मई को किये गए पोस्ट को जांचोपरांत आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन मानते हुए भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने का निर्देश दिया गया है। कहा गया है कि कोई भी दल या प्रत्याशी ऐसी किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं हों, जिससे आपस में घृणा फैले या विभिन्न जातियों और संप्रदायों के बीच तनाव का माहौल बने। साथ ही अपुष्ट आरोपों, आलोचना से बचने को कहा गया है। साथ ही वोट के लिए ऐसी अपील से भी बचने को कहा गया है, जिससे जाति या सांप्रदायिक भावना उभरती हो। यह भी स्पष्ट किया गया है कि मंदिर, मस्जिद, चर्च और अन्य धार्मिक स्थलों का चुनावी प्रोपेगंडा के लिए उपयोग आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा।



## भाजपा पर चुनाव चिन्ह वाला पर्ची बांटने का आरोप

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने भाजपा के प्रदेश संयोजक, विधि प्रकोष्ठ सुधीर श्रीवास्तव को पत्र के माध्यम से सूचित किया है कि भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देश के तहत वोटरों को अनाधिकृत पहचान पत्र सादे कागज पर देना है। उस पर किसी दल विशेष का चिह्न, प्रत्याशी का नाम और दल का नाम नहीं होना चाहिए। भाजपा पर झारखंड में चौथे और पांचवे चरण के चुनाव के दौरान मतदान केंद्रों पर मानक मतदाता पर्ची की जगह अबकी बार 400 पार नारा के साथ फोटो, चुनाव चिह्न आदि के साथ मतदाता पर्ची वितरण करने का आरोप है।

**सेल पर कर्मियों को मतदान के लिए सवैनिक छुट्टी नहीं देने का आरोप :** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों के बावजूद अपने बोकारो स्टील प्लांट में कार्यरत कर्मियों को छठे फेज के चुनाव में मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश देने से मना कर दिया था। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने इस पर संज्ञान लेते हुए बोकारो स्टील प्लांट के महाप्रबंधक को लोक प्रतिनिधित्व की धारा 135 बी के तहत कर्मियों को मतदान के लिए सवैतनिक अवकाश देने का निर्देश दिया। इसके बाद बोकारो स्टील प्लांट प्रबंधन ने अपने आदेश को पुनरीक्षित करते हुए मतदान दिवस 25 मई को अपने कर्मियों को सवैतनिक अवकाश देने की घोषणा की। उल्लेखनीय है कि लोकसभा आम चुनाव-2024 के लिए झारखंड में स्थित लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में निर्धारित मतदान की तिथि को निगोशिएबुल इन्स्ट्रूमेंट्स एक्ट 1881 की धारा के तहत सार्वजनिक अवकाश घोषित किया गया है।

## पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह की पुण्यतिथि पर कांग्रेसियों ने दी श्रद्धांजलि

**रांची।** झारखंड के पूर्व मंत्री स्वर्गीय राजेंद्र प्रसाद सिंह की पुण्यतिथि पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बेरमो में उनकी आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर ठाकुर ने कहा कि जीवन पर्यन्त मजदूरों और आमजनों के लिए संघर्षरत रहे राजेंद्र प्रसाद सिंह को झारखंड के ही नहीं, देशभर के मजदूर अपना हमदर्द समझते थे। अपने राजनीतिक जीवनकाल में लगभग पांच दशक तक मजदूरों के हक के लिए संघर्षरत राजेंद्र प्रसाद सिंह ने श्रमिक नेता के रूप में झारखंड ही नहीं, पूरे देश में अपनी एक विशिष्ट पहचान बनायी। वे कहते थे कि एक मजदूर की आत्मा उनमें है, इसके बिना वे अधूरे हैं। राज्य विभाजन के बाद वे लगातार सभी को साथ लेकर पार्टी संगठन को मजबूत बनाने के लिए प्रयासरत रहते थे।

# न्यूज | बॉक्स

## मतदान के बाद बूथ से बाइक पर मुफ्त में घर जा सकेंगे मतदाता

**रांची ।** रांची लोकसभा क्षेत्र में 25 मई को मतदान है। शहरी क्षेत्र के कुछ बूथों पर मतदान के बाद घर वापस जाने के लिए वोटर्स को मुफ्त बाइक की सुविधा मिलेगी। रैपिडो की ओर से ये सुविधा प्रदान की जायेगी। इसे लेकर मोरहाबादी में रैपिडो की ओर से एक रैली का आयोजन किया गया। रैली के फ्लैग ऑफ के दौरान स्वीप नोडल पदाधिकारी-सह-उप विकास आयुक्त दिनेश कुमार यादव, एआरओ रांची विधानसभा क्षेत्र श्री उत्कर्ष कुमार, रैपिडो के रीजनल मैनेजर तेजपाल शंभू, स्टेट हेड जय कुमार गौड़ एवं अन्य उपस्थित थे। रैपिडो के स्टेट हेड ने बताया कि मतदान के दिन एक फ्री राइड 30 शहरी बूथों पर दिए जाएंगे। रैपिडो के ड्राइवर बूथ पर रहेंगे जो मतदान करने के बाद मतदाताओं को उनके घर तक फ्री ट्रांसपोर्ट देंगे।

## भाजपा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ इंडी गठबंधन के नेता पहुंचे चुनाव आयोग



**रांची ।** कांग्रेस-झामुमो के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड से मिलकर गोड्डा सांसद निशिकांत दुबे के खिलाफ शिकायत दर्ज कराया। प्रतिनिधिमंडल ने अपने शिकायत में कहा कि 23 मई 2024 को 03-गोड्डा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी निशिकांत दुबे द्वारा गोड्डा संसदीय क्षेत्र अन्तर्गत जरमुण्डी विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक सह कृषि मंत्री झारखण्ड सरकार बादल पत्रलेख एवं मधुपुर विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित विधायक सह मंत्री हफीजुल हसन को ईडी का समन दिये जाने संबंधी बयान दिया गया है। कुछ न्यूज चैनलों में भी बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन को ईडी का समन जारी किए जाने की खबरें प्रसारित की गयी। परन्तु इस मामले पर ईडी के अधिकारियों द्वारा न हीं अधिकारिक रूप से पुष्टि की गई और न हीं इसका खण्डन । जबकि ईडी का कोई समन बादल पत्रलेख एवं हफीजुल हसन को नहीं दिया गया है।


## पूर्व मंत्री रमेश मुंडा हत्याकांड में राजा पीटर को अभियोजन गवाह के क्रॉस एग्जामिन की मिली इजाजत

**रांची ।** एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में शुक्रवार को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा हत्याकांड मामले में सुनवाई हुई। अदालत ने मामले में अभियोजन गवाह के क्रॉस एग्जामिन के लिए आरोपित गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर को अनुमति दे दी। राजा पीटर ने कोर्ट में आवेदन देकर दो अभियोजन गवाहों (गवाह संख्या 11 एवं 15) के क्रॉस एग्जामिन करने का आग्रह किया था। मामले में शुक्रवार को केस के अनुसंधानकर्ता का क्रॉस एग्जामिन नहीं हो पाया। उल्लेखनीय है कि मामले में एनआईए ने 89 गवाहों का बयान दर्ज कराया है। नौ जुलाई, 2008 को पूर्व मंत्री रमेश सिंह मुंडा की हत्या बुंडू के स्कूल में एक कार्यक्रम के दौरान नक्सलियों ने गोली मारकर कर दी थी। मामले में पूर्व मंत्री गोपाल कृष्ण पातर उर्फ राजा पीटर, नक्सली कुंदन पाहन सहित कई आरोपित ट्रायल फेस कर रहे है। मामले में राजा पीटर अभी जमानत पर है। उसे हाई कोर्ट से जमानत मिली है। नक्सली कुंदन पाहन सहित अन्य आरोपित भी जेल में बंद हैं।

## अफसर अली की जमानत पर सुनवाई पांच जून को

**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाले मामले के आरोपित मोहम्मद अफसर अली की जमानत याचिका पर कोर्ट में शुक्रवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद पीएमएलए के विशेष न्यायाधीश राजीव रंजन की अदालत ने मामले में अगली सुनवाई की तिथि पांच जून निर्धारित की है। उनकी ओर से 14 मई को जमानत की गुहार लगाई गई है। उल्लेखनीय है कि बरियातू के बड़गाई की 8.86 एकड़ जमीन घोटाला मामले में ईडी ने 17 अप्रैल को अफसर अली को दूसरे जमीन मामले में कोर्ट की अनुमति से गिरफ्तार किया था। वह बरियातू में सेना की 4.5 एकड़ जमीन घोटाले में भी वे आरोपी है, इस मामले में उनकी जमानत याचिका खारिज हो चुकी है। अफसर अली जमीन की फर्जी दस्तावेज बनाने के मास्टरमाइंड है। सेना की कब्जे वाली 4.55 एकड़ जमीन फजीर्वाड़ा मामले में 14 अप्रैल 2023 को ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था।

## इंडी सरकार बनी तो लोगों का मिजाज होगा टनाटन, पैसा मिलेगा खटाखट: तेजस्वी यादव



**देवघर।** राजद नेता तेजस्वी यादव शुक्रवार को देवघर में इंडी गठबंधन की रैली में शामिल हुए। उन्होंने गोड्डा लोकसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप यादव के लिए वोट मांगे। साथ ही देवघर में चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए एक बार फिर लोगों को नौकरी देने की बात कही। तेजस्वी ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस ने कहा था, तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा। मैं कहता हूं तुम मुझे वोट दो, मैं तुम्हें नौकरी दूंगा। उन्होंने कहा कि यदि उनकी सरकार आई तो लोगों का मिजाज होगा टनाटन-टनाटन, एक लाख रुपये आएगा खटाखट-खटाखट, नौकरी मिलेगी फटाफट-फटाफट और भाजपा हो जाएगी सफाचट। राजद नेता ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के मुंह से गरीबी, महंगाई और बेरोजगारी पर कुछ नहीं निकलता है। मोदी ने 10 साल में झारखंड के लिए क्या किया यह नहीं कहा, सिर्फ हिंदू-मुस्लिम कर के लोगों को ठगना चाहते हैं तेजस्वी ने मोदी के उस बयान पर तंज कसा, जिसमें उन्होंने कहा था कि कांग्रेस महिलाओं का मंगलसूत्र छीन लेगी।

## बिना किसी बहकावे के मतदाता सोच-समझ कर कर रहे मतदान : सुप्रियो भट्टाचार्य

**रांची।** झामुमो के महासचिव और प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि भाजपा इस चुनाव में पहले चरण से ही पिछड़ती नजर आ रही है। इसलिए भाजपा धर्म के नाम पर, संप्रदाय के नाम का इस्तेमाल कर रही है। जब समाज का एक बड़ा वर्ग उन्हें निष्कासित करने लगा, तो धर्म से नीचे उतरकर वह जाति समूह में बदल गई। जब चुनाव में टिकटों का बंटवारा हो रहा था। क्षत्रिय समाज को टिकट से वंचित किया गया तो उनकी नाराजगी सामने आई। कायस्थ समूह को भी अपमानित करने का काम किया गया। ये पहली बार है जब मतदाता बिना किसी बहकावे में आए सोच-समझकर मतदान कर रहे हैं। झामुमो प्रवक्ता शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बोल रहे थे।




# पीएम मोदी का काशी की 2,000 हस्तियों के नाम खत

## कहा- 'आपके प्यार ने मुझे बनारसी बना दिया

*बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से जो कुछ कर पाया हूं, अभी बहुत कुछ करना बाकी है।*

**एजेंसी**

**नई दिल्ली ।** लोकसभा चुनाव में पांच चरण के मतदान हो चुके हैं। शनिवार को छठे चरण में 7 राज्यों की 58 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। इसी बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने काशी के प्रबुद्ध और पद्मश्री से नवाजे गए 2,000 लोगों को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने चिट्ठी लिखकर काशी की इन सभी खास हस्तियों के परिवार के सदस्यों और अपनी संस्था के लोगों को मतदान स्थल तक लाने में सक्रिय रूप से योगदान देने की अपील की है। इस चिट्ठी में पीएम मोदी ने यह भी कहा कि काशीवासियों के प्यार ने मुझे बनारसी बना दिया है। इस चिट्ठी में पीएम मोदी ने लिखा, "आपको अवगत है कि भारतीय लोकतंत्र का सबसे बड़ा पर्व चल रहा है। काशी लोकसभा में पहली जून को मतदान होना है। काशी में आप सबके आत्मीय प्यार ने मुझे बनारसी बना दिया। केवल सांसद ही नहीं, बल्कि, स्वयं को काशी के बेटे के रूप में पाता हूं। आप सबसे यह निवेदन है कि पहली जून को एक-एक वोट भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में हो। आपके एक वोट की ताकत से आज देश का भविष्य निर्माण हो रहा है।



भारत को सामर्थ्यवान बनाने में आपका ही बड़ा योगदान है। उन्होंने खत में आगे लिखा, "हम काशी की बात करें तो मुझसे अधिक आपको पता है। इन 10 वर्षों में काशी के विकास को लेकर हमने जो संकल्प लिए थे, एक-एक कर पूरे हो रहें हैं। बाबा विश्वनाथ के आशीर्वाद से जो कुछ कर पाया हूं, अभी बहुत कुछ करना बाकी है। 2024 का चुनाव बहुत मायने में महत्वपूर्ण है। आपके मत एवं समर्थन से ही विकसित भारत का संकल्प पूर्ण होगा। पीएम मोदी ने खत के आखिर में अपील करते हुए लिखा, "1 जून को स्वयं, परिवार के सदस्यों एवं अपनी संस्था के लोगों को मतदान स्थल तक लाने में सक्रिय रूप से योगदान करें। अपनी संस्कृति, अपनी परंपरा, अपने गौरव को और अधिक ऊंचाईयां देने के लिए साथ चलें।" इससे पहले पीएम मोदी के समर्थन में वाराणसी में मातृशक्ति ने मां गंगा की आरती उतारी थी। नमामि गंगे की महिला सदस्यों ने चुनाव में प्रधानमंत्री मोदी की जीत के लिए वाराणसी के गायघाट पर मां गंगा की पूजा-अर्चना की थी। नमामि गंगे की महिला सदस्यों ने गायघाट पर हाथ में पीएम मोदी की फोटो लेकर आरती की। इसके अलावा वहां मौजूद अन्य लोग 'मैं हूं मोदी का परिवार' और 'तीसरी पारी तीसरी आर्थिक महाशक्ति' के पोस्टर लेकर खड़े दिखे। बता दें कि वाराणसी सीट पर भी सातवें चरण में एक जून को वोट डाले जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी से तीसरी बार चुनाव मैदान में हैं।

# कुछ जजों के फैसलों में बुनियादी योग्यता नहीं

- एक न्यायाधीश ने आरएसएस से अपने जुड़ाव को स्वीकार किया है
- लाखों ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश स्वीकार करने योग्य नहीं



**एजेंसी**

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने शुक्रवार को दक्षिण 24 परगना जिले के मथुरापुर लोकसभा क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार बापी हलधर के समर्थन में एक जनसभा को संबोधित किया। सीएम ममता ने अपने संबोधन में कहा, हम न्यायालयों और न्यायिक प्रणाली का बहुत सम्मान करते हैं। लेकिन मुझे यह कहते हुए दुख हो रहा है कि कुछ न्यायाधीशों के फैसले बुनियादी योग्यता नहीं रखते। एक न्यायाधीश ने आरएसएस से अपने जुड़ाव को स्वीकार किया है। सीएम ममता की यह टिप्पणी कलकत्ता हाईकोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश चित्तरंजन दास के हालिया बयान को लेकर आई है। उन्होंने 20 मई को न्यायिक सेवा से सेवानिवृत्त होने के दिन अपने व्यक्तित्व को आकार देने का श्रेय आरएसएस को दिया था। इससे पहले, कलकत्ता हाईकोर्ट की एक पीठ ने बुधवार को एक आदेश जारी कर पश्चिम बंगाल में 2010 के बाद जारी सभी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाण पत्र रद्द कर दिए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि कई लाख ओबीसी प्रमाण पत्र रद्द करने का आदेश स्वीकार करने योग्य नहीं है।

यह शर्मनाक है। मैं इस फैसले को स्वीकार नहीं करती और मैं हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ जाऊंगी। सीएम ममता ने पीएम मोदी की इस टिप्पणी के लिए उन पर निशाना भी साधा कि 'उनकी ऊर्जा जैविक नहीं है'। सीएम ने कहा कि अगर उन्हें भगवान ने भेजा है, तो उनके लिए मंदिर में रहना बेहतर है। मैं उस मंदिर के निर्माण की व्यवस्था करूंगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया है कि टीएमसी विपक्षी दल इंडिया गठबंधन का हिस्सा बनी रहेगी। पूरी संभावना है कि इंडिया गठबंधन सत्ता में आएगा और हम देश को नेतृत्व देंगे।

### ओबीसी सर्टिफिकेट को लेकर सुप्रीम कोर्ट जाएगी बंगाल सरकार

पश्चिम बंगाल की ममता बनर्जी सरकार हाई कोर्ट के उस फैसले को खिलाफ सुप्रीम कोर्ट मैं चुनौती देने जा रही है, जिसमें 2010 के बाद जारी किए गए सभी ओबीसी सर्टिफिकेट रद्द किए जाने के निर्देश दिए गए थे। इसके पहले मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को स्पष्ट कर दिया था कि वह राज्य में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) प्रमाणपत्र रद्द करने के कलकत्ता उच्च न्यायालय के फैसले से सहमत नहीं हैं और इसे नहीं मानेंगी। सूत्रों के मुताबिक, वकीलों से बातचीत के बाद प्रशासन के शीर्ष स्तर से जल्द से जल्द सुप्रीम कोर्ट जाने का निर्देश दिया गया है। सचिवालय के एक सूत्र ने बताया है कि हाई कोर्ट ने अपने फैसले में स्पष्ट कर दिया है कि जो लोग ओबीसी सर्टिफिकेट के आधार पर नौकरी कर रहे हैं उनकी नौकरी पर तो असर नहीं होगा लेकिन नई नौकरी चाहने वाले मुश्किल में पड़ जाएंगे। नियम अनुसार 2010 के बाद जिनका ओबीसी बना है वे इस सर्टिफिकेट का इस्तेमाल नहीं कर सकेंगे।

# दक्षिण में बीजेपी साफ उत्तर में हाफ : जयराम

**एजेंसी**

**चंडीगढ़।** लोकसभा चुनाव के बीच कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जयराम रमेश ने गुरुवार को चंडीगढ़ में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए दावा किया कि बीजेपी का सफाया तय है। पांच चरणों के मतदान संपन्न होने के बाद बीजेपी की हार की तस्वीर साफ हो चुकी है। वहीं इंडिया गठबंधन का विजयी होना तय है। उन्होंने कहा, चार सौ से ज्यादा सीटों पर मतदान संपन्न हो चुके हैं और कल शेष 58 सीटों पर मतदान होंगे। दो चरणों के मतदान संपन्न होने के बाद ही यह साफ हो चुका था कि दक्षिण भारत में जहां बीजेपी साफ है, वहीं उत्तर, पश्चिम और पूर्व में बीजेपी हाफ है। हमें राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले विभिन्न लोगों से यह जानकारी मिल रही है कि इस चुनाव में इंडिया गठबंधन का प्रदर्शन बेहद शानदार होगा।



*चार सौ से ज्यादा सीटों पर मतदान संपन्न हो चुके हैं और कल शेष 58 सीटों पर मतदान होंगे*

# आयोग ने शुभेंदु के आवास पर छापेमारी की रिपोर्ट मांगी

**एजेंसी**

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता (एलओपी) शुभेंदु अधिकारी के किराए के आवास पर पुलिस ने छापेमारी की थी। भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने इस कार्रवाई पर जिला निर्वाचन अधिकारियों से रिपोर्ट मांगी है। पुलिस ने यह कार्रवाई बीते मंगलवार को देर रात को कोलाघाट में की थी। पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) कार्यालय के सूत्रों ने बताया, जिला निर्वाचन अधिकारियों से रिपोर्ट मिलने के बाद इसे शुक्रवार शाम तक नई दिल्ली स्थित आयोग के मुख्यालय को भेजा जाएगा। एक ओर जहां चुनाव आयोग ने इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।



*पुलिस ने यह कार्रवाई बीते मंगलवार को देर रात को कोलाघाट में की थी।*

# राष्ट्र विरोधी और सनातन विरोधी है विपक्षी गठबंधन

**एजेंसी**

**कुशीनगर।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने शुक्रवार को इंडी गठबंधन को राम विरोधी, राष्ट्र विरोधी व सनातन विरोधी बताया। कहा, कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दिया था कि राम काल्पनिक हैं। फिर कांग्रेस के लोग राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में कैसे जाते। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन दलित एवं पिछड़ा विरोधी भी है। यह आरक्षण पर डाका डालकर मुस्लिम तुष्टीकरण करना चाहते हैं।

वह कुशीनगर जिले के साखोपार स्थित किसान इंटर कॉलेज में आयोजित जनसभा में बोल रहे थे। कहा कि इंडी गठबंधन के घटक दलों की सरकारें भ्रष्टाचार में लिप्त रहती थीं। इस समय सारे भ्रष्टाचारी एक साथ आ गये हैं।



*पिछड़ा विरोधी गठबंधन आरक्षण पर डाका डाल मुस्लिम तुष्टीकरण करना चाहता है*

# कांग्रेस वोट जिहाद कर रही, बुर्के में फर्जी मतदाता : जीवेश

**पटना।** बिहार सरकार के पूर्व मंत्री और भाजपा नेता जीवेश मिश्रा ने कांग्रेस को निशाने पर लिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी वोट जिहाद का काम कर रही है जो देश के लिए ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि मधुबनी के जाले में वोटिंग के दौरान बुर्के में फर्जी महिला मतदाताओं को पकड़ा गया। एक पुरुष दूसरे के बदले वोट दे रहे थे, यह कहीं ना कहीं वोट जिहाद है और इस तरह का काम देश के लिए ठीक नहीं है। पूरे देश में जहां मुस्लिम बाहुल्य इलाके हैं वहां पर बुर्के की आड़ में फर्जी महिला मतदाता वोट दे रही हैं। उन्होंने कहा कि फर्जी वोटिंग कोई साधारण बात नहीं है। हमारे संविधान के अनुसार अगर किसी को एक वोट भी कम आता है तो उसे घर बैठना होगा।

## अनुच्छेद 370 | कांग्रेस ने वर्षों से संभाल कर रखा, हमने एक झटके में हटा दिया

# पीओके हमारा है और हमेशा रहेगा, हम उसे लेकर रहेंगे : शाह

*आप नरेंद्र मोदी की सरकार बनाओ छत्तीसगढ़ से भी नक्सलियों को उखाड़ देंगे*

**एजेंसी**

**पटना।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस और लालू यादव हमलोगों को डराते हैं कि पाकिस्तान के पास परिमाणु बम है। मैं लालू यादव एंड कंपनी को कहने आया हूं कि हम तो भाजपा वाले हैं। हम पाकिस्तान के परमाणु बम से नहीं डरते हैं। यहां मैं कहकर जा रहा हूं कि पीओके हमारा है और हमेशा रहेगा। हम उसे लेकर रहेंगे। अमित शाह शुक्रवार को बिहार के भोजपुर जिले में आरा संसदीय सीट से भाजपा उम्मीदवार राजकुमार सिंह के पक्ष में चुनावी जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस वालों ने अनुच्छेद 370 को संभाल कर रखा। पीएम नरेन्द्र मोदी ने अनुच्छेद 370 को समाप्त कर दिया। मोदी ने इस देश से नक्सलवाद को भी समाप्त कर दिया। झारखंड, बिहार, ओडिशा, मध्यप्रदेश और तेलंगाना पूर्ण रूप से नक्सलवाद से मुक्त है। आप मोदी की सरकार बनाओ छत्तीसगढ़ से भी नक्सलियों को उखाड़ देंगे। शाह ने कहा कि पांच चरणों के हुए मतदान में ही राजग 300 का आंकड़ा पार कर चुका है। पांच चरणों में ही पीएम मोदी 310 से ज्यादा सीटें जीत चुके हैं। परिवारवाद की पोषक पार्टी लालू-राहुल का सूफड़ा साफ हो चुका है।

बिहार में इस बार आईएनडीआई गठबंधन का खाता भी नहीं खुलने वाला है। अमित शाह ने महागठबंधन पर प्रहार करते हुए कहा कि आरा में गलती से भी भाकपा-माले जीत गया तो यह लोग फिर से नक्सलवाद लेकर आएंगे। आप अपने खेत-खलिहान पर कब्जा चाहते हो क्या? यदि माले आया तो पीछे-पीछे नक्सलवाद भी आ जाएगा। लेकिन, इसका कोई सवाल ही नहीं है। हमारे आरके सिंह लाखों वोटों से जीतने वाले हैं।



### कांग्रेस, लालू व ममता पिछड़ों के लिए घातक

अमित शाह ने कहा कि लालू यदि फिर से आएंगे तो गरीबों के लिए चल रही योजना बंद करवा देंगे। कांग्रेस के साथ लालू यादव और ममता बनर्जी पिछड़ा वर्ग के आरक्षण पर डाका डालना चाहते हैं। कर्नाटक में उन्होंने पांच प्रतिशत आरक्षण दिया। हैदराबाद में पांच प्रतिशत आरक्षण दिया। जब तक नरेन्द्र मोदीं है तब तक दलित, आदिवासी और पिछड़ों के आरक्षण को हमलोग हाथ नहीं लगाने देंगे। यह लोग मुस्लिमों को आरक्षण देना चाहते हैं। आप चार सौ पार करवा दो। हम मुस्लिम आरक्षण रद्द करवाकर पिछड़ा-अति पिछड़ा को देने का काम करेंगे।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC
Dr. Vaibhav Kashyap
Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA
" Smiles & More"
छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट
Facilities
❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिवल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज
CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com

